वर्ष-31, अंक- 327, पृष्ठ-12 | आश्विन कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
13 सितंबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में मारे गए दो नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं। जबकि, एक राइफल सहित अन्य हथियार और बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। इसके अलावा, दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे चावल, दवाइयां और प्रचार सामग्री भी बरामद हुई। सुरक्षाबलों का ऑपरेशन जारी था। यह घटना बीजापुर के उन इलाकों में हुई, जहां माओवादी लंबे समय से सक्रिय हैं। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया, ऑपरेशन सफल रहा है। लेकिन, अभी खतरा बरकरार है, इसी कारण सर्च जारी रखी गई है।

### अल्बानिया में दुनिया का पहला एआई-जेनरेटेड मंत्री नियुक्त

**तिराने (एजेंसी)।** अल्बानिया ने देश को 'भ्रष्टाचार मुक्त' बनाने के उद्देश्य से बड़ा प्रयोग किया है। देश ने दुनिया का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जेनरेटेड 'मंत्री' नियुक्त किया है। अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने अपने मंत्रिमंडल में डिजिटल मंत्री को शामिल किए जाने की घोषणा की। इस डिजिटल सहायक का नाम 'डिएला' है, जिसका अर्थ 'सूरज' होता है। यह जनवरी से ही लोगों से ऑनलाइन सरकारी सेवाओं का उपयोग करने का तरीका पूछ रहा है। यूरो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को एडी रामा ने कहा कि डिएला को सार्वजनिक निविदाओं से संबंधित सभी निर्णय लेने की जिम्मेदारी दी गई है।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### आज / कल




---

**जेसोवा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात**

## मुख्यमंत्री दिवाली मेला में किए गए सपरिवार आमंत्रित

- मोरहाबादी मैदान में 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित होगा मेला

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री सोरेन को जेसोवा की ओर से रांची के मोरहाबादी मैदान में 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले दिवाली मेला में सम्मिलित होने के लिए सपरिवार आमंत्रित किया। जेसोवा के प्रतिनिधिमंडल ने पांच दिनों तक चलने वाले इस **शेष पेज 11 पर...**

## झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन बने 15वें उपराष्ट्रपति

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ
- औपचारिक रूप से राज्यसभा के सभापति का पदभार भी ग्रहण किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीपी राधाकृष्णन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद रहे। बाद में सीपी राधाकृष्णन ने औपचारिक रूप से राज्यसभा के सभापति का भी पदभार ग्रहण किया। शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आदेश पर चुनाव आयोग से प्राप्त उपराष्ट्रपति के निर्वाचन का प्रमाण पढ़ा गया। फिर राष्ट्रपति ने सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति के रूप में **शेष पेज 11 पर...**

---

**कोल माइंस से जुड़े मुद्दों व उसके समाधान को लेकर हुई मुख्यमंत्री व कोयला मंत्री के बीच चर्चा**

# केंद्र-राज्य के सहयोग से ही कोल माइंस की समस्याओं का होगा समाधान : हेमंत

- सीएम ने कहा, खनन क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए मिलकर करना होगा प्रयास

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर राज्य सरकार के अधिकारियों तथा कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइयों के अधिकारियों के बीच हुई बैठक में कोयला और खनन क्षेत्र की बेहतरी को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान राज्य में कोल माइंस से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों एवं मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री सोरेन ने कोल माइंस के मुद्दे पर राज्य सरकार का पक्ष रखा। वहीं, केंद्रीय कोयला मंत्री ने कोयला खनन परियोजनाओं को लेकर आ रही समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के आपसी सहयोग से ही कोल माइंस से जुड़ी समस्याओं का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र को क्षेत्र को आगे ले जाने के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत है।

**शेष पेज 11 पर...**

### कोयला खदान कर्मियों का होगा एक करोड़ का अतिरिक्त बीमा : किशन रेड्डी

- संविदा कर्मियों को मिलेगा अतिरिक्त 40 लाख रुपए तक का बीमा लाभ
- अब खदान हादसे में मिलेंगे 25 लाख, 17 सितंबर से प्रभावी होगा निर्णय

**नवीन मेल डेस्क**




**रांची।** कोयला उद्योग में काम करने वाले नियमित और कांट्रैक्ट कर्मियों के बीमा और कल्याण के लिए शुक्रवार को बड़ी घोषणाएं की गईं। केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कोल इंडिया की माइंस में कार्यरत सभी नियमित कर्मियों को एक करोड़ रुपए का अतिरिक्त बीमा लाभ मिलेगा। इसी तरह, संविदा कर्मियों को अतिरिक्त 40 लाख रुपए तक का बीमा लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नियमित कर्मचारियों को मिलने वाली एक्सग्रेशिया राशि 15 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी गई है। रेड्डी ने कहा कि यह निर्णय आगामी 17 सितंबर से प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। इस दिन से देशभर की सभी कोयला खदानों में पहली बार यूनिफॉर्म ड्रेस कोड भी लागू किया जाएगा। कोल इंडिया के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जल्द ही यूनिफॉर्म अनिवार्य होगा। कोयला एवं खनन मंत्री किशन रेड्डी ने कहा, आजादी के बाद **शेष पेज 11 पर...**

### झरिया के लिए हुई नए मास्टर प्लान की घोषणा

कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने धनबाद के झरिया के लिए नए मास्टर प्लान की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से 60 लोगों की टीम नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। इसमें से कोयला मंत्रालय ने 50 लोगों की नियुक्ति कर दी है। सीईओ की नियुक्ति राज्य सरकार को करनी है। पुनर्वासित लोगों के लिए मास्टर प्लान में रोजगार, आवास, अस्पताल और स्कूल जैसी सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है। सीईओ की नियुक्ति के बाद मुख्यमंत्री के साथ बैठक कर इस योजना को गति दी जाएगी।

### स्थानीय लोगों को मिलेंगे रोजगार के अवसर राज्य को होगा लाभ

कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बताया कि कोयला मंत्रालय माइंस वाटर यूटिलाइजेशन पर काम कर रहा है। इस दिशा में ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और गोवा में प्रयास किए जा रहे हैं।

**शेष पेज 11 पर...**

**सिमडेगा पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

## एक करोड़ से अधिक की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, एक गिरफ्तार




- कंटेनर से 1115 पेटी में 40,052 बोतल शराब की हुई बरामदगी
- बिहार चुनाव को प्रभावित करने के लिए भेजी जा रही थी पटना

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस को शुक्रवार को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने पंजाब से पटना ले जाई जा रही भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब को जब्त किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एम अर्शी ने सदर थाना परिसर में प्रेस वार्ता में इसे पुलिस की बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि पंजाब से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा होते हुए सिमडेगा के रास्ते बिहार चुनाव को प्रभावित करने के लिए यह अवैध शराब पटना भेजी जा रही थी। इसे सिमडेगा पुलिस ने पकड़कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए और सख्त अभियान चलाए जाएंगे। सभी थानों की पुलिस को मालवाहक वाहनों के जरिए संदिग्ध माल के परिवहन की जांच करने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार (12 सितंबर) को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पंजाब से राउरकेला, सिमडेगा के रास्ते से एक बंद कंटेनर वाहन में अवैध शराब पटना ले जाई जा रही है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में थाना प्रभारी सिमडेगा, थाना प्रभारी कोलेबिरा एवं अन्य पदाधिकारियों की टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार ट्रैकिंग के बाद रांची-राउरकेला मुख्य मार्ग पर ग्राम बीरू, पुलिस कैंप के समीप उक्त कंटेनर को रोका गया। वाहन रोकते ही सहचालक कूदकर भाग निकला। वहीं, वाहन चालक गिंदर सिंह (पिता नछत्र सिंह, निवासी ग्राम निधनवाला, थाना सदर, जिला मोगा, राज्य पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और कपास का फर्जी चालान बिल प्रस्तुत किया। वाहन की तलाशी लेने पर कंटेनर से कुल 1115 पेटी में 40,052 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। **शेष पेज 11 पर...**

---

## सुशीला कार्की ने ली नेपाल की अंतरिम पीएम के रूप में शपथ



**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश 73 वर्षीया सुशीला कार्की ने शुक्रवार की देर शाम को देश की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता शपथ ली। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन में उन्हें शपथ दिलाई। इससे पहले नेपाल की संसद को भंग कर दिया गया था। शपथग्रहण समारोह शीतल निवास में संपन्न हुआ। शपथ लेते ही सुशीला कार्की देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई। ज्ञात हो कि 8 सितंबर 2025 को शुरू हुए प्रदर्शनों में कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई और इसके बाद ओली सरकार गिर गई थी।

## रांची के खेलगांव में स्कूल बस ने छात्रा को रौंदा, मौत

- बाल-बाल बची छोटे भाई की जान
- भाई संग मंदिर पूजा करने जा रही थी
- आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** राजधानी रांची के खेलगांव में शुक्रवार की सुबह करीब 06:45 बजे स्कूल बस ने एक स्कूटी में टक्कर मारी दी। इस हादसे में स्कूटी चला रही छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, स्कूटी पर बैठा उसका छोटा भाई सड़क पर दूसरी ओर गिर गया, जिससे उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार, स्कूल बस तेज रफ्तार में जा रही थी। बस ने खेलगांव के पास अचानक स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद छात्रा स्कूटी समेत सड़क पर गिर पड़ी और बस उसे कुचलते हुए निकल गई। छात्रा ने हेलमेट पहन रखा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह के समय छात्रा अपने छोटे भाई को स्कूटी पर बैठा कर मंदिर पूजा करने जा रही थी। लेकिन, रास्ते में यह हादसा हो गया, जिसमें उसकी जान चली गई। वहीं, टक्कर होने के बाद पीछे बैठा लड़की का छोटा भाई सड़क की दूसरी तरफ गिर गया। इससे उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार, हादसे में बस का चक्का हेलमेट पहनी **शेष पेज 11 पर...**

---

**इंडिया**

## दक्षिण का किला बचाने के लिए हिंदी और धर्म विद्वेष की राजनीति



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक




भाषा, जाति, अल्पसंख्यक और क्षेत्रीयता की राजनीति भारत के लिए नई नहीं है पर तमिलनाडु के मंत्री रहे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन को डेंगू मलेरिया की तरह घातक बताकर उन्मूलन करने के बयान का जवाब भाजपा ने दक्षिण में पकड़ मजबूत करने के अभियान से दिया। वैसे तमिलनाडु में सत्ता प्राप्त करने के लिए अल्पसंख्यक ब्राह्मणवाद और हिंदी का विरोध आरंभ से ही राजनीतिक मुद्दा रहा है। 50 वर्ष पहले द्रविड़ राजनीति की शुरुआत ईवी रामासामी नायकर पेरियार की अगुवाई में एक नारे के रूप में हुई थी "तमिलनाडु तमिल लोगों के लिए है" ये वही स्लोगन है जो पेरियार ईवी रामासामी नायकर ने 1938 में पूरे देश में हिंदी शिक्षा अनिवार्य करने के विरोध में दिया था। शुरुआत में ये नारा सिर्फ तमिलभाषी क्षेत्रों तक सीमित था, लेकिन बाद में ये विरोध बढ़कर आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, केरल और कर्नाटक में फैल गया। ये वो राज्य हैं जहां द्रविड़ भाषाओं तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ का प्रचलन है। 17 सितंबर 1879 को मद्रास में जन्मे पेरियार ने साल 1919 में कांग्रेस पार्टी से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत करने वाले गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित ने अपनी पत्नी नागमणि और बहन बालाम्बल को भी राजनीति में शामिल किया, जो उस समय ताड़ी की दुकानों में अपनी आवाज बुलंद करने वाली महिलाओं में सबसे आगे थीं। हालांकि ये सिलसिला ज्यादा नहीं चला और पेरियार ने 1925 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उनका मानना था कि पार्टी ब्राह्मणों को ज्यादा सपोर्ट कर रही है और पार्टी का प्राइमरी एजेंडा भी ब्राह्मण ही हैं। पेरियार ने तमिल क्षेत्र में हिंदी को अनिवार्य करना 'उत्तर भारतीय साम्राज्यवाद' स्थापित करने की कोशिश भी बताया। वामपंथी इतिहासकार गुहा की किताब मेकर्स ऑफ इंडिया में पेरियार के कुछ भाषण हैं, "भारत में आने के कुछ ही समय बाद ईसाइयों ने हमारे लोगों को एकजुट किया, उन्हें शिक्षा दी और खुद को हमारा स्वामी बना लिया। दूसरी ओर हमारा धर्म, जिसे भगवान द्वारा बनाया गया और लाखों-करोड़ों साल पुराना कहा जाता है वो मानता है कि उसके अधिकांश लोगों को अपना धर्म ग्रंथ नहीं पढ़ना चाहिए। जबकि तमिलनाडु में ब्राह्मण बहुल क्षेत्र के विधायक एस वी शेखर ने 2016 में बयान दिया था कि "तमिलनाडु में ब्राह्मण के घर पैदा होना श्राप है क्योंकि केवल 4 फीसदी ब्राह्मण हैं जिसकी वजह से उन्हें नजरअंदाज किया जाता है।" पेरियार के हिंदी विरोधी रुख को तमिलनाडु की पार्टियों ने सबसे ज्यादा भुनाया है। हर साल तमिलनाडु भाषा शहीद दिवस मनाता है, जो राज्य में हिंदी विरोधी आंदोलन के दौरान अपनी जान देने वालों की याद में मनाया जाता है। स्वाधीनता संग्राम में सपना तो था राष्ट्रभाषा बनाने का, लेकिन संविधान सभा की बहसों तक पहुंचते-पहुंचते हिंदी राजभाषा तक ही सिमट गई। संविधान लागू होने से पंद्रह साल तक का अवधि विस्तार सुविधा की राजनीति के लिए बढ़ता गया। देश में बाजार की भाषा बन चुकी हिंदी को आधिकारिक स्थान दिलाने का विरोध सबसे अधिक तमिलनाडु से होता रहा है। 1965 में हिंदी को राजभाषा के तौर पर लागू करने की तैयारी हो या फिर 1967 का लोहिया का अंग्रेजी हटाओ आंदोलन, 1986 में आई नई शिक्षा नीति हो या 2020 की शिक्षा नीति, हर बार हिंदी के खिलाफ सबसे तीखी राजनीतिक आवाज तमिलनाडु से ही उठी है। राजभाषा समिति की रिपोर्ट के विरोध में वह चिदंबरम भी हैं, जिन्होंने गृहमंत्री रहते 2021 में राजभाषा हिंदी दिवस पर हिंदी को लोक की भाषा बताते हुए हिंदी में ही संवाद करने पर जोर दिया था। तब उन्होंने अपना पूरा भाषण हिंदी में दिया था। भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग जब लोकसभा में उठी थी, तब उसका जवाब देते वक्त चिदंबरम ने अपने वक्तव्य की शुरुआत में एक पंक्ति भोजपुरी में भी बोली थी।

## नगर निगम का अवैध होर्डिंग्स के विरुद्ध अभियान जारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के द्वारा "अवैध होर्डिंग्स के विरूद्ध कार्रवाई" के लिए विशेष अभियान लागातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को रांची नगर निगम की बाज़ार शाखा की टीम के द्वारा शतरंजी बाजार से तुपुदाना चौक तक एवं मोरहाबादी क्षेत्र में जांच अभियान चलाते हुए, कुल 08 अवैध होर्डिंग्स को काट कर पूर्णतः हटा दिया गया। यह अभियान प्रतिदिन संचालित किया जाएगा तथा निगम क्षेत्रान्तर्गत लगाए गए सभी अवैध विज्ञापन पट्ट/होर्डिंग्स को हटाने की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जादू-टोना के आरोप में ग्रामीणों ने महिला समेत तीन लोगों को पीटा

- वृद्ध की हालत नाजुक, अस्पताल में भर्ती, दोनों महिलाओं का भी चल रहा इलाज

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार गांव में रविवार को अंधविश्वास के नाम पर बड़ी घटना सामने आई। ग्रामीणों ने एक 73 वर्षीय वृद्ध भगवान माली व दो महिलाओं की डायन-बिसाही व जादू-टोना के आरोप में बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट में भगवान माली गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें डेहरी स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देख उन्हें बीएचयू रेफर कर दिया। फिलहाल वहां उनका इलाज जारी है। वहीं दोनों महिलाओं की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गांव में एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद सोन नदी घाट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जा रहा था। शवदाह के बाद जब लोग लौट गए, तो भगवान माली और दोनों महिलाएं चिता स्थल के पास कुछ तंत्र-मंत्र जैसा कर रहे थे। इसकी जानकारी मृतक के परिजनों तक पहुंची। आरोप है कि कुछ युवकों ने मौके पर पहुंचकर तीनों को लाठी-डंडों से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर दंगवार ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं को सुरक्षित निकाल कर पूछताछ के लिए हुसैनाबाद थाना भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पीड़ित या उनके परिजनों की लिखित शिकायत मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून हाथ में लेने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी को शक था तो उन्हें पुलिस को सूचना देनी चाहिए थी, न कि खुद मारपीट करनी चाहिए।

## अवैध खैर का लकड़ी लदे ट्रक जब्त, एक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**ऊंटारी।** पांडू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रबरी गांव से एक ट्रक पर अवैध खैर का लकड़ी लदा एक ट्रक (डब्ल्यूबी 23 डी 3099) जब्त किया है। साथ ही ट्रक के चालक बिहार के सीतामढ़ी जिला अंतर्गत सईहारा थाना क्षेत्र के डायन छपरा गांव निवासी ललन पासवान (32) पिता मुरली पासवान को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब ट्रक के चालक से वाहन पर लदे लकड़ी के कागजात की मांग की तब उसने कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया। इसके बाद उक्त गाड़ी को जब्त कर थाना लाया गया और वादी एएसआई जयप्रकाश तिवारी के आवेदन के आधार पर पांडू थाना कांड संख्या-73/ 2025 दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में पांडू थाना प्रभारी विगेश कुमार राय, एएसआई जयप्रकाश तिवारी समेत पाण्डु थाना के पुलिस जवान शामिल थे।

## मुआवजा भुगतान को लेकर बैठक

**मोहम्मदगंज।** भजनियां-मोहम्मदगंज से हैदरनगर वाया कोल्हुआ,बरडीहा, पंसा, अधौरा और रानीदेवा पथ निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान को लेकर रैयत व वंशजों की बैठक अंचल निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। इसमें उक्त सड़क निर्माण को लेकर अधिग्रहित भूमि के निर्धारित मुआवजा राशि के भुगतान को लेकर जारी नोटिस पर दावा आपत्ति दर्ज कराई गई। जारी नोटिस के आलोक में रैयत व वंशज वैध रैयती प्रमाणपत्र के साथ उपस्थित हुए। कई रैयतों ने मुआवजा राशि कम होने की बात भी कही। वहीं राजस्व उप निरीक्षक वरुण कुमार, मुखिया व पंसस प्रतिनिधि अरुण कुमार गुप्ता व विश्वनाथ चौधरी सहित कई रैयत, वंशज शामिल थे।

## बोहिता में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन

**सतबरवा।** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के निर्देश पर प्रखंड अंतर्गत बोहिता पंचायत सचिवालय सभागार में शुक्रवार को वित्तीय समावेशन योजना के तहत एक दिवसीय संतृप्त शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का संचालन अग्रगति के सीएफएल को-ऑर्डिनेटर सुनील कुमार ने पंजाब नेशनल बैंक, करमा सतबरवा के सहयोग से किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना, निष्क्रिय खातों को पुनः सक्रिय करना और सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना रहा। शिविर में प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत निष्क्रिय खातों का केवाईसी सत्यापन किया गया। साथ ही नए बैंक खाते खोलने, खातों में नॉमिनी जोड़ने और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में नामांकन की सुविधा दी गई। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक अरुण कुमार ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं आम आदमी के जीवन को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को बीमा व पेंशन योजनाओं से जुड़ने की सलाह दी। शिविर में दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए और इस पहल का स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे शिविरों से बैंकिंग सेवाएं पंचायत स्तर तक आसानी से उपलब्ध हो पाती हैं और गरीब परिवार भी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा पाते हैं।

## स्कूली बच्चों ने सीखें मिट्टी परीक्षण के गुर

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड स्थित प्लस 2 उच्च विद्यालय पतरिया में शुक्रवार को विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परियोजना निदेशक आत्मा सह जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर संपन्न कराया गया है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को मृदा नमूना संग्रहण की विधि और मिट्टी परीक्षण के 12 आवश्यक तत्वों की जानकारी दी गई। क्लास रुम और लैब दोनों जगह बच्चों ने मिट्टी परीक्षण की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रुप से देखने व सीखने का कार्य किया। जिसमें 70 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक परवीन जहां, सन्नी कुमार, सहायक प्रखंड समन्वयक अभिषेक मेहता (एग्री क्लीनिक, हुसैनाबाद), किसान मित्र कुणाल सिंह और सुदर्शन मेहता ने बच्चों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने मिट्टी की गुणवत्ता, पोषण तत्वों और टिकाऊ खेती में उसकी अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेंद्र राम, नोडल शिक्षक जयप्रकाश कुमार, शमीम अहमद सहित सभी शिक्षाकर्मी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण ने विद्यार्थियों को खेती, किसानी और पर्यावरण से जोड़ने का नया अनुभव दिया। शिविर का उद्देश्य था कि बच्चों को प्रारंभिक स्तर पर ही विज्ञान और कृषि से जोड़ा जाए, जिससे वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनकर पर्यावरण संरक्षण, खाद्य सुरक्षा और सतत विकास में योगदान दे सकें।

नपं के वार्ड दो व तीन की सड़क जर्जर, मरम्मती की मांग

## दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं को होगी परेशानी

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर-2-3 के आईटीआई के पीछे में विशुनपुर मुख्य मार्ग के बगल से गुजरी सड़क व नाली का निर्माण कार्य नहीं होने से दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं व मोहल्ले वालों की परेशानी बढ़ गई है। उक्त मुख्य सड़क भी पूरी तरह टूटकर जर्जर हो गया है। यहां जगह-जगह सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र पाल ने दुर्गा पूजा के मद्देनजर सड़क की मरम्मत कराने की मांग एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता से की है। वार्ड पार्षद ने कहा कि लंबे समय से उक्त सड़क की मरम्मत कराने के लिए नगर पंचायत कार्यालय को अवगत कराया गया, परंतु छह माह के बाद भी इसे दुरूस्त नहीं किया गया। पर्व त्योहार में आने जाने के लिये परेशानी का सबब बना हुआ है। जिसे लेकर नगरवासियों में काफी आक्रोश है। जबकि उसी मार्ग से होते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अनुमंडलीय अस्पताल व अनुमंडल मुख्यालय जाते है। जहां पर हजारों की संख्या में इलाज कराने व अपने काम के लिये लोग आते हैं। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसे लेकर नगरवासियों ने आक्रोश जताया है। बताया जाता हैं कि काफी दिनों से सड़क खराब है, लेकिन नगर पंचायत इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। यहां नगर में आवागमन के उद्देश्य से सड़क का निर्माण कराया गया था। जो इस समय जर्जर व बदहाल सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही टूटे सड़क पर आए दिन लोग गिरकर दुर्घटना के शिकार हो जा रहे हैं। कई बार समस्या के बाबत शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता है। लोग टूटी सड़क पर आवागमन के लिये मजबूर हैं।

## नपं में लग रहे लाइट की गुणवक्ता खराब : चंदन



**छतरपुर (पलामू)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य पलामू जिला प्रवक्ता चंदन प्रकाश सिन्हा ने नगर पंचायत छतरपुर के द्वारा नगर क्षेत्र में लगाई जा रहे लाइटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लगाई जा रही लाइटों अंसंतोष जाहीर किया। मौके पर चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि नगर विकास मंत्रालय द्वारा छतरपुर में लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से छतरपुर के सुंदरीकरण के लिए लाइट लग जा रही है। एक लाइट लगभग एक लाख रुपए का लगाया जा रहा है जबकि लगाए जा रहे लाइटों का गुणवत्ता बहुत ही खराब है। लगाए जा रहे लाइट मुश्किल से दस हजार से बाहर रुपए में बाजार में आसानी से उपलब्ध है। दुर्भाग्य की बात है कि पूरा नगर पंचायत पदाधिकारी से भरा हुआ है और इसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। निश्चित तौर पर इसमें पदाधिकारी के सांठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता है। पहले भी नगर पंचायत के पदाधिकारियों पर बिना काम किया पैसा निकासी का आरोप लगता रहा है। नगर पंचायत में यह लूट कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे संबंधित शिकायत नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से करके कार्य को बेहतर तरीके से करने एवं संबंधित पदाधिकारी पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

## जपला-छतरपुर मुख्य सड़क से हटाए गए टेंपो

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के द्वारा जपला-छतरपुर मुख्य रोड के सिद्धनाथ पेट्रोल पंप के पास मुख्य सड़क पर खड़े यात्री वाहन टेपों को हटाया गया। साथ ही चालकों को चेतावनी दिया गया कि सड़क छोड़ कर टंपो वाहन खड़ा करें, अगर दुबारा सड़क पर खड़े मिलेंगे और जाम की समस्या उत्पन्न हुई तो इन इन लोगो पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा। इस अभियान में हुसैनाबाद थाना पुलिस, अंचल अधिकारी पंकज कुमार और नगर पंचायत प्रशासन शामिल थे। उसके बाद जेपी चौक हैदरनगर नगर मोड़ के पास ओवरब्रिज के नीचे लगाया गया दो पहिया वाहनों को हटवाया गया और कहा गया कि सड़क पर दोपहिया वाहन न लगाए, इन लोगों को भी वार्निंग देकर छोड़ा गया।

## छात्राओं को दी गयी गुड टच-बैड टच की जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**छत्तरपुर।** महिला थाना छतरपुर की निर्भया शक्ति टीम ने कवलबास बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिला आरक्षियों ने छात्राओं को गुड टच-बैड टच, छेड़खानी, महिलाओं एवं बच्चियों के साथ होने वाले अपराधों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ऐसे मामलों से बचाव और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया से भी छात्राओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को मोबाइल का सही उपयोग करने और पढ़ाई पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पलामू पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा जागरूकता और कानूनी अधिकारों की जानकारी को बढ़ाना है, ताकि वे किसी भी आपराधिक परिस्थिति का डटकर सामना कर सकें।

## संकुल स्तरीय वार्षिक आम सभा आयोजित

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में दारूडीह आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक आमसभा आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रियंका देवी के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम की प्रारंभ संकुल संगठन की दीदीयों के द्वारा स्वागत गान के साथ किया गया। साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा को बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं इस वार्षिक आमसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही आगामी वर्ष में किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्य और निर्धारित लक्ष्य को साझा किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक ब्रांच मैनेजर, थाना प्रभारी, मुखिया अरविंद शुक्ला, जेएसएलपीएस बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी, संतोष शुक्ला सहित दर्जनों की संख्या में सखीमंडलों की दीदी उपस्थित थे।

### पांकी के सगालीम पंचायत में आवास योजना में फर्जीवाड़ा

## पति-पत्नी दोनों को मिला आवास योजना का लाभ, ग्रामीणों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** प्रखंड के सगालीम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा का मामला प्रकाश में आया है, इस संबंध में पंचायत के जागरूक ग्रामीणों ने शुक्रवार की दोपहर बैठक कर उक्त जानकारी पत्रकारों को साझा करते हुए बताया कि पंचायत कर्मियों की मिलीभगत से सगलीम पंचायत में पति-पत्नी दोनों को आवास योजना का लाभ दिया गया है। यही नहीं उक्त पंचायत में किसी अन्य व्यक्ति के आवास योजना का लाभ किसी अन्य व्यक्ति को भी दिया गया है, ग्रामीणों ने लिखित आवेदन के माध्यम से बताया कि पंचायत के किरण देवी पति सुरेंद्र सिंह, अनुराधा देवी पति अशोक मांझी, रीना देवी पति संजय कुमार, संगीता देवी पति सनोज राम इन सभी लोगों को आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। वहीं रीना देवी का आवास अन्य महिला को दे दिया गया है। साथ ही अश्विन कुमार का भी आवास किसी अन्य व्यक्ति को दे दिया गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पंचायत में कई ऐसे लोगों को आवास योजना का लाभ दिया गया है जो बेहद सुखी संपन्न है बावजूद गरीब लाचार जरूरतमंदों को आवास योजना का लाभ नहीं मिला जो गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत पलामू उपायुक्त एवं झारखंड सरकार को लिखित आवेदन सौंपने का निर्णय लिया है। सगलीम पंचायत के परसिया पीरी मोड़ गांव निवासी रीता देवी जो फिलहाल जर्जर आवास एवं प्लास्टिक के सहारे गुजर बसर कर रही हैं। उन्होंने पंचायत के मुखिया पर 10 हजार वसूली का आरोप लगाते हुए बताया कि वे अत्यंत निर्धन हैं किसी तरह जर्जर आवास में रह रहे हैं बावजूद उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। वहीं मौके पर मौजूद ग्रामीण राजमणि सिंह, अजीत प्रजापति राजेंद्र सिंह आवास योजना में बड़ी गड़बड़ी हुई है यदि इसकी गहनता से जांच की जाए तो कई बड़े खुलासे होंगे। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि आवास योजना समेत मनरेगा एवं 14वें वित्त की राशि में भी हेरा फेरी हुई है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले को लेकर वे प्रखंड विकास पदाधिकारी पलामू उपयुक्त एवं झारखंड सरकार को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग करेंगे। इस संबंध में पंचायत के मुखिया सुनील प्रजापति ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें नहीं है यदि इस तरह की गड़बड़ी की गई है तो राशि रिकवरी की जाएगी, उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही गड़बड़ी पाए जाने पर एक लाभुक से राशि रिकवरी की गई है। इस संदर्भ में जब प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## ग्राम जल स्वच्छता समितियों के व्यय का होगा अंकेक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** ग्राम जल स्वच्छता समितियों के व्यय का अंकेक्षण किया जाएगा। पलामू उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की ऑनलाइन समीक्षा बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। इस बैठक से शामिल हैदरनगर व मोहम्मदगंज के ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर हरसु कुमार दयानिधि और प्रेमतोष पांडेय भी ने जुड़े थे। उन्होंने बताया कि बैठक में व्यक्तिगत शौचालय प्रगति, ओडीएफ प्लस मॉडल गांव, मॉडल वेरिफिकेशन, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन और गोबर्धन योजना के संचालन और प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत संवेदक के द्वारा पूर्ण पेय जल स्कीम को ग्राम जल स्वच्छता समिति को सौंपने एवं जलकर लेने की हिदायत दी गई। ताकि जल योजना के संचालन के कार्य में होने वाले व्यय के लिए ग्राम जल व स्वच्छता समिति आत्मनिर्भर हो सके। इसके साथ ही अन्य कई दिशा-निर्देश निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान कार्यपालक अभियंता सह सदस्य सचिव ने ग्राम जल स्वच्छता समिति के वर्ष 2014-15 से लेकर 2024-25 तक के विभिन्न मदों में जेनरल बजटरी सपोर्ट फंड व रिसोर्स फंड के व्यय के अंकेक्षण कराने के आदेश से संबंधित सभी मुखिया सह अध्यक्ष, ग्राम जल स्वच्छता समिति एवं जल सहिया को पत्र निर्गत करने की जानकारी दी। इसे लेकर उन्होंने 6 को हैदरनगर 4 अक्टूबर को मोहम्मदगंज प्रखंड सभागार में चार्टेड एकाउंटेंट की उपस्थिति में अंकेक्षण किए जाने को लेकर इससे संबंधित जलसहिया व मुखिया को संबंधित प्रपत्र के साथ भाग लेने को लेकर जिला के अधिकारिक आदेश पत्र के संबंध में सूचित किए जाने की हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में स्टेट आइसी कॉडिनेटर जितेंद्र सिंह ने समीक्षा के पूर्व स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की रूप रेखा पर विस्तृत चर्चा की। बैठक से प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा और रणवीर कुमार भी जुड़े थे।

## 15 को लगेगा पीवीटीजी का उदय कैंप

**हैदरनगर।** पलामू जिले की उपायुक्त समीरा एस की पहल से शुरू पायलट प्रॉजेक्ट के तहत उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना उदय का सार्थक परिणाम आने के बाद इसे जिले के अन्य पीवीटीजी बहुल क्षेत्रों में इसका लाभ पहुंचाने पर तेजी से काम शुरू किया जा रहा है। इसे लेकर विभिन्न स्तरों पर तैयारी भी प्रारंभ कर दी गयी है। जिसके तहत सितंबर के पहले सप्ताह में पीवीटीजी बहुल एरिया में बेसलाइन सर्वे किया गया है। पीवीटीजी का डेटा वेरिफिकेशन का कार्य भी किया गया है। वास्तविक लाभुक को लाभ देने की सूची भी तैयार की गयी है। वहीं सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में इस योजना से संबंधित सभी घरों तक फार्म का वितरण किया जाना है। इस फॉर्म को लेने के बाद सभी तरह के कार्यों को ग्रामसभा, डेटा एंट्री आदि कार्य किया जायेगा।

## लौह अयस्क युक्त पानी पी रहे हैं रामनगर के ग्रामीण

- आवंटन के अभाव में 2 माह से चापानल मरम्मती कार्य बंद

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** रामनगर में सरकारी सार्वजनिक चापानल से लौह कई माह से लौह अयस्क युक्त पानी निकल रहा है। जिससे काफी देर तक चलाने के बाद ही पीने अथवा नहाने लायक पानी मिल पाता है। दरअसल, काफी समय पहले इस चापानल की मरम्मती दौरान लोहे का एक पाइप खुलकर अंदर गिर गया था। जिसमें जंग लगकर लौह अयस्क युक्त पानी निकलता आ रहा है। अगर किसी को जोर की प्यास लगी हो, तो इस चापानल से उसे जल्दी पानी नहीं मिल पाने की स्थिति उसकी मनः स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। बताया जाता है कि गांव के कई घरों के साथ ही राहगीरों और अप और डाउन रूट की रेलवे मालगाड़ी के गार्ड और चालकों के पानी की जरूरत इसी चापानल से पूरी होती है। अक्सर मालगाड़ियों के खड़ी होते ही गांव के रेलवे लाइन के नजदीक स्थित होने की वजह से इसी चापानल पर पानी लेने गार्ड और चालक पहुंचते हैं। जिन्हें भी काफी मशक्कत करने के बाद ही साफ पानी मिल पाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या से संबंधित विभाग को अवगत कराने बाद भी इस चापानल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होना टेढ़ी खीर बन गई है।

## शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी आज

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** आदर्श राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा में शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि गोष्ठी सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। इसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक संजय कुमार सिंह यादव और विशिष्ट अतिथि मुखिया अब्बू नसर सिद्दीकी की गरिमामय उपस्थिति होगी। उन्होंने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं व उनके माता-पिता अथवा अभिभावक को इसमें सम्मिलित होने की अपील की है।

## अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी में छात्रों की उपस्थिति पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में विभागीय निर्देश के आलोक में विशेष अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि इंजिनियर संजय कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों को सशक्त बनाने की मुहिम की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार चाहती है कि गरीब परिवार के बच्चों को भी उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। छात्र हित में कई योजनाएं संचालित की जा रही है। वहीं समय समय पर शिक्षकों को भी शिक्षण पद्धति में हो रहे बदलाव के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। परंतु शिक्षा सहित सभी लाभ नियमित स्कूल आने वाले छात्र ही पा सकते हैं।उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील किया। इससे पहले अतिथियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने किया।

**समस्या** आजादी के बाद भी राजखाड़ अंबेडकर में न सड़क न बिजली

## ग्रामीणों ने कहा- शादी-ब्याह में भी होती है भारी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता



**ऊंटारी।** प्रखंड के राजखाड़ अंबेडकर नगर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में आज ग्रामीणों, माता-बहनों और बुद्धिजीवियों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि इस घनी आबादी वाले गांव में न तो सड़क है और न ही नदी पर पुल। आवागमन पूरी तरह बाधित है और वर्षों से यहां के लोग इस मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अब तक जितने भी जनप्रतिनिधि आए, उन्होंने केवल झूठे आश्वासन दिए। परिणामस्वरूप न तो सड़क का निर्माण हुआ और न ही पुल का। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सुधीर चंद्रवंशी जी ने सांसद बीडी राम से फोन पर तत्काल बातचीत की, जिस पर सांसद ने शीघ्र ही पुल निर्माण का आश्वासन दिया। उन्होंने विधायक से भी आग्रह किया कि पुल का डीपीआर तैयार कर प्राथमिकता से स्वीकृत कराया जाए, ताकि राजखाड़ अंबेडकर नगर के लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। ग्रामीणों ने बताया कि पुल न होने के कारण यहां शादी-ब्याह जैसी सामाजिक गतिविधियों में भी भारी परेशानी आती है।

कई लोग इस कारण अपने बच्चों की शादी यहां करने से कतराते हैं। यह गांव मुख्यतः दलित परिवारों से आबाद है और वर्षों से उपेक्षा का शिकार रहा है। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से समाजसेवी विवेक शुक्ला, राजा अली, अधिवक्ता रविकांत रवि, ज्ञानचंद राम, अवधेश राम, सुनील राम, भागीरथी राम, राजकुमार राम, पुडेनी राम, संतोष कुमार रवि, अकलू राम, दीपक कुमार रवि, प्रिंस कुमार, सत्यम कुमार, कामेश्वर राम, राम केवल राम, ममता देवी, अंजू देवी, रीता देवी, अनीता देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।इस मौके पर ग्रामीणों ने एक स्वर में मांग की कि सरकार शीघ्र कार्रवाई करे और पुल निर्माण कार्य को शुरू करे, ताकि दशकों से उपेक्षित यह क्षेत्र भी विकास की रोशनी देख सके।

## स्व. युगेश्वर सिंह की मनाई गई तीसरी पुण्यतिथि

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को हुसैनाबाद प्रखंड के बेनी खुर्द गांव निवासी व पूर्व सरपंच स्वर्गीय युगेश्वर प्रसाद सिंह द्वार पर उनकी तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। परिजनों व गांव के लोगों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मालूम हो कि स्व. सिंह बेनी खुर्द ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच थे और जनसेवा में उनकी गहरी आस्था थी। इस अवसर पर उनके सुपुत्र पंचम सिंह सहित पूरे परिवार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भावुक माहौल में उन्हें याद किया। इस अवसर पर पंचम सिंह, मनोज सिंह, बबलू सिंह, राकेश सिंह, अखिलेश सिंह, अंकित सिंह सहित आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं ग्रामीणों ने उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## 12 घंटे में पलामू प्रशासन का चौतरफा प्रहार

# अवैध खनन, सड़क हादसे, नशे का नेटवर्क व महिला आजीविका पर एक साथ एक्शन

● दीदियों को मिला आत्मनिर्भरता का नया रास्ता



**मेदिनीनगर।** जिला प्रशासन ने शुक्रवार को प्रशासनिक कार्यवाही की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में एक ही दिन में चार महत्वपूर्ण विषय खनन, सड़क सुरक्षा, नशा नियंत्रण और महिला आजीविका पर गहन समीक्षा बैठकें की गईं। हर बैठक में विभागीय कार्यप्रणाली की पड़ताल के साथ ठोस निर्देश जारी हुए।

**खनन माफिया पर कार्रवाई: 64 वाहन जब्त, 9 एफआईआर, 36 लाख से अधिक जुर्माना :** जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में बताया गया कि अगस्त माह में 64 अवैध खनन/परिवहन कर रहे वाहन जब्त, 9 प्राथमिकी दर्ज और 36.36 लाख का जुर्माना वसूला गया। परिवहन विभाग ने भी 21 वाहनों पर 6.40 लाख का जुर्माना लगाया। डीएमओ ने बताया कि 13 स्थानों पर चेकनाका, और 17 ट्रेंच कटिंग बनाए गए हैं, जहां 25 चौकीदारों की तैनाती की गई है। डीसी ने इन स्थलों का औचक निरीक्षण, और सीओ को हर बैठक से 5 दिन पहले रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

**सड़क हादसे चिंताजनक: अगस्त में 12 मौतें, 14 दुर्घटनाएं, 14.63 लाख जुर्माना वसूला :** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अगस्त में हुई 14 दुर्घटनाओं में 12 लोगों की मौत और 8 घायल होने की जानकारी सामने आई। डीटीओ ने बताया कि 596 वाहनों की जांच में 14.63 लाख का जुर्माना वसूला गया। डीसी ने ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधार, प्रेशर हॉर्न की जांच, और आईआरएडी पोर्टल पर निजी अस्पतालों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने स्पीड ब्रेकर विजिबल बनाने और ट्रैफिक पुलिस को नियमित जांच का निर्देश दिया।

**नशे के खिलाफ कमर कस ली: अफीम पर संयुक्त अभियान, डि-एडिक्शन सेंटर होंगे क्रियाशील :** नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने खाद्य पदार्थों में मादक तत्वों की जांच, अवैध दवाओं की बिक्री पर रोक, और डि-एडिक्शन सेंटर को पूर्ण रूप से क्रियाशील करने के निर्देश दिए। एसपी ने हुसैनाबाद के सोन किनारे हो रही अफीम की खेती पर चिंता जताते हुए बिहार (रोहतास) के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान चलाने का प्रस्ताव दिया। मनातू और नौडीहाबाजार क्षेत्र के किसानों को मुख्यधारा की खेती से जोड़ने के लिए जिला कृषि पदाधिकारी से कार्ययोजना मांगी गई है।

### आजीविका एक्सप्रेस: दीदियों को सौंपे गए वाहन, ₹6 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण

उपायुक्त समीरा एस ने जेएसएलपीएस की सखी मंडल दीदियों को आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत वाहन की चाबी सौंपी और हरी झंडी दिखाई। धावडीह संकुल संगठन को मालवाहक वाहन और सतबरवा की सूरज सखी मंडल की बिमली देवी को ऑटो रिक्शा सौंपा गया। प्रत्येक वाहन पर ₹6 लाख का ब्याजमुक्त ऋण दिया गया है। डीसी ने महिलाओं को नियमित संचालन, रिकॉर्ड रखने और आत्मनिर्भर बनने की सीख दी।

## राज्यपाल 6 अक्टूबर को आयेंगे मेदिनीनगर

# एनपीयू की तीसरे दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल



● विवि में लाइब्रेरी विल्डिंग का करेंगे उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पितांबर विवि में तीसरा दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर विवि के कौटिल्य सभागार में प्रेसवर्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवर्ता को संबोधित करते हुए विवि के वीसी डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तारीख में बदलाव किया गया है। पहले दीक्षांत समारोह 3 अक्टूबर को होना था लेकिन राज्यपाल की व्यवस्था के कारण इसमें बदलाव किया गया है। वहीं दीक्षांत समारोह का आयोजन अब एथलिट स्टेडियम में किया जायेगा। वीसी ने बताया कि राजभवन की तरफ से 6 अक्टूबर का समय दिया गया है। राजभवन ने इसपर अपनी पूरी सहमति दे दी है। दो से तीन दिन में विवि की ओर से मिनट्स टू मिनट्स कार्यक्रम की रूप रेखा भेज दी जायेगी। राजभवन से जवाब आने के बाद कार्यक्रम की रूप रेखा तय की जायेगी। विवि दीक्षांत सामरोह की तैयारी में जूट गयी है। राज्यपाल को वीसी विल्ला में ठहराया जायेगा। वीसी विल्ला को पूरी तरह से तैयार किया जा रहा है। वीसी विल्ला में तीन रूम राज्यपाल के लिए आरक्षीत रहेंगे। सबसे पहले राज्यपाल संतोष गंगवार विवि में लाइब्रेरी विल्डिंग का उद्घाटन करेंगे। उसके बाद दीक्षांत समारोह के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे।

वीसी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक 1.34 हजार छात्रों ने दीक्षांत समारोह के लिए आवेदन दिया है। जिसमें 60 प्रतिशत छात्राओं ने और 40 प्रतिशत छात्रों ने का आवेदन है। दीक्षांत समारोह में 5 छात्रों को चांसलर गोल्ड मेडल और 72 छात्रों को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल दिया जायेगा।

एथलिट स्टेडियम में तीन प्रवेश गेट हैं। एक गेट से राज्यपाल का प्रवेश होगा, दूसरी गेट से छात्रों का प्रवेश होगा, तीसरी गेट से वीआइपी और पत्रकारों का प्रवेश होगा।

मौके पर वीसी डॉ. दिनेश सिंह ने सभी मीडिया बंधुओं से सहयोग की अपील की है।

# पशुधन लदे दो पिकअप जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**नवाबाजार।** पुलिस ने पड़वामोड़ से पशु लेदे दो पिकअप वाहन को जब्त किया है। पिकअप वाहन में क्रूरता से पशुओं को लदा गया था। पुलिस ने बताया कि वरीय अधिकारी को गुप्त सूचना मिली था कि छतरपुर की तरफ दो पिकप गाड़ी में अवैध रूप से मवेशी को तस्करी हेतु ले जाया जा रहा है। गस्ती पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस चेक पोस्ट नावाबाजार के पास चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के दौरान पड़वामोड़ तरफ से दो पिकप आ रही थी, जिसको पुलिस बल के द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त दोनों पिकप के चालक पुलिस बल के उपर गाड़ी चढ़ाने के नियत से तेजी वाहन को चलाते हुए चेक पोस्ट से आगे निकल गये। तत्पश्चात पुलिस बल के द्वारा गस्ती वाहन से पीछा कर उक्त दोनो पिकप वाहन को पकड़ा गया। पुलिस ने पिकअप से दोनों युवकों को गिरफ़्तार कर लिया। पकड़ गए दोनों युवक जुनाव अंसारी ग्राम लिधकी पूर्व थाना चैनपुर और दूसरा रंजीत कुमार ग्राम वंशी विगहा थाना कुटुम्बा जिला औरंगाबाद के रहने वाले हैं।

## जनता दरबार में गूंजा न्याय का स्वर

# डीआईजी नौशाद आलम की पहल से पीड़ितों को मिला त्वरित राहत

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के डीआईजी नौशाद आलम की पहल पर आज उनके आवासीय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। दूरदराज से आए महिला और पुरुष अपनी समस्याएं लेकर जनता दरबार पहुंचे, जहां डीआईजी ने पूरे गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ उनकी बातें सुनीं। मौके पर ही कई मामलों का निपटारा किया गया और शेष मामलों में संबंधित थाने के पदाधिकारियों को शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में विशेष रूप से दहेज उत्पीड़न और भरण-पोषण से जुड़े मामलों पर गहन रूप से सुनवाई हुई। डीआईजी ने बताया कि कई स्थानों पर 498ए जैसे मामलों में थाना स्तर पर उचित कार्रवाई में ढिलाई बरती जा रही थी, जिससे पीड़ितों का विश्वास पुलिस से डगमगाने लगा था। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके निर्देश के बाद कई थाना क्षेत्रों में सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं और इससे पुलिस की छवि भी जनता के बीच मजबूत हुई है।

आज की सुनवाई में भरण-पोषण से जुड़े एक मामले पर विशेष संज्ञान लेते हुए, डीआईजी ने आदेशित किया कि महिला शबनम जहां और उनके पुत्र के हित में अदालत द्वारा पारित आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाए। विपक्षी सुलेमान कुरैशी द्वारा भुगतान न करने पर त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश विश्रामपुर थाना पुलिस को दिया गया।

इसी प्रकार एक मामले में डिस्ट्रेस वारंट के निष्पादन संबंधी आवेदन पर भी त्वरित निर्णय लेते हुए, पीड़िता की आर्थिक कठिनाई को देखते हुए डीआईजी ने स्वयं निगरानी में मामले को आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया।

जनता दरबार का एक और आकर्षण वहां मौजूद छोटे बच्चे रहे, जो अपने परिजनों के साथ समस्याएं लेकर आए थे। डीआईजी नौशाद आलम ने बच्चों को म ट्रॉफी भेंट की, जिससे उनका उत्साह और मनोबल बढ़ा। यह क्षण वहां उपस्थित सभी लोगों को भावुक बना दिया। पीड़ितों में चर्चा रही कि डीआईजी केवल एक सक्षम अधिकारी ही नहीं, बल्कि नेकदिल और मिलनसार व्यक्ति भी हैं, जो बच्चों से बेहद प्यार करते हैं। डीआईजी नौशाद आलम के इस संवेदनशील और व्यवहारिक प्रयास से जनता दरबार में पहुंचे लोगों को न सिर्फ राहत मिली बल्कि पुलिस विभाग की एक मानवीय छवि भी सामने आई।

# लाभकारी है अच्छे कार्यों का दस्तावेजीकरण : परशुराम तिवारी

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डायट), पलामू में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन नव नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों को विद्यालय प्रबंधन, बच्चों के पोषण, मध्याह्न भोजन योजना और शिक्षक दायित्वों के विषय में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को आयोजित सत्र में प्रशिक्षक के रूप में मध्य विद्यालय रजवाडीह, मेदिनीनगर के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने निदेशानुसार शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार के आदेश पर डायट परिसर में संचालित हो रहा है, जिसका संचालन प्राचार्या अमृता सिंह के मार्गदर्शन में, सह प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र सिंह एवं संकाय सदस्य जितेन्द्र कुमार तिवारी के संयोजन में किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान परशुराम तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद देशभर के स्कूलों में बच्चों को पका हुआ भोजन देना अनिवार्य किया गया, जिससे पोषण स्तर में सुधार हुआ है। उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वर्तमान स्वरूप पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि अब पूरक पोषाहार भी प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने नव नियुक्त शिक्षकों को विद्यालय प्रबंधन समिति एवं सरस्वती वाहिनी माता समिति के गठन, उनकी भूमिका और संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी।

अपने संबोधन में उन्होंने खास तौर पर इस बात पर बल दिया कि शिक्षक कितने भी अच्छे कार्य करें, अगर उसका दस्तावेजीकरण नहीं किया गया तो वह सिर्फ मौखिक अनुभव बनकर रह जाता है और भविष्य में उसका कोई प्रभावी उपयोग नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि दस्तावेजीकरण की आदत विकसित करना आज के शिक्षकों के लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि यही उनकी कार्यशैली की पारदर्शिता और गुणवत्ता को प्रमाणित करता है। उन्होंने नव नियुक्त शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपकी नियुक्ति के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में आपके योगदान की दिशा तय हो चुकी है। सरकार को आपसे बहुत अपेक्षाएं हैं, विशेष रूप से गुणवत्ता शिक्षा को लेकर। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमता और योग्यताओं का भरपूर उपयोग करें और एक प्रभावशाली शिक्षक के रूप में पहचान बनाएं। प्रशिक्षण में मौजूद सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की और प्रशिक्षण के बिंदुओं को गंभीरता से आत्मसात किया।

# चंदवा में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जबकि बैठक का संचालन अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा कर रहे थे। बैठक में बीडीओ चंदन प्रसाद, अलौदीया मुखिया फुलजेन्सिया टोपनो, पंसस नीलम देवी, अयुब खान मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह ने कहा कि धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए दुर्गा पूजा का त्योहार शौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पूजा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल प्रशासन को दें ताकि पूजा के दौरान होने वाले व्यवधान को समय रहते रोका जा सके। सीओ सुमित कुमार झा, बीडीओ चंदन प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पूजा समिति राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के तहत ही पूजा को संपन्न कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड में कई जगहों पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाता रहा है। सभी पूजा समिति अपने अपने पंडाल में विधुत व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था अवश्य रखे।

## आस्था के सामने शराब दुकान बर्दाश्त नहीं

# बेलवाटिका की महिलाओं ने प्रशासन को चेताया, तत्काल हटे दुकान

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** बेलवाटिका मोहल्ले की महिलाओं ने शुक्रवार को उत्पाद अधीक्षक और उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन से मिलकर शराब दुकान को तुरंत हटाने की मांग की। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि बेलवाटिका चौक जैसे पवित्र और रिहाइशी इलाके में शराब दुकान का संचालन किसी कीमत पर स्वीकार नहीं होगा। महिलाओं ने ज्ञापन में स्पष्ट लिखा कि चौक पर मंदिर, कल्पतरु, स्कूल स्टॉपेज और नर्सिंग होम जैसी जनसुविधाएं मौजूद हैं। ऐसे माहौल में शराब दुकान चलना समाज और आस्था दोनों के साथ खिलवाड़ है। उनका कहना था कि यह दुकान स्टेशन रोड के लिए आवंटित थी, फिर भी इसे जबरन बेलवाटिका में संचालित किया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित और नियम विरुद्ध है। दुर्गा पूजा नजदीक आने के मद्देनजर महिलाओं ने प्रशासन को आगाह किया कि पंडाल के सामने शराब दुकान खुला रहना आस्था के सीधे अपमान के बराबर है। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेकर दुकान नहीं हटाया तो बेलवाटिका की महिलाएं और मोहल्लेवासी बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

# शहर में ट्रैफिक नियम उल्लंघन पर सख्ती, 24,700 रुपये का चालान



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार को छः मुहान चौक के समीप दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में कई वाहन चालकों द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए बगैर हेलमेट, बगैर ड्राइविंग लाइसेंस एवं ट्रिपल लोडिंग करते पाए गए। कार्रवाई के तहत 10 दोपहिया वाहनों को जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से शहर थाना परिसर में खड़ा किया गया है। इन वाहनों को जिला परिवहन कार्यालय, पलामू भेजा गया है, जहां उनके विरुद्ध चालान फाइन की प्रक्रिया पूरी की गई। जिला परिवहन कार्यालय पलामू से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 12 सितंबर 2025 को 07 दोपहिया वाहनों के विरुद्ध 14,150 रुपये की चालान फाइन राशि निर्धारित की गई। इसके अतिरिक्त 06 ई-रिक्शा एवं सवारी टेम्पो के विरुद्ध 8,250 रुपये का चालान काटा गया। वहीं, बीच सड़क पर अवैध रूप से खड़ी एक बस और एक कार के विरुद्ध ऑनलाइन चालान के माध्यम से कुल 2,300 रुपये फाइन की राशि आई है। इस प्रकार कुल 24,700 रुपये का चालान फाइन संबंधित वाहनों के विरुद्ध जारी किया गया है। परिवहन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, हेलमेट पहनें, वैध ड्राइविंग लाइसेंस साथ रखें और सड़क पर जिम्मेदारी से वाहन चलाएं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे भी यह जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

# चार माह की सेवा में वर्षों की छाप छोड़ गए पीडीजे दिवाकर पांडेय, अधिवक्ता संघ ने दी भावभीनी विदाई

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के झारखंड उच्च न्यायालय, रांची में रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल पद पर स्थानांतरण के बाद शुक्रवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ की ओर से विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने उन्हें गुलदस्ता, अंगवस्त्र, धार्मिक ग्रंथ और फूल मालाओं से लादकर उनका सम्मान किया। समारोह के दौरान पीडीजे पांडेय को एक न्यायप्रिय, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ न्यायाधीश के रूप में याद किया गया, जिन्होंने महज साढ़े चार माह के अल्प कार्यकाल में न्यायिक क्षेत्र में मजबूत छाप छोड़ी।

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि दिवाकर पांडेय ने अल्प अवधि में भी जिस प्रकार न्यायालय परिसर का सुंदरीकरण कराया, पुराने मामलों के निष्पादन में तेजी लाई और निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित किया, वह उन्हें 'विकास पुरुष' के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि पीडीजे पांडेय ने बिना किसी भेदभाव के सबके साथ समन्वय बनाते हुए न्यायपालिका को नई दिशा दी है। उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि पांडेय सर ने बार और बेंच के बीच जिस समन्वय को स्थापित किया, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यशैली से अधिवक्ताओं को बहुत कुछ सीखने को मिला। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास ने उन्हें अभिभावक की भूमिका निभाने वाला अधिकारी बताया और कहा कि पीडीजे पांडेय ने सबको साथ लेकर चलने का जो प्रयास किया, वह काबिल-ए-तारीफ है। अपने विदाई संबोधन में दिवाकर पांडेय ने पलामू के अधिवक्ताओं को अनुभवी और सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि चार माह का समय एक-दूसरे को समझने के लिए भले ही कम हो, लेकिन इस दौरान उन्हें भरपूर समर्थन और सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि केस निष्पादन में पलामू जिला अग्रणी रहा और यह बार-बेंच के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

पीडीजे ने यह भी कहा कि पलामू कोर्ट भवन को आधुनिक और सुसज्जित बनाने के लिए उन्होंने रात 12 बजे तक भी कार्यों की निगरानी की। इस दौरान अधिवक्ताओं को टाइल्स, बालू और कंक्रीट के बीच से गुजरते हुए कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन सभी ने सहयोग किया। उन्होंने कहा कि पलामू आने से पूर्व जैसी नकारात्मक धारणा लोगों में थी, वह भ्रम मात्र है। पलामू एक ऐसा स्थान है, जहां काम करने का बेहतर अवसर मिलता है। इस मौके पर मंच संचालन अधिवक्ता दिवाकर दुबे ने किया।

इस मौके पर अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडे ने पीडीजे दिवाकर पाण्डेय को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।मौके पर डीजे प्रथम अखिलेश कुमार ,द्वितीय प्रतिक चतुर्वेदी,चतुर्थ पवन कुमार, पंचम स्वेता ढींगरा, षष्टम राजकुमार मिश्रा, अष्टम आयशा खान ,नवम आभास कुमार, सीजेएम मनोरंजन कुमार,एसीजेएम सुशीला सोरेंग,डालसा सचिव राकेश रंजन, निशिकांत, रवि शंकर पांडेय,शम्भू महतो,रेलवे जेएम प्रज्ञेष निगम,एसडीजेएम कमल प्रकाश,रश्मि चंदेल,समेत दर्जनों न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

**मझिआंव।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को अंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी गई और उनका समाधान किया गया। बताते चलें कि प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 11 से लेकर 3 बजे तक जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनकर उसका समाधान किया जाएगा। हालांकि भीड़ को देखते हुए जनता दरबार 5 बजे तक चला। जनता दरबार में आसपास के कई गांव से ग्रामीण अपनी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे थे। कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 12 आवेदन राजस्व से संबंधित और 22 आवेदन विभिन्न श्रेणी के पेंशन योजना से संबंधित सहित दाखिल खारिज, पणजी टू में सुधार, लगान एवं अंचल से संबंधित सभी योजनाओं का समाधान करने का निर्देश दिया गया। इधर सीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि उपायुक्त ने यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि दरबार के माध्यम से जनता दरबार में आए मामले को सूचीबद्ध किया जाएगा। अलग-अलग रजिस्टर रखकर उसका समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनता दरबार में आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और उनका तत्वरित समाधान किया गया। मौके पर अंचल प्रभारी निरीक्षक धनलाल उरांव, राजस्व कर्मचारी सीताराम बड़ाइक, शैलेश महतो, राहुल कुमार, वीरेंद्र कुमार, नाजीर प्रेम शंकर पाठक , कंप्यूटर ऑपरेटर अजीत दुबे, चंद्रभूषण कुमार, सत्य प्रकाश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष पर नाबालिग की पिटाई का आरोप

**खरौंधी।** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नवल यादव पर 14 वर्षीय नाबालिग बच्चे के साथ क्रूरतापूर्ण मारपीट करने का आरोप लगा है। इस संबंध में पीड़ित के पिता उपेंद्र ठाकुर द्वारा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के आधार पर खरौंधी थाना ने नवल किशोर यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि नवल यादव ने वादी के नाबालिग पुत्र के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडा और पत्थर से बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस संबंध में थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस अनुसंधान कर रही है।

## फैमिली सर्विस प्लानिंग के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत परिवार नियोजन कार्यक्रम को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को ट्रॉमा सेंटर के सभागार में बंशीधर नगर, रमना और विशुनपुरा प्रखंड के सभी स्वास्थ उप केंद्र के सीएचओ, एएनएम को फैमिली सर्विस प्लानिंग के तहत एमपीए एससी ( अंत्रा ) का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में स्वास्थ्यकर्मियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से गर्भनिरोधक उपायों में अंत्रा इंजेक्शन के सुरक्षित एवं प्रभावी प्रयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने बताया कि अंत्रा इंजेक्शन महिलाओं के लिए एक कारगर व सुरक्षित गर्भनिरोधक साधन है, जिसका उपयोग स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि यह इंजेक्शन हर तीन महीने पर लगाया जाता है और इसका कोई दीर्घकालिक दुष्प्रभाव नहीं होता। इससे महिलाओं को अनचाहे गर्भ से बचाव मिलता है और मातृ मृत्यु दर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। प्रशिक्षकों ने जोर दिया कि स्वास्थ्यकर्मी इस जानकारी को समुदाय तक पहुंचाएं और महिलाओं को जागरूक करें] ताकि वे परिवार नियोजन के इस सुरक्षित विकल्प का लाभ उठा सकें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्यकर्मियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करना है ताकि वे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ दे सकें। मौके पर प्रशिक्षकों ने इंजेक्शन लगाने की विधि, सावधानियाँ और संभावित चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।

## यूरिया किल्लत, विभागीय लापरवाहीद व मनरेगा अनियमितता पर हुई चर्चा

**चिनियां।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति एवं विभिन्न विभागों के कर्मियों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक की शुरूआत में ही विधायक प्रतिनिधि जगदीश सिंह ने किसानों को हो रही यूरिया खाद की किल्लत का मुद्दा उठाते हुए सरकारी दुकान में तत्काल उपलब्ध कराने की मांग रखी। वहीं, बीडीसी सरीता देवी ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि बिलैतीखैर पंचायत के राजबास गांव में मनरेगा योजना के तहत डोभा निर्माण कार्य में फर्जीवाड़ा किया गया है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इसी दौरान बीपीएल लाभुकों को समय पर राशन वितरण करने और वंचित पात्र परिवारों का नाम सूची में जोड़ने की बात उठी। कृषी पदाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि किसानों को कम ब्याज पर कृषि लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं कल्याण पदाधिकारी कमलेश कुमार कोरवा ने कहा कि प्रखंड के 14 गांवों को धरती आभा योजना के तहत चयनित किया गया है, जो 2030 तक सशक्त गांव के रूप में विकसित होंगे। बैठक में कई अहम विषयों पर चर्चा हुई और कई विभागीय अनियमितताओं पर सवाल खड़े हुए। मौके पर बीडीओ सुबोध कुमार, सीओ उमेश्वर कुमार यादव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और रोशन कुमार उपप्रमुख फारुख अहमद, चिनीयां बीडीसी रूपा देवी, सुषमा देवी, नागेंद्र सिंह, मुखिया रामेश्वर सिंह, विधायक प्रतिनिधि जगदीश सिंह, अंचल निरीक्षक विनय कुमार गुप्ता, आवास समन्वयक पंकज कुमार, जेई सुकेश कुमार एवं मनोज कुमार, कृषि पदाधिकारी पवन कुमार, मिथिलेश कुमार,नुमान अंसारी, राहुल कुमार,समेत कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद थे।

## अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

**केतार।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय केतार में शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया प्रमोद कुमार, वार्डेन अमिता पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की शत प्रतिशत ठहराव सुनिश्चित करना और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक कराना था। इस अवसर पर वार्डेन अमिता पांडेय ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक विद्यालय में नियमित रूप से अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी बैठक आयोजित करना आवश्यक है। इससे बच्चियों की शिक्षा में निरंतरता बनी रहती है। वार्डन अमिता पांडेय ने कहा कि विद्यालय के छात्राओं को रेल परियोजना में उपलब्धता के बारे में भी बताया गया। वहीं मुखिया प्रमोद कुमार ने छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने और सरकार द्वारा मिलने वाली सारी सुविधाएं देने पर जोर दिया। मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि इस विद्यालय में अधिकतर गरीब परिवार कि बच्चियां पढ़ाई करती है ऐसे में शिक्षक-शिक्षका अपनी बच्ची समझ कर शिक्षा दें। तभी यह प्रखंड शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनेगा। इससे पुर्व बच्चियों ने अभिभावकों को माथे पर तिलक लगाकर विद्यालय में स्वागत किया।

## यूरिया खाद के लिए आज भी सड़क किनारे सो रहे किसान

**रमना।** प्रखंड में किसानों का यूरिया खाद का किल्लत अभी भी दूर नहीं हुई है। जिस कारण आज भी रात्रि में किसान यूरिया खाद दुकान के बाहर रात भर सो रहे हैं। गुरुवार को भगत सिंह चौक के पास रात्रि करीब 12 बजे के आसपास भागोडीह पंचायत के छह किसान सड़क किनारे साइकिल खड़ा कर दुकान के बरामदा में बैठे हुए थे। इतनी रात में लोगों से बैठने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि यूरिया तीन बार प्रखंड में दुकानदारों के द्वारा बांट दिया गया, पर हर बार हम लोग खाद लेने के लिए कतर में लगे लेकिन हम लोगों को एक भी बार खाद की बोरी नहीं मिली, जिससे अभी तक हम लोग अपने खरीफ धान फसल में यूरिया खाद नहीं डाल पाए हैं। जिससे हमारे फसल कमजोर हो गये है।

### दुर्गा पूजा को लेकर नप कार्यालय में बैठक

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता सेवा अभियान : राजकमल

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में मंगलवार को नगर पंचायत के प्रशासक राजकमल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत क्लीन ग्रीन महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों के अध्यक्ष और पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रशासक राजकमल ने कहा कि इस बार पूजा पंडालों में प्रकृति संरक्षण की झलक अवश्य दिखनी चाहिए। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रसाद, पानी या शरबत के वितरण में कागज या पत्तल का प्रयोग किया जाए, ताकि प्लास्टिक प्रदूषण पर



रोक लग सके। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंडालों में महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए जाएं, जिससे सुव्यवस्था बनी रहे। प्रशासक ने आगे बताया कि पूजा समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य आईडी कार्ड का प्रयोग करेंगे। पंडाल परिसर और उसके आसपास की स्वच्छता बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। उन्होंने पंडाल समितियों से अपील की कि वे आसपास के दुकानदारों को भी इस अभियान से जोड़ें और वातावरण को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। मौके पर नप के नगर प्रबंधक प्रणय मंडिलवार, रवि कुमार, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, नवयुवक क्लब के संरक्षक अजय प्रसाद मुखिया जी, अध्यक्ष कमलेश मेहता, जय भामा शाह क्लब के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर, सचिव ऋतुराज जायसवाल, फ्रेंड्स रॉक ग्रुप के विकास कुमार बबलू, युवक संघ जतपुरा के राज शुक्ला, नवनीत शुक्ला, नव जीवन क्लब से अंकित कमलापुरी, श्री बंशीधर सेवा संस्थान से शुभम कुमार चौबे, जय भारत क्लब से हीरा प्रसाद, बजरंग सेवा समिति से विजय कुमार सहित नगर पंचायत के कर्मी उपस्थित थे।

### नशा मुक्ति व प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने से संबंधित पट्टिका अनिवार्य

पूजा पंडालों में नशा मुक्ति और प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने से संबंधित पट्टिका अनिवार्य रूप से लगाई जाए। इस दौरान प्रशासक ने भरोसा दिलाया कि नगर पंचायत इस अभियान की सफलता के लिए पूरी तरह सहयोग करेगा और स्वयं भी विभिन्न पंडालों में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लेगा। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि विभाग द्वारा अभियान के दौरान शहर के सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थल और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। प्रशासक ने सभी समितियों से अपील की कि वे इस कार्य को सिर्फ एक औपचारिकता न मानें, बल्कि समाज को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प के साथ जुड़ें।

## बांसडीह गांव के मजदूर की चेन्नई में मौत

केतार। केतार थाना क्षेत्र के बांसडीह गांव के बीगघा टोला निवासी विमलेश पासवान की असमय मौत ने पूरे गांव को गहरे शोक में डूबा दिया है। जानकारी के अनुसार विमलेश पासवान की मौत चेन्नई रेलवे स्टेशन के करीब बुधवार को हो गयी। जानकारी के अनुसार विमलेश पासवान 15 दिन पूर्व स्थानीय ठेकेदार के साथ मजदूरी करने चेन्नई गया था। जहां उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसने घर पर फोन कर अपनी पत्नी कविता देवी से बताया था कि मेरा तबियत खराब है,मैं घर आना चाहता हूं, परंतु ठिकेदार के द्वारा छुट्टी नहीं दिया जा रहा है। छुट्टी मिलने पर घर आऊंगा। इसी बीच अचानक 10 सितंबर को विमलेश घर आने के लिए चेन्नई रेलवे स्टेशन के करीब पहुंचा। इसी दौरान उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। जिसके बाद विमलेश ने घर के परिजनों और ठेकेदार को फोन कर बताया कि मेरा तबीयत बिगड़ रहा है। इसके कुछ ही देर बाद पुलिस ने मृत अवस्था शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा। इधर कंपनी के द्वारा मजदूर के शव को घर तक भेजा गया।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में सात लोग घायल

**भवनाथपुर।** बीती रात्रि अलग अलग जगहों पर घटित हुई घटना दुर्घटना में कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ फैयाज अहमद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। पहली घटना भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव में आपसी विवाद को लेकर बगलगीर के द्वारा लाठी डंडा से तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के कैलान गांव के पास बाईक से अनियंत्रित होकर पलटने से उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें नंदू भुइंया पिता स्व विफन भुइंया, शोभी भुइंया के नाम शामिल है। तीसरी घटना खरौंधी थाना क्षेत्र के भारती नगर के पास सड़क पार होने के दौरान वृद्ध 60 वर्षीय अशरफी राम को एक बाईक चालक के द्वारा धक्का मारने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इस घटना में बाईक चालक राकेश,अजय उरांव भी गंभीर रूप से घायल हो गए है।

## 15 सितंबर तक इंस्पायर अवार्ड में छात्रों का पंजीकरण कराना अनिवार्य : बीईईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पांडेय ने पत्र जारी कर इंस्पायर अवार्ड सभी विद्यालय प्रधान को छात्र-छात्राओं का पंजीकरण 15 सितंबर 2025 तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया की इस संबंध में सभी विद्यालयों को पूर्व में निर्देश दिया गया था, लेकिन खेद की बात है कि कुछ विद्यालयों को छोड़कर अधिकांश विद्यालयों ने अब तक पंजीकरण नहीं कराया है। उन्होंने कहा कि सभी उच्च विद्यालयों,+2 उच्च विद्यालयों, उत्क्रमित मध्य विद्यालयों, मध्य विद्यालयों तथा केजीबीवी खरौंधी की वार्डन और सह-शिक्षकों को पत्र जारी कर सख्त निर्देश दिया गया है। प्रत्येक विद्यालय से कम से कम पांच छात्रों का पंजीकरण अगले 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित करना होगा। ऐसा नहीं करने पर संबंधित प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक का मानदेय या वेतन रोक दिया जाएगा और इसकी सूचना जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजी जाएगी।

इसके लिए पूरी जिम्मेदारी विद्यालय प्रमुख की होगी।बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। इस योजना के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं को अपने नवोन्मेषी विचारों को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

# एसडीएम ने अनाधिकृत तौर से भंडारित 100 बोरी यूरिया पकड़ा

### डीएओ व सीओ को अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार शाम गढ़वा प्रखंड के प्रतापपुर गांव में असलम अंसारी नामक व्यक्ति की दुकान में 100 बोरी यूरिया पकड़ा। एसडीएम की पूछताछ में न तो उक्त व्यक्ति ने इस खाद के स्रोत के बारे में बताया और न ही खाद्द बिक्री के लिए आवश्यक कोई वैध लाइसेंस दिखाया। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि इस व्यक्ति के पास किसी प्रकार का कोई लाइसेंस नहीं है। एक तरफ क्षेत्र भर में खाद की मारामारी और दूसरी तरफ इस प्रकार से भंडारित यूरिया के मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एसडीएम ने उक्त दुकान को मौके पर ही बंद कराते हुए अग्रेतर कार्रवाई हेतु अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया। संजय कुमार ने अनुमंडल क्षेत्र के तमाम ऐसे व्यवसाईयों को सख्त हिदायत दी कि खाद उर्वरक आदि वस्तुएं अनिवार्य सेवाओं के दायरे में आते हैं इसलिए इनकी कालाबाजारी या अवैध भंडारण करना दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि जांच के उपरांत उस स्रोत पर भी कार्रवाई की जाएगी जिन्होंने इस इस व्यक्ति को इतनी बड़ी मात्रा में अनाधिकृत तौर से खाद उपलब्ध करवाया। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के निर्देश पर खाद वितरण में पूरी पारदर्शिता लाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार कड़ी चौकसी बरती जा रही है। कार्रवाई के दौरान दौरान कंचन प्रसाद, रविंद्र पासवान, अनिल कुमार, प्रिंस दास, रमेश कुमार आदि शामिल रहे। मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।


**कार्यालय,कृषि उत्पादन बाजार समिति,डालटनगंज (पलामू)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज अंतर्गत मुख्य बाजार प्रांगण, बैरिया में पूर्व से निर्मित 2500 एम0टी0 क्षमता का गोदाम सं0–02 (14160 वर्गफीट) जर्जर अवस्था में है एवं गोदाम का छत विगत दो वर्ष पूर्व से पूर्णतः क्षतिग्रस्त एवं रिक्त है, जिसके मरम्मति में भारी राशि व्यय होने की संभावना है। उक्त गोदाम का किराया 05.00 (पाँच) रू0 प्रतिवर्गफीट की दर से प्रतिमाह देय होता है।

कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज द्वारा निधि के अभाव में उक्त गोदाम की मरम्मति बाजार समिति स्तर से किया जाना संभव नहीं है। ऐसी स्थिति में उक्त गोदाम को स्वंय के व्यय पर मरम्मति कराकर उपयोग करने हेतू पूर्व में एक आवेदन प्राप्त हुआ है। यदि कृषि उपज/उर्वरक–बीज या अन्य वस्तुओं के व्यवसाय करने वाले कोई अन्य व्यक्ति/फर्म उक्त गोदाम को अपने खर्च पर मरम्मति कराकर उपयोग करने हेतु इच्छुक है, तो वैसे व्यक्ति/फर्म से 2500 एम0टी0 क्षमता का गोदाम सं0–02 (14160 वर्गफीट) के मरम्मति एवं उपयोग हेतू दिनांक–20.09.2025 तक आवेदन आंमत्रित किए जातें है।

कृषि उपज/उर्वरक–बीज या अन्य वस्तुओं के व्यवसाय करने वाले इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपना–अपना आवेदन दिनांक– 20.09.2025 तक कार्यालय काल में समर्पित कर सकते है। उक्त गोदाम के मरम्मति हेतू खर्च की गई राशि किसी भी स्वरूप में बाजार समिति, डालटनगंज द्वारा वापस नहीं की जाएगी एवं उक्त खर्च की गई राशि पर कोई दावा भी मान्य नहीं होगा।

प्राप्त आवेदन के अनुसार पर्षदीय निदेशानुसार निर्धारित नियम एवं शर्त्त के आलोक में उक्त गोदाम के आवंटन की प्रक्रिया अपनायी जाएगी तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत/रद्द करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय से कार्यालय समयावधि में संपर्क किया जा सकता है।

पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू

PR 361686 District(25-26)D



**ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :– 18/2025.26

**ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0– 18/2025-26/EE/BCD/GARHWA — दिनांक– 12.09.2025

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction of Vulnerable Witness Deposition Center Garhwa Under Garhwa Distt. | ₹ 50,50,700.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– 06 (छः) माह
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 19.09.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 26.09.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 27.09.2025 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं0–02,राँची पिन कोड–834001
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. नोट– केवल ई–निविदा की स्वीकार किया जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
11. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पद्धति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेगें।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाता में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी।
13. विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
14. प्रशासनिक स्वीकृति के उपरांत हीं भुगातन किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 361691 Building (25-26)_D



**कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**
Email Id – npsbnagar@gmail.com

**आम–सूचना**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 74 (AMD), राँची, दिनांक 07.02.2023 के आलोक में गढ़वा जिले के नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सक का सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक 19.09.2025 को नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय के सभागार में पूर्वाह्ण 11:30 बजे Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03. | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04. | मानदेय | रू० 63000/– (तिरसठ हजार रूपए मात्र) |
| 05. | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद) |
| 06. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 19.09.2025 को पूर्वाह्ण 11:30 बजे Walk in interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 361693 (Urban Development)25-26*D



**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू**

**आम सूचना**

जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू के सभी शहरी/ग्रामीण (महिला/पुरूष) गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि जिनका पुनःनामांकन (बॉण्ड) वर्ष–2025 में समाप्त हो रहा है, वैसे गृह रक्षकों का पुनःनामारंकन की प्रक्रिया प्रखण्डवार दिनांक–18.09.2025 से दिनांक–19.09.2025 तक को होगी एवं पुनः नामांकन (बॉण्ड) के समय में निम्नलिखित कागजात/दस्तावेज के साथ कार्यालय में पूर्ण वर्दी के साथ उपस्थित होना है।

01.फोटो 02 (दो) पासपोर्ट साईज वर्दी में।
02.जन्मतिथि प्रमाण–पत्र की छायाप्रति के साथ मूल प्रति।
03.बुनियादी प्रशिक्षण का प्रमाण–पत्र की छायाप्रति के साथ मूल प्रति।
04.आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति के साथ मूल प्रति।
05.आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ मूल प्रति।
06.मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति के साथ मूल प्रति।
07.पुनःनामांकन (बॉण्ड) के लिए दो कैलेण्डर वर्श पूर्व का पत्येक वर्श कम से कम एक अवसर पर किसी भी प्रकार की ड्यूटी से संबंधित कमान–पत्र की छायाप्रति।

निर्धारित तिथि में अनुपस्थित अथवा छूटे हुए गृह रक्षक दिनांक–20.09.2025 को गृह रक्षा वाहिनी, कार्यालय पलामू में पूर्ण वर्दी एवं उपरोक्त सभी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पुनःनामांकन की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होने वाले गृह रक्षक (महिला/पुरूष) के पुनःनामांनक पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। इसके लिए संबंधित गृह रक्षक स्वयं जिम्मेवार होंगे।

**पुनःनामांकन की प्रक्रिया प्रखण्डवार तिथि निम्न प्रकार से निर्धारित की जाती है :–**

| क्रम सं0 | प्रखण्ड का नाम | दिनांक | समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हरिहरगंज, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, पांकी, विश्रामपुर, मनातु, लेस्लीगंज, सतबरवा एवं पाण्डू | 18.09.2025 | 10:00 बजे से 17:00 बजे तक | |
| 2. | चैनपुर, सदर एवं शहरी | 19.09.2025 | 10:00 बजे से 17:00 बजे तक | |

ह0/
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,पलामू

PR 361712 (District)25-26*D

# न्यूज बॉक्स

## एसओई में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आज

**लातेहार।** शहर के जिला स्टेडियम रोड मे अवस्थित जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालय में सत्र 2025-26 का दूसरा अभिभावक- शिक्षक गोष्ठी ( पीटीएम) का आयोजन 13 सितंबर को किया जायेगा। इस आशय की जानकारी विद्यालय की प्राचार्य तृप्ति भारती ने दी। उन्होंने बताया कि पीटीएम पूर्वाह्न 11 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि इस पीटीएम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक प्रकाश राम भाग लेगें। विधायक अभिभावकों एवं बच्चों से संवाद करेगें और विद्यालय को अपना मार्गदर्शन देगें। उन्होंने अभिभावकों को पूर्वाह्न 10.30 बजे तक विद्यालय पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर अपने बच्चों के भविष्य का निर्माण करना है। भारत को ऐसे नागरिक देने हैं जो शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, और चारित्रिक रूप से उच्चतम व्यक्तित्व का हो और इसमें सामुहिक प्रयास आवश्यक है।

## वार्ड सदस्यों को पेसा कानून की दी गयी जानकारी

**लातेहार।** प्रखंड सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी वार्ड सदस्यों को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और पेसा कानून की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग से जुड़े मास्टर ट्रेनर अनूप तिवारी, जिला समन्वयक दीपक कुमार चौहान, मास्टर ट्रेनर विनीता कुमारी तथा सुमन कुमारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत स्तर पर स्वशासन, ग्राम सभा की भूमिका, पारदर्शिता व जवाबदेही, पेसा कानून के तहत ग्रामसभा के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि पेसा कानून आदिवासी क्षेत्रों में ग्रामसभा को विशेष अधिकार देता है, जिससे वे अपने संसाधनों और परंपराओं की रक्षा कर सकें। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों की क्षमता और दक्षता को बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वार्ड सदस्यों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया और कहा कि इससे उन्हें अपने अधिकारों और कर्तव्यों की बेहतर समझ मिली है।

## मोबाइल के दौर में खेलों के प्रति रूझान शुभ संकेत : विजय

**लातेहार।** सदर प्रखंड के बाजकुम फुटबॉल क्लब, लातेहार के तत्वावधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश युवा सचिव विजय बहादुर सिंह ने फीता काट कर किया। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश युवा सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा कि आज मोबाइल व इंटरनेट का युग है। बच्चे आज मोबाइल में गेम में व्यस्त हैं, ऐसे में आउटडोर गेम में भाग लेना एक शुभ संकेत है। लोग अब फुटबॉल जैसे आउटडोर गेम में हिस्सा ले रहे हैं। जब मोबाइल व इंटरनेट नहीं था तो गांव व शहर के बच्चे फिल्ड में खेला करते थे, लेकिन आज के बच्चे घरों में बंद हो गये हैं। कांग्रेस नेता पंकज तिवारी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा. अमित यादव ने भी खिलाड़ियों को अपना बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज हमें खेलों के प्रति युवाओं को जागरूक करने की जरूरत है। बाजकुम फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष राजू उरांव ने कहा कि प्रति वर्ष यहां यह टूर्नामेंट आयोजित किया जाता है और इसमें आसपास के कई क्षेलों के फुलबॉल टीम भाग लेते हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बरवाडीह पिंटू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, चंदन, वाजिद, आलोक सिंह, हरीश व शशि सिंह आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने फरार उग्रवादी के घर में चिपकाया इश्तेहार

**लातेहार।** सदर थाना में माननीय न्यायालय के आदेशानुसार प्राथमिकी अभियुक्त रामदेव लोहरा उर्फ साधु उर्फ काका और शिवा सिंह उर्फ शिवा जी के घर पर जाकर विधिवत ग्रामीणों की उपस्थिति में पुलिस अवर निरीक्षक राहुल सिन्हा, रविन्द्र महली, सहायक अवर निरीक्षक कुबेर प्रसाद देव एवं सशस्त्र बल की उपस्थिति में लातेहार पुलिस की टीम नक्सली शिव सिंह के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदना गांव स्थित घर के पास और रामदेव लोहरा के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोनगड़ा गांव स्थित घर के पास पहुंचकर डुगडुगी बजाई और लोगों की भीड़ इकट्ठा की। इसके बाद दोनों उग्रवादियों के घर में इश्तेहार चस्पा किया। इस दौरान ग्रामीणों और उग्रवादी के परिजनों से अपील किया गया कि फरार चल रहे उग्रवादियों को एक माह के अंदर न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर अपना पक्ष रखाने के लिए भेजें। यदि निर्धारित समय तक फरार उग्रवादियों को न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं तो इनके खिलाफ कुर्की जब्ती समेत अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एसएसबी ने चलाया जागरूकता अभियान

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमितमध्य विद्यालय घूरे 35वीं वाहिनी ई-समवाय सशस्त्र सीमा बल द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुर्रे, प्रखंड हेरहंज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी कमांडर निरीक्षक पार्थ घोष के निर्देशन में उप निरीक्षक सोबन सिंह द्वारा स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य घटते बाल लिंगानुपात को कम करना, लिंग भेदभावपूर्ण लिंग चयन को रोकना, देश की प्रत्येक बालिका की शिक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना एवं समाज को नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिसका उद्देश्य युवाओं में नशे का सेवन रोकना और उन्हें स्वस्थ और नशामुक्त समाज से जोड़ना था। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण एवं सहायक उप निरीक्षक शंकर हल्दर एवं एसएसबी के अन्य जवान उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन के लिए तीन दिवसीय बैठक

**लातेहार।** संगठन सृजन अभियान 2025 के अंतर्गत लातेहार जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन प्रक्रिया को लेकर तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह सभापति रामचंद्र सिंह ने परिसदन भवन में जानकारी दी कि इस अभियान का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। जिला स्तर पर बैठक एवं रायशुमारी का क्रम शुरू किया जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षक एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सुनील केदार 13 सितंबर को दिल्ली से रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। उनके साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पर्यवेक्षक, राज्यसभा के पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, रामगढ़ की विधायक ममता देवी और हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक भी मौजूद रहेंगे।

## अभिभावक व शिक्षक के साथ हुई बैठक

**बारियातू।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोंटी हेसला के प्रांगण परिसर में शिक्षक अभिभावक व समाजसेवी एवं बच्चों के साथ एक बैठक किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता शांकरानंद प्रसाद एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवशंकर कुमार ने किया। बैठक में विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा की गई। इसके बाद प्रोजेक्ट रेल परीक्षा का ग्रेड कार्य सभी छात्र- छात्रों को वितरण किया गया। अच्छे अंक प्राप्त करने वाले बच्चों के अभिभावकों सम्मानित किया गया। वहीं सभी बच्चों को बैक खाता खुलवाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया। आगे जानकारी दी गयी की समय से खाता खुलने से सरकार द्वारा दी जाने वाली लाभ शीघ्र मिल सके। जिन बच्चों का आधार, जन्म प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बन पाया है उनके अभिभावक को बनवाने के लिए प्रोसाहित किया गया। साथ में विद्यालय में शिकक्ष के द्वारा गृहकार्य दिया जाता है उसे अभिभावक घर पर अवश्य ही पुर्ण करें। अभिभावकों अपने-अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजनें पर दिशा निर्देश दिया गया। इसके साथ विशेष रुप से विद्यालय मे महिला शिक्षिका एवं अंग्रेजी, विज्ञान शिक्षक का प्रतिनियुक्त करने की मांग की गई। मौके पर अध्यक्ष शांकरानन्द प्रसाद, उपाध्यक्ष नीलू सिंह, प्रभारी प्रधना ध्यापक शिवशंकर कुमार के आलावा सहायक शिक्षक नरेश कुमार उरांव, नीरज कुमार पासवान, अनेश राम, वृजू राम, रमेश उरांव, मनराज उरांव, सहित समिति के सदस्य,समाजसेवी व विद्यालय के छात्र / छत्रों उपस्थित थे।

### केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने संघमित्रा क्षेत्र के मगध कोल माइंस का किया दौरा

# सीएसआर फंड का उचित उपयोग कर क्षेत्र का विकास करें : रेड्डी

- मंत्री ने 25 रैयतों को नियुक्ति पत्र दिया

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** संघमित्रा क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल माइंस का शुक्रवार को केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने दौरा किया। जिन्हें सीसीएल महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने गुलदस्ता देकर एवं शौल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। साथ ही झारखंड सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह, एडवाइजर एमओसी डॉक्टर बीरा रेड्डी एवं बीसीसीएल मनोज कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर पीएम प्रसाद, एडिशनल सेक्रेटरी, एमओसी सनोज कुमार झा आदि मौजूद थे। जिन्हें मगध सीसीएल पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया।

मौके पर मंत्री ने माइंस का व्यू प्वाइंट में जाकर माइंस की भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया। मौके पर जीएम नृपेंद्र नाथ ने माइंस में कोयले की उत्पादन एवं माइनिंग एरिया में विधि व्यवस्था के साथ साथ सीएसआर के तहत क्षेत्र में होने वाले विकास कार्य का विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मौके पर मंत्री ने कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने एवं सीएसआर फंड से क्षेत्र में विकास करने का दिशा निर्देश दिया। मौके पर मंत्री ने 25 मगध विस्थापित भू रैयतो को इंटरव्यू के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा गया एवं रोजगार की दृष्टिकोण से सीएसआर फंड से विस्थापित प्रशिक्षित ग्रामीण महिलाओं को 10 सिलाई मशीन दी गई। लारंगा की टीम को मांदर, झारखंडी वस्त्र आदि वितरण किया गया। पंद्रह कॉन्ट्रैक्टर इंप्लाईज को मंत्री ने आरओ वाटर फिल्टर मशीन दिया गया। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे मगध परियोजना पदाधिकारी सदाला सतनारायण के साथ-साथ सीसीएल, आउटसोर्सिंग कंपनी भीपीआर के जनरल मैनेजर श्रीनिवासन रेड्डी, सीसीएल कर्मी एवं सुरक्षाकर्मी आदि मौजूद रहे।

## हिंडाल्को की पहल पर हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

**चंदवा।** हिंडालको कोल परियोजना की पहल पर स्थानीय बालिका उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के हेड प्रकाश कुमार, सीएसआर हेड अनुनय कुमार, सीएसआर के अभयानंद चतुर्वेदी और सरिता डुंगडुंग मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर की गई। मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने कविता पाठ, निबंध, स्पीच और वाद विवाद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कविता प्रतियोगिता में रिया कुमारी प्रथम,अंजली कुमारी द्वितीय और मुनिता कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में नगमा प्रवीन प्रथम, शुम्बुल द्वितीय व साइना तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में सुप्रिया कुमारी प्रथम,नंदनी कुमारी द्वितीय और रजन्ति कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं।

# ओझा-गुनी के आरोप में हुई थी धर्मदेव की हत्या, 6 आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के ड़हु पंचायत स्थित बानपुर खूंटी टोला में पिछले दिनों मंगलवार को हुवे धर्मदेव उरांव नामक व्यक्ति के जघन्य हत्याकांड में शामिल 6 लोगों को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित एसआईटी ने गिरफ्तार कर 48 घंटे में हीं खुलासा कर दिया। इस मामले में शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें बताया गया कि ओझा-गुनी के आरोप में उक्त हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। मामले में मृतक की पत्नी बरियो देवी के बयान पर सुसंगत धाराओं के तहत कांड संख्या 196/25 दर्ज किया गया एवं तत्काल छह नामजद आरोपी अजय उरांव पिता कैलिया उरांव , कमलेश उरांव व मुकेश उरांव दोनों के पिता मनसे उरांव, विनय उरांव , चुरामन उरांव तथा कुंवर उरांव तीनों के पिता बुधन उरांव, 21 वर्षीय चुरामन उर्फ छोटू उरांव पिता को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विदित हो कि पुलिस गुरुवार को साक्ष्य संग्रहण हेतु रांची से आई फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल व श्मसान घाट में पहुंची जहां से कई आवश्यक नमूने एकत्रित किये। हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू, पिलास एवं डंडा को भी बरामद कर लिया गया है। आपको बता दें दर्जनों लोगों के साथ आरोपियों ने पहले मृतक का जीभ काटा फिर उसको चौराहे में ले जाकर पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया था। आरोपियों ने जघन्य हत्या के साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से आधी रात में हीं दाह संस्कार तक कर दिया था। पुलिस की मानें तो अनुसंधान जारी है, कांड़ में संलिप्त दोषियों को गिरफ्तार करने के लिये गहन छापेमारी की जा रही है। गठित एसआईटी में एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, थाना प्रभारी अनिल उरांव,पुअनि अमित कुमार,पुअनि दिलेश्वर कुमार, पुअनि सुनील कुमार, सअनि सौरभ कुमार समेत रिजर्व गार्ड शामिल थे।

### महिला मेटो को मनरेगा में सशक्त बनाने को लेकर कार्यशाला का आयोजन

# महिला मेटो को मनरेगा में सक्रिय भागीदारी निभाने का दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** लीड्स संस्था ने लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड से महिला मेटो को मनरेगा योजनाओं में मेट के रूप मे जोड़ने का कार्य कर रहें हैं। जिसको लेकर शुक्रवार को समाहरणालयसभागार में चिन्हित महिला मेटो के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी मेटो को सक्रिय रुप से मनरेगा में कार्य करने का निर्देश दिया और एनएमएमएस एप्प के माध्यम से योजनाओं को सुचारु रूप से चलाने के लिए जानकारी दी एवं महिला मेटो को अपने कार्य के द्वारा अपने गांव, पंचायत को सशक्त बनाने को कहा गया। वहीं मनरेगा कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने की बात कही गई। जिससे काम में ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी भी बना रहे। आगे उन्होंने महिला मेटों को कार्यशाला में दी जा रही जानकारी को अपने साथ अमल करने और एक जानकार व्यक्ति के रूप में लोगों को जागरूक करने की बात कही। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम के द्वारा महिला सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, वन स्टॉप सेंटर, महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं के साथ टॉल फ्री नम्बर देते हुए इस पर विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही आगे उन्होंने कहा कि आज के समय मे महिलाएं किसी से कम नहीं है। आज की महिला सभी कार्य करके आत्मनिर्भर बन रही है। उन्होंने कहा सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिये हर संभव प्रयास कर रही है।

## प्रसव पीड़ा से महिला की मौत, नहीं पहुंच सकी अस्पताल

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड अंतर्गत ओरसा पंचायत के ग्राम जामडीह निवासी रमेश नगेसिया की पुत्री अजंती कुमारी की मौत प्रसव पीड़ा के कारण हो गई। मिली जानकारी के अनुसार महिला का विवाह गुमला जिला के डुमरी प्रखंड अंतर्गत जैरागी ग्राम निवासी प्रशांत माझी से हुई थी। जो कुछ दिनों पहले ही अपने मायके जामडीह आई थी। अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने के बाद महिला के स्वजनों द्वारा प्राइवेट गाड़ी बुक कर बोलेरो वाहन से अस्पताल ले जाया जा रहा था। इस दौरान छत्तीसगढ़ के हरैया घाट में प्रसव पीड़ा से तड़पती प्रसूता एवं बच्चे दोनों की मौत हो गई। इस संबंध में गांव की ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र बने 5 से 6 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक एक बार भी डॉक्टर एवं नर्स की उपस्थिति यहां नहीं हुई है। सड़क का हाल भी बद से बद्तर है। जहां पैदल चलना भी मुश्किल है, जिसके कारण ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ घूम कर प्रखंड मुख्यालय जाना होता है। वहीं ग्रामीणों की मांग है कि प्रखंड मुख्यालय तक पहुंच मार्ग को जल्द दुरुस्त कराते हुए, बंद पड़े उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एवं नर्स की नियुक्ति करते हुए जल्द ही शुरू कराई जाए। ताकि आने वाले समय में ऐसी घटना दोबारा ना हो।

## कोयला मंत्री ने मगध परियोजना का किया निरीक्षण

**टंडवा (चतरा)।** शुक्रवार को मगध कोल परियोजना के निरीक्षण हेतु केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी टंडवा पहुंचे, जहां चतरा सांसद कालीचरण सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जहां उन्हें एक त्राहिमाम पत्र सौंपते हुए जिक्र किया गया कि पिछले 15 वर्षों से अबतक कोल वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की मौत हुई है। मूलभूत सुविधाओं के विकास की मांग करते हुए अलग कोल ट्रांसपोर्टिंग सड़क बनाने, रोजगार में स्थानीयों को प्राथमिकता देने, गैर-मजरुआ और वन पट्टा से प्राप्त जमीनों को रैयती भूमि के समतुल्य लाभ देने और सीसीएल में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा स्थानीय लोगों को उपेक्षा कर अधिकाधिक प्रवासियों को रोजगार देने का उल्लेख किया गया है। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल व एनटीपीसी जैसी केंद्रीय परियोजनाओं के कई कुनीतियों पर केंद्रीय सत्ताधारी भाजपा भी आमजनों के हमेशा निशाने पर रही है। कोल वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं में हमेशा उन्हें कोपभाजन बनना पड़ता है। मंत्री रेड्डी ने सीसीएल के अधिकारियों से औपचारिक मुलाकात के बाद कामगारों, यूनियन के प्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों के साथ समीक्षात्मक बैठक में विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। वहीं कोल परियोजनाओं के विस्तारीकरण में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास व नियोजन को लेकर उत्पन्न व्यवधानों को जल्द निराकरण कराने का भरोसा दिलाया। पश्चात व्यू प्वाइंट से मंत्री रेड्डी ने खनन कार्यों के दृश्यावलोकन के पश्चात उन्होंने पौधरोपण किया। इस मौके पर जीएम नृपेन्द्र नाथ, पीओ सदाला सत्यनारायणा समेत सीसीएल के अधिकारियों सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास,अक्षयवट पांडेय समेत स्थानीय ग्रामीण व अन्य मौजूद थे।


## शपथ पत्र



मैं, प्रमोद यादव ग्राम-करनदाग, पोस्ट-हेरहंज, थाना-हेरहंज, जिला-लातेहार, राज्य-झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक घोषण करता हूं कि रीतु कुमारी (RITU KUMARI) मेरी पुत्री है, जो अभी नाबालिग है। जिसका आधार कार्ड संख्या 695124337274 है। मेरी पुत्री का डाक घर हेरहंज में खाता है, जिसका खाता संख्या- 6353899421 एवं CIF नम्बर 618321804 है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम युगेश्वरी कुमारी (YUGESHWARI KUMARI) दर्ज हो गया है जो गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम रीतु कुमारी (RITU KUMARI) है, जो सही है। मैं डाकघर हेरहंज के पासबुक में आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार सुधार कर रीतु कुमारी (RITU KUMARI) नाम दर्ज करवाने हेतु मैं शपथ पत्र कर रहा हूं।



## कार्यालय, उपायुक्त –सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

Phone no.06562 224033 (खेल शाखा) email id:- palamukhel@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड, राँची द्वारा विभिन्न जिलों में संचालित सेन्टर ऑफ एक्सलेन्स, आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0एस0एस0पी0एस0 अन्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश हेत प्रशिक्षुओं के चयन के लिए जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन किया जाना है। प्रशिक्षुओं का चयन Battery Test (NSTC Norms) एवं Specific Skill Test के आधार पर किया जायेगा। पलामू जिला में जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता से चयनित प्रशिक्षुओं का राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता दिनांक–24–25 सितम्बर, 2025 को राँची में आयोजित की जायेगी। जिलास्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर खेल किट के साथ आधार कार्ड / नगर निगम अथवा पंचायत से निर्गत जन्म प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो (अद्यतन), स्कूल का बोनाफाईड एवं झारखंड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा। जिलास्तरीय आयोजन की तिथि एवं स्थान निम्नवत् है–

| क्र0 | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेलविद्या | आयोजन स्थल | जन्मतिथि | तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेन्टर ऑफ एक्सलेन्स (एकलव्य केन्द्र) | फुटबॉल, बैंडमिंटन एवं कुश्ती (बालक एवं बालिका) | जिला एथलेटिक्स स्टेडियम, मेदिनीनगर पलामू। | 01.04.2004 से 01.04.2010 के बीच हो। (16–22 वर्ष) | 18–19 सितम्बर, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से |
| 2 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र / जे0एस0एस0पी0एस0 | फुटबॉल, बैंडमिंटन एवं एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका) | | 01.04.2012 से 01.04.2016 के बीच हो। (10–14 वर्ष) | |
| 3 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र / जे0एस0एस0पी0एस0 | कुश्ती(बालक) | | | |
| 4 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षणकेन्द्र | कब्ड्डी (बालिका) | | | |
| 5 | सेन्टर ऑफ एक्सलेन्स (एकलव्य केन्द्र) | हॉकी (बालक एवं बालिका) | गुमला, खूँटी, लातेहार, राँची एवं सिमडेगा। | 01.04.2004 से 01.04.2010 के बीच हो। (16–22 वर्ष) | 18–19 सितम्बर, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से। |
| 6 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0 एस0एस0पी0एस0 | हॉकी (बालक एवं बालिका) | गुमला, खूँटी, लातेहार, राँची एवं सिमडेगा। | 01.04.2012 से 01.04.2016 के बीच हो। (10–14 वर्ष) | |
| 7 | सेन्टर ऑफ एक्सलेन्स (एकलव्य केन्द्र) | तीरदांजी (बालक एवं बालिका) | पूर्वी सिंहभूम, पं0 सिंहभूम, दुमका, राँची, सरायकेला–खरसांवा एवं बोकारो। | 01.04.2004 से 01.04.2010 के बीच हो। (16–22 वर्ष) | |
| 8 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे0 एस0एस0पी0एस0 | तीरदांजी (बालक एवं बालिका) | पूर्वी सिंहभूम, पं0 सिंहभूम, दुमका, राँची, सरायकेला–खरसांवा एवंबोकारो। | 01.04.2012 से 01.04.2016 के बीच हो। (10–14 वर्ष) | |

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला खेल समन्वयक, जिला खेल कार्यालय, पलामू के मोबाईल नं0–7903002586 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 361754 District(25-26)D

जिला खेल पदाधिकारी,पलामू।



## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

पत्रांक 980 / न0प0, दिनांक 12.09.2025

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद्, बाजार सैरात बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–19.09.2025 को समय समय 12:30 बजे अपराह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–20.09.2025 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्रमांक | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद् बाजार बन्दोबस्ती | कार्यादेश की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 13,00,000.00 | 1,30,000.00 |

नोटः– 1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–19.09.2025 को समय 12:30 बजे अपराह्न।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक, नगर परिषद्, चतरा।

PR 361759 (Urban Development) 25-26 (D)



## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

Email ID- adss.plm@gmail.com

### पब्लिक नोटिस

केस नं0–JH/CWC/PAL/87/2020

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि बालक गुड्डू कुमार उम्र 15 वर्ष विगत कई वर्षों से बाल गृह, डाल्टनगंज में आवासित है। रामाशीष यादव, पिता–स्व0 मुनेश्रवर यादव, निवासी ग्राम–जगदीशपुर, थाना–डिबरा, जिला–औरंगाबाद, राज्य–बिहार खुद को इस बालक का पालक पिता होने का दावा करते हैं एवं इस बालक को अपने देख–रेख व संरक्षण में रखना चाहते हैं। इस हेतु इन्होने बाल कल्याण समिति, पलामू के समक्ष प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। अतः जिस किसी को भी इस संदर्भ में आपत्ति हो, वो अपना लिखित आपत्ति 60 दिनों के भीतर समिति के समक्ष दायर करें, अन्यथा समिति द्वारा बाल हित में उचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

विश्वासभाजन,
सहायक निदेशक,
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू

PR 361714 District(25-26).D



## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)

कार्यालयः- जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार

### किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–18 दिनांक–29.05.2025 वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य उद्यान विकास योजना अन्तर्गत उप योजना "मधुमक्खी पालन की योजना" के तहत लातेहार जिला के सभी कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि जिला में निम्नाकिंत रूप से योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का कार्यान्वयन किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयववार सरकार द्वारा अनुदान देय होगी। इच्छुक कृषक / कृषक समूह / लाभुक समिति / महिला समूह कार्यालय अवधि में आवेदन–प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 24.09.2025 तक कार्यालय अवधि में अपना आवेदन जमा एवं योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र० सं० | कार्य अवयव | जिला – लातेहार | |
|---|---|---|---|
| | | वित्तीय लक्ष्य | भौतिक लक्ष्य (ईकाई) |
| 01 | मधुमक्खी कॉलोनी (बक्सा) | मधुमक्खी कॉलोनी प्रति इकाई लागत रु० 2000/– मात्र का अधिकतम 80 प्रतिशत अनुदान रु० 1600/– एवं कृषक अंशदान 20 प्रतिशत रू० 400/– | 22 |
| 02 | मधुमक्खी हिव्स (छत्ता) | मधुमक्खी हिव्स प्रति इकाई लागत रु० 2000/– मात्र का अधिकतम 80 प्रतिशत अनुदान रु० 1600/– एवं कृषक अंशदान 20 प्रतिशत रू० 400/– | 22 |
| 03 | कन्टेनर 30 कि.ग्रा. (ड्रम) | कन्टेनर 30 कि०ग्रा० प्रति इकाई लागत रु० 20000/– मात्र का अधिकतम 80 प्रतिशत अनुदान रु० 16000/– एवं कृषक अंशदान 20 प्रतिशत रू० 4000/– | 22 |
| 04 | जिला स्तरीय प्रशिक्षण | 03 दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण | 22 |

नोटः– 1. जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार के द्वारा लाभुकों / कृषकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
2. लाभुक का चयन उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जाएगा।
3. योजना कार्यान्वयन में SC, ST लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, FPO, महिला स्वंय सहायता समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. जिला उद्यान कार्यालय, लातेहार से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
5. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार से सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन का प्रारूप atmalatehar.in पर उपलब्ध है।

जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार

PR 361749 Agriculture (25-26)_D

### पुत्रों की दीर्घायु के लिए किया जाने वाला पर्व जिउतिया 14 सितंबर को

# जिउतिया को लेकर बाजार रहे गुलजार

● नहाय खाय के साथ लोक पर्व जितिया पर्व आज से शुरु

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** अपने पुत्र की दीर्घायु, आरोग्य और सुखमयी जीवन के लिए, माताएं जितिया व्रत रखती हैं। तीज की तरह यह व्रत भी बिना आहार और निर्जला रखना पड़ता है। जितिया व्रत इस साल 14 सितंबर को रखा जाएगा। अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जीवितपुत्रिका मनाया जाता है। इसे जितिया या जितिया व्रत भी कहा जाता है। तीज और छठ पर्व की तरह जितिया व्रत की शुरूआत भी नहाय-खाय के साथ ही होती है। इस पर्व को तीन दिनों तक मनाये जाने की परंपरा है। सप्तमी तिथि को नहाय-खाय होता है। उसके बाद अष्टमी तिथि को महिलाएं बच्चों की उन्नति और आरोग्य रहने की मंगलकामना के साथ निर्जला व्रत रखती हैं। वहीं, तीसरे दिन अर्थात नवमी तिथि को व्रत को तोड़ा जाता है। जिसे पारण भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं की मानें तो महाभारत के युद्ध के दौरान पिता की मौत होने से अश्वत्थामा को बहुत आघात पहुंचा था। वे क्रोधित होकर पांडवों के शिविर में घुस गए थे और वहां सो रहे पांच लोगों को पांडव समझकर मार डाला था। ऐसी मान्यता है कि वे सभी संतान द्रौपदी के थे। इस घटना के बाद अर्जुन ने अश्वत्थामा गिरफ्त में ले लिया और उनसे दिव्य मणि छीन ली थी। अश्वत्थामा ने क्रोध में आकर अभिमन्यु की पत्नी के गर्भ में भी पल रहे बच्चे को मारने की कोशिश की परन्तु अजन्मे बच्चे को श्री कृष्ण ने अपने दिव्य शक्ति से रक्षा की। जिस बच्चे का नामांकरण जीवितपुत्रिका के तौर पर किया गया। इसी के बाद से संतान की लंबी उम्र हेतु माताएं मंगल कामना करती हैं और हर साल जितिया व्रत को विधि-विधान से पूरा करती हैं। इधर नहाय-खाय के साथ 13 सितंबर से श्रद्धा और आस्था का पर्व जिउतिया आरंभ होगा। नहाय खाय के अगले दिन 14 सितंबर को व्रती महिलाएं निर्जला उपवास रखेंगी। जिउतिया पर्व को लेकर बाजार में शुक्रवार को गहमा-गहमी रही। खासकर महिलाओं की भीड़ अधिक देखी गयी। लोगों ने खासकर महिलाओं ने सोने तथा पीतल के बने जिउतिया एवं अन्य पूजन सामग्रियों की जमकर खरीदारी की। खरीददारी को लेकर सुबह से हीं बाजारों में काफी भीड़ भाड़ देखी गयी। जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। सर्वाधिक भीड़ स्वर्णकारों के दुकानों पर देखने को मिल रही थी। महिलाएं सोने की बनी जिउतिया खरीदने में मशगुल दिख रही थी वहीं स्वर्णकारों ने भी जिउतिया की मांग को देखते हुए पूर्व से हीं तैयारी कर रखी थी। पुत्रों के अनुसार जिउतिया पहनने का रिवाज रहा है। इसको लेकर महिलाएं सोने एवं रेशम के धागों की बनी जिउतिया खरीद रही थी। वहीं नहाय खाय को लेकर सतपुतिया, कंदा,नोनी के साग की भी खूब बिक्री हुयी। साथ हीं कुशही केराव तथा मडुआ के आटे की भी खूब बिक्री हुई।

### मोमिन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने डॉ इरफान अंसारी को दी न्योता

# लोहरदगा के मोमिनों के हक व हुकूक की आवाज बनूंगा : मंत्री



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारी हाजी अब्दुल जब्बार साहब के अगुवाई में रांची पहुंचकर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी को 14 सितंबर को लोहरदगा में होने वाले मोमिन कॉन्फ्रेंस के सम्मेलन में शामिल होने हेतु न्योता दिया। मौके पर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने न्योता स्वीकार करते हुए कहा कि लोहरदगा में होने वाले मोमिन कॉन्फ्रेंस के महासम्मेलन में मै जरूर पहुंचूंगा और लोहरदगा के मोमिनों के हक और हुकूक के लिए मैं उनका आवाज बनूंगा। वहीं कार्यक्रम के संयोजक हाजी जब्बारूल साहब ने कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस के महा सम्मेलन मे मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी के साथ साथ आल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी, पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहु,राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अंसारी,राष्ट्रीय महासचिव सगीर अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली, अमानत अली समेत कई दिगर हस्तियां शामिल होंगे जो हमारे समाज के लोगों के हक अधिकार दिलाने के लिए हमारी आवाज बनेंगे। उन्होंने कहा कि महासम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर गांव स्तर पर मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ता डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों से मिल रहे है और सम्मेलन मे शामिल होने के दावत दे रहे कहा कि सम्मेलन मे समाज के हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे, इसे लेकर तैयारी जोरो पर है। मौके पर संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार, जिला अध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी, यूथ अध्यक्ष ऐनुल अंसारी, जिला वरीय उपाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, जिला उपाध्यक्ष हातिम अंसारी, जिला महासचिव रौनक एकबाल आदि मौजूद थे।

# भाजपा का नगर परिषद कार्यालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन



● सूर्या हांसदा हत्या व भ्रष्टाचार पर जताया विरोध

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा नगर मंडल के द्वारा नगर पालिका कार्यालय परिसर में एक दिवसीय आक्रोश एवं धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने बताया कि नगर क्षेत्र में गिरती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, अतिक्रमण, नाली सफाई, पेयजल संकट और योजनाओं की विफलता से आम जनता त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो भी खनिज माफियाओं व भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाता है, उसकी हत्या षड्यंत्र के तहत कर दी जाती है। विशेष रूप से सूर्या हांसदा की फर्जी मुठभेड़ को उदाहरण बताया गया। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि सूर्य हांसदा गरीब बच्चों की शिक्षा और आवास व्यवस्था करते थे, लेकिन खनिज लूट के विरोध में उन्हें निशाना बनाया गया। भाजपा के कार्यकर्ता पवन तिग्गा ने बताया कि नए दुकानों का आवंटन आदिवासी समाज के खिलाफ हो रहा है। धरना प्रदर्शन के अंत में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। आयोजन का संचालन विवेक चौहान ने किया। भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जंगली हाथी के हमले में युवक की दर्दनाक मौत

**कुडू।** जिले के कैरो प्रखंड अंतर्गत नवाटोली गांव में जंगली हाथी के हमले में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान इरफान अंसारी पिता याकूब अंसारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इरफान अंसारी महुवरी की ओर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हाथियों का एक झुंड सड़क किनारे से गुजर रहा था। अचानक झुंड से बिछड़ा एक हाथी सड़क पर आ धमका। युवक ने हाथी को देख जान बचाने के लिए भागने की कोशिश की, लेकिन हाथी ने उसे दौड़ा कर इरफान को अपनी सूंड और पैरों से कुचल डाला, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुटे, परंतु हाथी की आक्रामकता के कारण कोई पास नहीं जा सका। काफी देर बाद लोगों ने इरफान को कुडू अस्पताल पहुचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न

# घरों में शिक्षा का बेहतर माहौल बनाए अभिभावक : एसडीओ



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** राजकीय उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सलगी, कुडू में पीटीएम बैठक में अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ विद्यालय के बाल संसद के मंत्री और सदस्य भी शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी श्री अमित कुमार शामिल हुए। बैठक में विद्यालय में बच्चों कि 100% उपस्थिति पर चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने विद्यालय एवं घरों में शिक्षा का बेहतर माहौल बनाने हेतु अनेक सुझाव दिए एवं शिक्षा के महत्व पर विशेष रूप से कहा कि बच्चों के प्रति सकारात्मक विचार अपनाते हुए उनकी भावनाओं को समझने की आवश्यकता है। शिक्षा के प्रति उन्हें गंभीर होने की आवश्यकता है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नसीम अहमद ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को बिना अनुपस्थित हुए लगातार विद्यालय भेजने का प्रयास करें। बैठक के दौरान अभिभावकों ने भी विद्यालय एवं पदाधिकारी के समक्ष अपने बातों एवं सुझावों को रखा। इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में बच्चों के अभिभावक शामिल हुए साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षक–शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल हुए।

## सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

**भंडरा।** लोहरदगा-भंडरा मुख्य मार्ग पर बरही चौक के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। जानकारी अनुसार, कलीम मिरदाहा अपने पल्सर मोटरसाइकिल से लोहरदगा जा रहा था। इसी दौरान बरही पानी टंकी के समीप अचानक एक मवेशी सड़क पर आ गया। मवेशी के सामने आने से कलीम का मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घायल कलीम को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। लेकिन रिम्स पहुंचने से पूर्व रास्ते में ही कलीम की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कलीम के सिर पर गंभीर चोटें आई थीं, जिसकी वजह से उसकी जान नहीं बच सकी। हादसे की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## युवा समाजसेवी व छात्र नेता कलीम मिरदाहा का सड़क दुर्घटना में निधन

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना अंतर्गत बरही के समीप सड़क दुर्घटना में युवा समाजसेवी सह छात्रनेता कलीम मिरदाहा का देहांत हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से श्री मिरदाहा को आनन- फानन में लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया था। हालांकि कलीम मिरदाहा की रास्ते में ही मौत हो गई। भंडरा थाना क्षेत्र के सोरन्दा बांध टोली निवासी कलीम मिरदाहा अपने घर से लोहरदगा आ रहे थे इसी दौरान बरही के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कलीम गंभीर रूप से घायल हो गए, इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच और अग्रतर कारवाई में जुट गई है। श्री मिरदाहा के निधन पर अभाविप, एनएसयूआई, आजसू समेत रामाधार पाठक, जनक प्रजापति समेत युवा छात्र नेता एवं बी एस कालेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया।

### धूमधाम से मना सूचना अधिकार अधिनियम का स्थापना दिवस, बोले जिला अध्यक्ष

# आयुक्त की नियुक्ति लंबित रहने से प्रभावित हो रहे 25 हजार से अधिक आवेदन : शकील

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** होटल केतकी में शुक्रवार को लोहरदगा सूचना अधिकार रक्षा मंच की ओर से सूचना अधिकार अधिनियम 2005 का स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया गया। जिसमें मंच के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मंच के जिला अध्यक्ष शकील अख्तर, संरक्षक प्रदीप राणा, सचिव संजय विश्वकर्मा, सह सचिव कयूम अंसारी, संगठन मंत्री कामिल टोपनो, कार्यकारिणी सदस्य जावेद खान एवं प्रखंड सचिव अब्दुल कादिर अंसारी मौजूद थे। सभी पदाधिकारियों ने मिलकर सूचना अधिकार अधिनियम की उपलब्धियों और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। जिला अध्यक्ष शकील अख्तर ने अपने संबोधन में कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम आम जनता के हाथ में एक शक्तिशाली हथियार है, जिसके माध्यम से लोग शासन-प्रशासन से जवाबदेही सुनिश्चित कर सकते हैं। लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण झारखंड सूचना आयोग में अब तक आयुक्त की नियुक्ति नहीं की गई है। इस वजह से राज्यभर के 25 हजार से अधिक आवेदन लंबित पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना को कमजोर कर रही है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर गंभीरता दिखाते हुए झारखंड सरकार को 30 अक्टूबर तक सूचना आयुक्त नियुक्त करने का स्पष्ट निर्देश दिया है। अगर समय पर नियुक्ति नहीं हुई, तो आम जनता का विश्वास और भी कमजोर होगा। प्रदीप राणा ने कहा कि सूचना का अधिकार लोकतंत्र की मजबूती का आधार है।

# विद्यालय के विकास में अभिभावकों का योगदान जरूरी : अजय तिर्की

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बीटपी का विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक विद्यालय परिसर में हुई। इस बैठक में विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के 300 अभिभावक शामिल हुए। बैठक में उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों का स्वागत छात्राओं ने स्वागत गान कर किया। अभिभावकों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय तिर्की के द्वारा की गई। इस बैठक में विद्यालय प्रबंध समिति एवं उपस्थित अभिभावक के समक्ष सत प्रतिशत नामांकन एवं शत प्रतिशत उपस्थित पर विशेष बल दी गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय तिर्की ने बताया कि अभिभावको को यह बताया गया कि अपने सभी बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराए एवं बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। इसमें अभिभावकों का सहयोग की आवश्यकता है। अक्सर देखा जाता है कि बच्चे विद्यालय में नामांकन तो कर लिए, लेकिन विद्यालय नहीं आते हैं। बच्चों का ड्रॉप आउट हो जाता है। इसमें अभिभावक सहयोग करें और बच्चों का ड्रॉप आउट नहीं होने दे। विद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं में छात्रों की सत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें माता-पिता की भागीदारी सुनिश्चित होती है। विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की जानकारी अभिभावकों को दी गई। अभिभावकों से कहा गया कि छात्रों का लर्निंग गैप काम हो। विद्यालय छोड़ चुके बच्चों को विद्यालय में लाकर नामांकन कराए एवं उन्हें विद्यालय नियमित रूप से भेजें। इस बैठक में अभिभावकों का अंशदान पर भी चर्चा की गई। जिसमें विद्यालय में आयोजित शिक्षक दिवस, सरस्वती पूजा सहित अन्य आयोजनों में अभिभावक का भी अंशदान होगा। बच्चों की स्वअध्ययन को भी शिक्षकों ने आवश्यक बताया और अभिभावकों से आग्रह किया गया कि छात्रों को घर में नियमित रूप से स्वाध्ययन करने के लिए प्रेरित करें।

## न्यूज बॉक्स

### प्रेम विवाद में युवती ने मोबाइल टावर पर चढ़कर की आत्महत्या का कोशिश, पुलिस ने बचाया

**लोहरदगा।** लोहरदगा के सोबरान टोली में शुक्रवार को एक सनसनीखेज घटना घटित हुई, जब 27 वर्षीय ज्योति कुमारी ने अपने प्रेमी के साथ विवाद के बाद गुस्से में मोबाइल टावर पर चढ़कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर युवती को समझाने-बुझाने में जुट गए। पुलिस एवं स्थानीय लोगों ने लगभग एक घंटे तक प्रयास किया, जिससे अंततः ज्योति को सुरक्षित नीचे उतारा गया। ज्योति कुमारी पतरातू चंहो, रांची की निवासी हैं और लंबे समय से धर्मेंद्र प्रजापति के साथ प्रेम संबंध में थीं। बताया जा रहा है कि किसी व्यक्तिगत मामले को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जिससे आहत होकर युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ महिला थाना में पहले से मामला दर्ज है। फिलहाल पुलिस दोनों से गहन पूछताछ कर रही है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। यह घटना एक बार फिर दर्शाती है कि निजी रिश्तों में तनाव कितना गंभीर रूप ले सकता है। साथ ही, पुलिस एवं स्थानीय लोगों की तत्परता ने एक बड़ी अनहोनी को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नक्सल प्रभावित किस्को में 32वीं वाहिनी एसएसबी का पौधरोपण व जागरूकता अभियान



**लोहरदगा।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र किश्को में सामाजिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के तहत 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ओर से भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन 32वीं वाहिनी के कमांडेंट राजेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं समन्वय प्रभारी इंस्पेक्टर मनीष चौबे की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम किसको प्रखंड के +2 एसएस हाई स्कूल परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्कूल प्रशासन एवं एसएसबी के जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान पौधारोपण के साथ-साथ बच्चों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशामुक्ति, महिलाओं को सीआरपीएफ में भर्ती हेतु प्रेरित करने तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर एसएसबी उप निरीक्षक नीरव कुमार, किश्को थाना प्रभारी सुमन मिंज, प्रधानाचार्य विपिन कुमार सहित अन्य शिक्षकगण व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सामाजिक कल्याण व विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए यह कार्यक्रम सराहनीय कदम माना गया।

### कुडू थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**कुडू-लोहरदगा।** आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शुक्रवार को कुडू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मनोज कुमार ने की। गौरतलब है कि इस वर्ष कुडू क्षेत्र के 27 स्थानों पर दुर्गा पूजा का आयोजन होगा। थाना प्रभारी ने बताया कि विसर्जन जुलूस निर्धारित रूट चार्ट से ही निकाला जाएगा तथा सभी पूजा समितियों को नियमों का पालन करना होगा। साथ ही प्रत्येक पंडाल में फायर ब्रिगेड वाहन के प्रवेश हेतु पर्याप्त स्थान छोड़े जाने का भी निर्देश दिया गया। पूरे कुडू क्षेत्र को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चार जोन सुंदरू, उडुमुडु, लावागाई और ककरगढ़ में विभाजित किया गया है। बैठक में जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी,धीरज प्रसाद, संजय चौधरी, विकास लाल, दीपक प्रसाद,रोजमत अंसारी, विनय चौधरी, कन्हैया प्रसाद, शातिष चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने किया सांसद सुखदेव भगत के बयान का विरोध



**लोहरदगा।** भाजपा झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत द्वारा सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संदर्भ में दिए गए अनर्गल प्रलापों की कड़ी निंदा की है। ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उत्सव के साथ राष्ट्रप्रेम और सेवा की विचारधारा को बढ़ावा दे रहा है, जिसे किसी सांसद से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं। संघ सदैव राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहा है। उन्होंने बताया कि आरएसएस के स्वयंसेवक हर संकट काल में देश के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े रहे हैं – चाहे वह 1962 का चीन से युद्ध हो, 1965 एवं 1971 का पाकिस्तान के साथ युद्ध हो। संघ ने देश को कई महान राष्ट्रभक्त दिए हैं, जिनमें परम पूज्य गुरुजी, स्वर्गीय देवरस जी, स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सहित अनेक राष्ट्रवादी व्यक्तित्व शामिल हैं। ओम प्रकाश सिंह ने सांसद सुखदेव भगत से आग्रह किया कि वे सूर्य की ओर देखकर गंदगी फैलाने से बचें, क्योंकि उन्होंने भी सूर्य की उपासना की है। उन्होंने आरएसएस को एक चमकते सूर्य की तरह दिव्यमान बताया, जो सदैव राष्ट्रहित में कार्यरत है।

**विचार विमर्श**

### पंचम राज्य वित्त आयोग ने की जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक, दिए निर्देश

# पंचायत को दिए गए अधिकारों की जानकारी सभी विभागों को रहे

● सभी पीवीटीजी परिवारों को मिले पीवीटीजी डाकिया योजना का लाभ

● इंटर क्रॉपिंग करें किसान होगा फायदा

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** पंचम राज्य वित्त आयोग, झारखंड ने शुक्रवार को लोहरदगा जिला के विभिन्न विभागों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह ने की जिसमें उन्होंने सभी विभागों को पंचायत को प्रदत्त अधिकारों की जानकारी रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं में पंचायत की भूमिका अवश्य हो तभी पंचायत सुदृढ़ हो सकेगा। मुखिया के साथ-साथ सभी वार्ड सदस्यों की भी पंचायत की गतिविधियों में भूमिका हो। पंचायतों में नियमित रूप से विभिन्न समितियों की बैठक हो और उसकी मॉनिटरिंग हो।

बैठक में लोहरदगा जिला गन्ना का उत्पादन कर रहे किसानों का सर्वे कराने का निर्देश दिया गया ताकि किसानों की आय बढ़ सकें। उनकी आय गन्ना के अन्य उत्पादों से भी होनी चाहिए। चीनी का विकल्प गुड़ के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाए। यहां किसान आम की खेती के साथ-साथ इंटर क्रॉपिंग भी करें। यहां अनार, शरीफा, अमरूद, चीकू की भी बागवानी बेहतर विकल्प है। इससे आर्थिक स्तर उपर उठेगा।

शिक्षा विभाग में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक नियमित रूप से करने और समिति का पुनर्गठन समय-समय पर किए जाने का निर्देश दिया गया। अध्यक्ष, पंचम राज्य वित्त आयोग ने इको क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, राष्ट्रीय आविष्कार योजना, मध्याह्न भोजन आदि बिंदुओं पर जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, विद्यालयों में छात्राओं के लिए सैनिटरी पैड उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिए गए।

जिला उद्योग महाप्रबंधक द्वारा विभाग अंतर्गत पीएमईजीपी, पीएमएफएमई और पीएम विश्वकर्मा से संबंधित योजनाओं में लाभुकों की स्थिति की जानकारी दी। अध्यक्ष, राज्य वित्त आयोग द्वारा जिला में तसर उत्पादन, रागी के बिस्किट आदि से संबंधित संभावनाओं पर आवश्यक निर्देश दिए। जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना के अंतर्गत अच्छादित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि वैसे परिवार हो संपन्न हैं वे राशन कार्ड की योजना से अपना नाम हटवा लें ताकि जरूरतमंद परिवार को उसका लाभ मिल सके।

स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड के जरिये ईलाज की मॉनिटरिंग, सदर अस्पताल में चिकित्सीय सुविधाओं को बढ़ाने, मौसमी बीमारियों के सैंपल की टेस्टिंग आदि बिंदुओं पर निर्देश दिया गया।

कल्याण विभाग अंतर्गत प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण योजना की स्थिति, पीवीटीजी के लिए आवास योजनाओं, शौचालय की स्थिति, उनके लिए पेयजल की सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। पीवीटीजी के शैक्षणिक योग्यता, उनके लिए पहुंच पथ, बिजली कनेक्शन आदि का सर्वे करने का निर्देश दिया गया।

अध्यक्ष पंचम राज्य वित्त आयोग द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ निजी विद्यालय की छात्राओं को भी दिये जाने का प्रस्ताव रखा। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत पीएम मातृ वंदना योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, वन स्टॉप सेंटर समेत अन्य योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिला में संचालित विकास योजनाओं से आयोग को अवगत कराया बैठक में आयोग के सदस्य प्रोफेसर हरिश्वर दयाल, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## प्रेम-प्रसंग का दर्दनाक अंत, नाबालिग छात्रा व उसके प्रेमी ने की आत्महत्या



**बिशुनपुर।** बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को एक हृदय विदारक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। महज 14 वर्ष की कक्षा आठ की छात्रा अंतरा कुमारी ने अपने घर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था। इस बीच उसका प्रेमी पवन उरांव (16 वर्ष) का फोन आया। आपसी कहासुनी के बाद अंतरा ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर नवागढ़ सेरका निवासी पवन उरांव भी गहरे सदमे में चला गया। कुछ देर बाद उसने भी अपने घर में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है।

## जनशिकायत निवारण दिवस शिविर का आयोजन

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जनशिकायत निवारण दिवस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से पेंशन योजना संबंधित 07, मंईया सम्मान योजना संबंधित 05, बिजली विभाग से संबंधित 01, सड़क निर्माण से संबंधित 02, एवं अन्य से 02 आवेदन प्राप्त किए गए। कुल 17 आवेदनों में से 12 आवेदन का त्वरित निष्पादन किया गया एवं 05 आवेदन को संबंधित विभाग को निष्पादन हेतु अग्रसारित कर दिया गया। मौके पर अंचल अधिकारी अशोक बड़ाइक, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, अंचल निरीक्षक चंदरू उरांव, अंचल कर्मचारी प्रकाश उरांव, मुनेश्वर सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर बजरंग साहु सहित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के संबंधित विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## चैनपुर लूथरन उच्च विद्यालय में मना शिक्षक दिवस

**चैनपुर।** चैनपुर लूथरन उच्च विद्यालय में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत मिशा पूजा के साथ हुई, जिसके बाद स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान छात्रों ने अपने गुरुजनों, शिक्षकों और शिक्षिकाओं को फूल और माला पहनाकर उनका सम्मान किया।इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रतिमा एक्का, शिक्षक प्रकाश बेक, अनमोल एक्का, आनंद रक्षित मिंज, राजेंद्र कुमार समेत सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे। प्रधानाध्यापिका प्रतिमा एक्का ने अपने संबोधन में शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्ज्वल बना पाते हैं।

## 12 वर्षीय सुहाना के लिए समाजसेवी अशोक त्रिपाठी ने किया 120वां रक्तदान



**गुमला।** लाइफ लाइन संस्था के संस्थापक सदस्य सह समाजसेवी अशोक त्रिपाठी ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने घाघरा निवासी 12 वर्षीय सुहाना के लिए अपना 120वां रक्तदान किया। रक्तदान के इस अद्भुत सिलसिले से वे अपने दोहरे शतक के संकल्प की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। अशोक त्रिपाठी को समाज में 'शतकवीर' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने हमेशा जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए तत्पर रहकर रक्तदान को सेवा और मानवता का सर्वोच्च कार्य बताया है। इस अवसर पर डॉ. गणेश राम, मनीष सिंह, राजेश कुमार, गुप्तेश्वर सिंह, रोहित खंडेलवाल, अंजू किंडो और लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार मौजूद रहे। सभी ने अशोक त्रिपाठी के इस सामाजिक कार्य की सराहना की और युवाओं से रक्तदान आंदोलन से जुड़ने की अपील की।

## आंगनबाड़ी सेविका, सहिया और जलसहियों को मिला आदि कर्मयोगी' प्रशिक्षण



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आईं आंगनबाड़ी सेविकाओं, स्वास्थ्य सहियाओं और जलसहियों को "आदि कर्मयोगी" प्रशिक्षण दिया गया। यह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम था, जिसका उद्देश्य इन सभी को उनके कार्यों में और अधिक कुशल और प्रभावी बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक एवं अन्य अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को उनके दायित्वों और सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और सामुदायिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया था। प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर सही तरीके से लागू करना था ताकि उनका लाभ आम जनता तक पहुंच सके।अधिकारियों ने बताया कि यह प्रशिक्षण इन महिला कार्यकर्ताओं को उनके काम में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाएगा। इस प्रशिक्षण के बाद, सभी सेविकाओं, सहियाओं और जलसहियों को उनके संबंधित क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने और समुदाय के लिए एक मजबूत स्तंभ बनने की उम्मीद है।

## घाघरा : पत्नी हुई लापता, पति ने थाना में लगाई गुहार



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के मलगो निवासी बलिराम महतो ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। उन्होंने थाना पहुंच कर आवेदन दिया कि उनकी पत्नी कलावती देवी (उम्र लगभग 27 वर्ष) दिनांक 4 सितंबर 2025 की सुबह लगभग 9 बजे से लापता है। बलिराम महतो ने बताया कि प्रारंभिक स्तर पर उन्होंने आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों में काफी खोजबीन की, लेकिन पत्नी का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। आवेदन के अनुसार कलावती देवी का रंग गोरा है, कद लगभग 5 फीट 1 इंच है और गुमशुदगी के समय उन्होंने बैंगनी रंग की साड़ी पहन रखी थी। बलिराम महतो ने क्षेत्र के लोगों और आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं उनकी पत्नी दिखे तो तुरंत संपर्क कर सूचना दें। उन्होंने मोबाइल नंबर 9546820239 और 9153543043 जारी किए हैं। इस मामले में पुलिस जांच शुरू कर दी है।

## गुमला में रेलवे आरक्षण केंद्र का शुभारंभ यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत

**गुमला।** जिले के यात्रियों की सुविधा के लिए गुमला शहर के को-ऑपरेटिव बैंक कॉम्प्लेक्स, जशपुर रोड में रेलवे आरक्षण केंद्र (वाईटीएसके) का शुभारंभ 12 सितम्बर को दोपहर 12 बजे किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी तथा अन्य अतिथि विनय कुमार लाल और दिलीप उरांव मौजूद थे। हालांकि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। अपने संबोधन में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि – "गुमला में पहले भी रेलवे टिकट काउंटर खोला गया था, जो बाद में बंद हो गया था। पुनः प्रयासों से इसे शुरू किया गया है, जिससे आम जनों को सीधा लाभ मिलेगा। मेरे कार्यकाल में लोहरदगा-जशपुर होते हुए गुमला तक रेल लाइन जोड़ने का प्रस्ताव दिया गया था, जिस पर विभागीय स्तर पर कार्य प्रारंभ होने की संभावना है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उरांव ने कहा कि – "रेलवे काउंटर खुलने से आम जनता को अब टिकट के लिए रांची या लोहरदगा नहीं जाना पड़ेगा, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।"

### जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक संपन्न, उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा-

# बच्चों की सुरक्षा व पुनर्वास सर्वोच्च प्राथमिकता

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला बाल संरक्षण इकाई अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिले में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और अधिकारों की रक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**बाल सुधार गृह पर कड़ी निगरानी :** बैठक में बाल सुधार गृह की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि हर 15 दिन पर सुरक्षा और गतिविधियों का नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट जिला प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि संचालन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

**अनाथ बच्चों के पुनर्वास पर जोर :** उपायुक्त ने विशेष रूप से अनाथ बच्चों के सुरक्षित पुनर्वास पर बल दिया। जिले में माता-पिता को खो चुके 25 बच्चों के नाम स्वयं उपायुक्त ने भेजे हैं। इन बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना सहित अन्य योजनाओं से तत्काल लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक को इस पूरी प्रक्रिया की व्यक्तिगत निगरानी करने और बच्चों के घर जाकर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

**बालिका गृह की सुरक्षा सर्वोपरि :** बालिका गृह में बच्चियों की सुरक्षा को लेकर भी उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित होनी चाहिए।

## 78 में से 66 आवेदनों का हुआ त्वरित निष्पादन

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित हो रहे जनशिकायत निवारण दिवस के क्रम में शुक्रवार को डुमरी प्रखंड परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की। कार्यक्रम के दौरान कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 66 का तत्काल निष्पादन किया गया। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े 23 आवेदन – सभी का निष्पादन, पेंशन से जुड़े 12 आवेदन – 3 का निष्पादन (शेष लंबित), जाति प्रमाण पत्र के 13 आवेदन – सभी का निष्पादन, आय प्रमाण पत्र के 8 आवेदन – सभी का निष्पादन, आवासीय प्रमाण पत्र के 15 आवेदन – सभी का निष्पादन, मइया सम्मान योजना के 3 आवेदन – निष्पादन लंबित, राशन कार्ड से जुड़े 3 आवेदन – सभी का निष्पादन, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र का 1 आवेदन – निष्पादित, कुल मिलाकर अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

## रक्तदान शिविर आयोजित सात यूनिट रक्त संग्रहित



**भरनो।** उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड कार्यालय सभागार में सदर अस्पताल ब्लड बैंक गुमला की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ अरुण कुमार सिंह, सीओ अविनाश कुजूर तथा चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में कुल 7 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम में बीपीएम रविन्द्र कुमार सहित सीएचसी भरनो के चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे।

# सखी मंडलों ने मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

नवीन मेल संवाददाता




**सिसई (गुमला)।** सुरसा कोटारी मैदान में चेगरी आजीविका महिला क्लस्टर संगठन छारदा स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, सिसई की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव और संकुल स्तरीय छठी वार्षिक आमसभा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाशित उरांव, सचिव पार्वती मिंज एवं कोषाध्यक्ष संगीता देवी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य उत्तरी विजयलक्ष्मी कुमारी उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में बोन्डो पंचायत की मुखिया सोनी तिर्की, छारदा मुखिया मंजु देवी, भूरसो मुखिया रेखा देवी, ग्राम प्रधान रोपना उरांव एवं बालेश्वर उरांव, पंचायत समिति सदस्य मीरा देवी, ज्ञानी कुमारी लकड़ा और पूर्व मुखिया व ए.के. भगत पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक कुमार भगत शामिल रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी मंचासीन अतिथियों को बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभा में चार पंचायतों के 23 राजस्व ग्रामों के 439 सखी मंडलों की लगभग 5,000 महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वास पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल, बैंकिंग सेवाओं और पारंपरिक नृत्य पर भी आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। चेगरी क्लस्टर से जुड़ी 4,948 महिलाएं विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के माध्यम से परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। 3,672 परिवार खेती-बाड़ी से, 1,120 परिवार बकरी पालन से, 503 परिवार मुर्गी पालन से, 76 परिवार सूकर पालन से, 66 परिवार किराना दुकान से, 218 परिवार होटल व्यवसाय से, 1,270 परिवार सब्जी उत्पादन से अपनी आजीविका चला रहे हैं। सखी मंडलों को मजबूत करने के लिए एनआरएलएम के सहयोग से चक्रीय निधि (आरएफ), सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) और बैंक लिंकेज (सीसीएल) उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए समिति ने गरीब व अति गरीब परिवारों को जोड़ने, सखी मंडलों का बीमा कराने, पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने और एकल महिला सदस्यों को सहयोग देने का लक्ष्य तय किया है। मुख्य अतिथि विजयलक्ष्मी कुमारी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## बिशुनपुर में बॉक्साइट लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मंजीरा गांव के पास शुक्रवार रात लगभग 7:30 बजे एक बड़ा हादसा हो गया। चौरहा पाठ माइंस से बॉक्साइट लोड कर आ रहा एक भारी ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के पास स्थित गड्ढे में जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चालक वाहन को गियर में खड़ा कर शराब पीने के लिए नीचे उतरा था। इसी दौरान अधिक लोड के कारण ट्रक धीरे-धीरे ढुलकता हुआ गड्ढे में समा गया। हादसे में ट्रक में भरा बॉक्साइट सड़क किनारे बिखर गया, जिससे राहगीरों को खासी परेशानी हुई। सूत्रों के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त ट्रक चंदवा निवासी अवधेश सिंह का है और इसे चंदवा ले जाया जा रहा था। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस-प्रशासन को सूचित किया गया।

## धान बीज उत्पादन कार्यक्रम का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला (विकास भारती बिशनपुर) द्वारा जिले में धान बीज उत्पादन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। केंद्र अपने भरनो फार्म एवं सालमनवा फार्म के साथ-साथ गुमला प्रखंड के काशी टोली और घाघरा प्रखंड के हापामुनि में बीज उत्पादन कार्य कर रहा है। भरनो प्रक्षेत्र में धान प्रभेद सीआर धान-320 का प्रजनन कर आधार बीज तैयार किया जा रहा है, वहीं सालमनवा टोली में स्वर्ण श्रेया का प्रजनन से आधार बीज उत्पादन किया जा रहा है। इसके अलावा गुमला प्रखंड के काशी टोली में एमटीयू-1010 धान प्रभेद का आधार-1 से आधार-2 स्तर तक बीज उत्पादन कराया जा रहा है। आज इस बीज उत्पादन कार्यक्रम का निरीक्षण भूमि संरक्षण पदाधिकारी सह बीज प्रमाणन पदाधिकारी आशीष प्रताप, उद्यान विभाग के दीपक कुमार सिंह, केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर नीरज कुमार वैश्य, बीज उत्पादक कृषक भरत कुमार मिश्रा एवं सुखराम उरांव ने संयुक्त रूप से किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खेतों का जायजा लेते हुए बीज उत्पादन की गुणवत्ता और वैज्ञानिक पद्धतियों की समीक्षा की। उन्होंने कृषकों को समय पर उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा आधुनिक तकनीक अपनाने के सुझाव भी दिए। इस कार्यक्रम से जिले के कृषकों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित धान बीज उपलब्ध होंगे, जिससे उत्पादन और आय में वृद्धि होगी।

# नशामुक्ति अभियान के तहत सिसई में निकाली गई जन जागरूकता रैली

**सिसई।** थाना क्षेत्र में बढ़ते नशाखोरी के रोकथाम हेतु प्रखंड प्रशासन, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा जन जागरुकता रैली निकाला गया। लोगों में नशे के कारण हो रही शारीरिक,मानसिक, पारिवारिक व सामाजिक दुष्परिणाम के बारे में जागरूक करना है। खासकर उन नौजवानों एवं किशोरों को जागरूक करना है जो घातक नशीले पदार्थों के गिरफ्त में आ चुके हैं और अपना भविष्य एवं अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। सभी समाज के प्रबुद्धजनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संकल्प लेते हुए कहा कि प्रखण्ड क्षेत्र में घातक नशीले पदार्थों (ड्रग्स) का बिक्री व सेवन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना है। रैली का शुभारंभ सिसई थाना परिसर से किया गया तथा थाना रोड, बसिया रोड, मेन रोड होते हुए प्रखंड मुख्यालय में समापन किया गया। रैली के दौरान "नशा को ना कहो जीवन को हां कहो" "दुकानदारों होश में आओ नशीले पदार्थ बेचना बंद करो" जैसे नारों से पूरा सिसई गुंज रहा था। रैली के समापन अवधि में जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जितने भी स्कूल हैं उन सभी स्कूलों में नशा के दुष्परिणाम के बारे में छात्र छात्राओं को प्रशासनिक एवं सामाजिक स्तर पर जागरूक करना होगा। वहीं नशा पान के खिलाफ घर घर जाकर मुहिम चलाने होंगे, एवं लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने ये भी कहा कि ये मुहिम तब तक नहीं रुकेगा जब तक पूरे प्रखण्ड नशामुक्त न हो जाए। जागरूकता रैली में सभी लोग हाथों में तख्ती लेकर पैदल चल रहे थे, और ब्राउन शुगर बंद करो, कोरेक्स बेचना बंद करो, जैसे नारेबाजी कर रहे थे। इस रैली में जिला परिषद अध्यक्षा किरण माला बाड़ा, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, बीडीओ रमेश कुमार यादव, समाजसेवी रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, बैबुल अंसारी, उमर फारुख,दुर्गेश तिर्की, पुरुषोत्तम भगत,दामोदर सिंह सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 16/2025–26

दिनांक– 11.09.2025

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.09.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 26.09.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.09.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के ग्राम गोनिया में छाताबार पीच रोड से सामुदायिक भवन होते हुए आम पेड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 641600/- | 13000/ - | 125 0/ - | 01 (One ) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंड़ल, लातेहार ।

PR 361685 (Building) 25-26 (D)



## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

### आवश्यक सूचना

विभागीय निदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अंतर्गत कचड़ा मुक्त शहर बनाने के उदेश्य से नागरिक को जागरूक करने के निमित्त जागरूकता अभियान के तहत् मझिआँव नगर पंचायत अन्तर्गत अष्ठिापित दुर्गापूजा पंडालों/समितियों के बीच **"सर्वश्रेश्ट पुजा पंडाल प्रतियोगिता/पूजास्थल"** आयोजित किया जाना है। समिति एवं उनके द्वारा अधिशठापित पंडालों का मूल्यांकन निम्ननिलिखित मापदण्डों के आधार पर किया जाएगा।

| क्रमांक | विषय | अंक |
|---|---|---|
| 01 | पूजा पंडाल से निकलने वाले कचड़ा का पृथक्करण। | 10 |
| 02 | पूजा पंडाल से निकलने वाले Biodegradable कचड़ा का pit disposal | 10 |
| 03 | पूजा पंडाल से निकलने वाले Non-Biodegradable कचडे का निस्तारण हेतु निकाय को सौंपना | 10 |
| 04 | पूजा पंडाल के आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला Dustbin की व्यवस्था एवं नागरिकों द्वारा उनका प्रयोग | 10 |
| 05 | पूजा पंडाल में स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का अधिष्ठापन/ध्वनि विस्तारक यन्त्र (जिंगल इत्यादि)/ऑडियों विजुअल (LED स्क्रीन) के माध्यम से प्रचार–प्रसार | 10 |
| 06 | विज्ञापन में बायोडिग्रेडेबल सामग्रीयों का उपयोग करना जैसे कपड़े, कागज आदि का होर्डिंग इत्यादि अथवा वैसे होर्डिंग का प्रयोग जिसका उपयोग बार–बार किया जा सके, जैसे LED स्क्रीन, स्टैंडी आदि | 10 |
| 07 | पूजा पंडालों में पॉलिथीन के स्थान पर कागज/जुट या किसी अन्य बायोडिग्रेडेबल सामग्रीयों से बने ठोंगों का उपयोग | 10 |
| 08 | थुकने हेतु स्थान की व्यवस्था एवं नागरिकों द्वारा इसका प्रयोग | 10 |
| 09 | निकाय द्वारा चिन्हित विसर्जन स्थल में पूजा समिति द्वारा मूर्ति का विसर्जन | 10 |
| 10 | पूजा समिति/नागरिकों द्वारा किये गए अभिनव (Inovative) कार्य | 10 |
| | कुल प्राप्तांक | 100 |

उपरोक्त मापदंडों के आलोक में नगर निकाय स्तर पर गठित समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाना है। अधिकतम अंक अर्जित करने वाले तीन श्रेष्ट पंडाल/पूजा समिति को पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 361791 (Urban Development)25-26*D



## कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
(E-mail ID- nrep.ltr@gmail.com)

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :–13/2025-26/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 12.09.2025
(15th Finance)

| क्र0 | आईडेंटीफिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि(रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंकमें | अक्षरमें | | |
| 1. | NREP/LATEHAR/25/ 2025-26 | प्रखंड–चंदाव अंतर्गत नगर में प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 1,42,99,630.00 | एककरोड़ बयालीस लाख निन्यानबे हजार छः सौतीस | 09माह | प्रथम |
| 2. | NREP/LATEHAR/26/ 2025-26 | प्रखंड–बरवाडीह अंतर्गत मण्डल में प्राथमिक स्वस्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 1,42,99,630.00 | एककरोड़ बयालीस लाख निन्यान बेहजार छः सौतीस | 09माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक–18.09.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक– 27.09.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 03.10.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशिका ई–भुगतानजिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –**06565796434**ईमेल–nrep.ltr@gmail.com
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. निविदा में भाग लेने वाले संवेदक इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगें की निर्धारित अवधि में कार्य अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लेंगें।
11. उक्त निविदा में भवन प्रमंडल में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
12. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.inपरदेखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 361734 (Rural Development) 25-26 (D)



## कार्यालय-कार्यपालक अभियंता, एन॰आर॰ई॰पी॰, लातेहार।
(E-mail ID- nrep.ltr@gmail.com)

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या :–14/2025-26/EE/NREP/LATEHAR दिनांक : 12.09.2025
(15th Finance)

| क्र0 | आईडेंटीफिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंकमें | अक्षर में | | |
| 1. | NREP/LATEHAR/ 27/ 2025-26 | प्रखंड–महुआडांड अंतर्गत पर हाकेना टोली में स्वस्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000.00 | पचपन लाख पचास हजार | 09माह | प्रथम |
| 2. | NREP/LATEHAR/ 28/ 2025-26 | प्रखंड–बरवाडीह अंतर्गत सरईडी हमें स्वस्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 55,50,000.00 | पचपन लाख पचास हजार | 09माह | प्रथम |
| 3. | NREP/LATEHAR/ 29/ 2025-26 | प्रखंड–चंदवा के CHC चंदाव अंतर्गत Block Health Unit (BPHU)निर्माण। | 49,50,091.00 | उनचास लाख पचास हजार एकान्बे रु0 | 09माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक–18.09.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–दिनांक– 27.09.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 03.10.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशिका ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –**06565796434 ईमेल**–nrep.ltr@gmail.com
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. निविदा में भाग लेने वाले संवेदक इस आशय का शपथ प्त्र समर्पित करेंगें की निर्धारित अवधि में कार्य अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लेंगें।
11. प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश के कंडीका 04 के आलोक में उक्त निविदा में स्थानीय जिला के निबंधित संवेद कही भाग ले सकेंगे।
12. उक्त निविदा में भवन प्रमंडल में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
13. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR.NO.361736 Rural Development(25-26):D

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

अच्छी तथा बुरी, दोनों प्रकार की आदतों को शक्ति प्राप्त करने में समय लगता है। शक्तिशाली बुरी आदतों को उनकी विपरीत अच्छी आदतों द्वारा हटाया जा सकता है यदि अच्छी आदतों का धैर्यपूर्वक विकास किया जाए। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

## जेन जी युवा असंतुष्ट या कोई और

भारत के चारों पड़ोसी देशों में सत्ता परिवर्तन की एक ही शैली संदिग्ध है। 2022 से अब तक श्रीलंका, पिछले साल बांग्लादेश और अब नेपाल में हुए तीन छात्र आंदोलनों के दौरान विरोध प्रदर्शनों, उनके कारणों और सरकारों द्वारा उनसे निपटने में एक समान पैटर्न अपनाए गए हैं। ये दक्षिण एशियाई क्षेत्र के अन्य देशों के लिए संदेश है, लेकिन इस क्षेत्र के सबसे बड़े देश भारत के लिए तो यह संदेश ज्यादा बड़ा है। कई समानताओं के अलावा, इन परिवर्तनों का एक बाहरी संदर्भ भी है, जो इस क्षेत्र को अमेरिका और चीन के बीच भू-राजनीतिक टकराव का अखाड़ा बना देता है। ये दोनों प्रतिस्पर्धी शक्तियां इस क्षेत्र में प्रभाव के लिए होड़ में हैं। सभी आंदोलन युवाओं की प्रतिक्रिया से हो रहे हैं, जो नौकरियों व विकास के अवसरों की कमी, बढ़ती कीमतों, भ्रष्टाचार और कुशासन से निराश थे। बांग्लादेश और नेपाल में एक समानता यह उभरकर आई कि विरोध प्रदर्शन इस धारणा से शुरू हुए कि अभिजात वर्ग और उनके बच्चे अवसरों का फायदा उठा रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारों के लिए शिक्षा और रोजगार में आरक्षण ने पिछले वर्ष बांग्लादेश में वह चिंगारी सुलगा दी थी, जिसे न तो सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय कम कर सका, और न ही शेख हसीना सरकार की मंजूरी इसे बुझा सकी। नेपाल में, खुद को 'जेन-जी' (नई पीढ़ी) कहने वाले प्रदर्शनकारी युवा, 'नेपो किड्स' यानी कुलीन वर्ग के बच्चों के खिलाफ हैं। सोशल मीडिया ने उन्हें मंच प्रदान किया, और सरकार द्वारा उस पर प्रतिबंध लगाने से गुस्सा और बढ़ गया। प्रदर्शनकारियों के हाथों में अत्याधुनिक हथियार कैसे पहुंचे? बांग्लादेश में, शस्त्रागार लूट लिए गए और विचाराधीन इस्लामवादियों को छुड़ाने के लिए जेल पर धावा बोल दिया गया। उस अराजकता के बीच ईंधन की आपूर्ति का प्रबंध किसने किया और कैसे, कि यह नदी के किनारे के दूर-दराज के इलाकों तक पहुंच गया? अगर बाहरी लोगों पर उंगलियां उठाई जाएं, तो भी इन सवालों के जवाब आसान नहीं हैं। बांग्लादेश में प्रदर्शनकारी छात्रों ने मोहम्मद यूनुस को 'नियुक्त' किया था। उन्होंने गर्व से अपने नेता का परिचय इस रूप में कराया था कि वही विरोध आंदोलन के 'मास्टरमाइंड' हैं। नेपाल में, जेन-जी ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का मुखिया प्रस्तावित किया, जिस पर व्यापक सहमति नहीं बनी है। इस कहानी के तीसरे हिस्से में एक सुखद संयोग है कि श्रीलंकाई युवा, खाद्य और ईंधन की कमी और सरकारी दमन के बावजूद, पूरे उथल-पुथल के दौरान अहिंसक बने रहे। उन्होंने धार्मिक और जातीय एकजुटता दिखाई। वे राष्ट्रपति गोतबाया को अपदस्थ करने में सफल रहे। नए राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, जो पहले भी राष्ट्रपति रहे हैं, को बहुदलीय चुनाव कराना पड़ा। उन्होंने चुनाव लड़ा और एक युवा प्रतिद्वंद्वी से हार गए। लगता है कि अनुरा सेनानायके के नेतृत्व में श्रीलंका आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता हासिल करने की राह पर है। इसके विपरीत, बांग्लादेश में अराजकता और धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमले जारी हैं, जबकि सेना व्यवस्था बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है। बदला लेने की होड़ में, यूनुस सरकार ने देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी को चुनावों से बाहर रखने के लिए एक कानून बनाया है।

> *कई समानताओं के अलावा, इन परिवर्तनों का एक बाहरी संदर्भ भी है, जो इस क्षेत्र को अमेरिका और चीन के बीच भू-राजनीतिक टकराव का अखाड़ा बना देता है।*

## द बंगाल फाइल्स



फिल्म की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
समीक्षक, सांस्कृतिक शोधकर्ता, रंगकर्मी, निर्देशक, सहायक प्राध्यापक

भारतीय सिनेमा में समय-समय पर ऐसी फिल्में बनी हैं जो केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि हमारी स्मृति और चेतना को झकझोरने का कार्य करती हैं। विवेक रंजन अग्निहोत्री की द बंगाल फाइल्स इसी परंपरा की अगली कड़ी है। यह फिल्म न केवल इतिहास का प्रतिबिंब है बल्कि वर्तमान की राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों पर गंभीर प्रश्न भी खड़े करती है। कथा और विषय- फिल्म का मूल आधार 1946 का डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखली का नरसंहार है, जिसे लंबे समय तक मुख्यधारा की इतिहास-लेखन और पाठ्यपुस्तकों में हाशिये पर डाल दिया गया। निर्देशक ने इन घटनाओं को आज के बंगाल की सामाजिक और राजनीतिक वास्तविकताओं के समानांतर रखकर प्रस्तुत किया है। फिल्म देखते समय बार-बार सवाल उठता है – क्या वाकई ऐसा हुआ था? और क्या आज भी उसी इतिहास की पुनरावृत्ति हो रही है? फिल्म स्पष्ट रूप से बताती है कि कैसे सत्ता की राजनीति, जातीय और धार्मिक ध्रुवीकरण, और विदेशी घुसपैठ ने बंगाल की डेमोग्राफी और सांस्कृतिक परिदृश्य को बदलने का षड्यंत्र रचा। यह केवल अतीत की कहानी नहीं, बल्कि वर्तमान की चेतावनी भी है। प्रतीक और पात्र- भारती बनर्जी (पल्लवी जोशी) – भारत माता का प्रतीक, जिन पर अत्याचार और अन्याय की चोटें अंकित हैं। मिथुन चक्रवर्ती का किरदार – लाचार हिंदू समाज की व्यथा, जिसकी आवाज़ दबा दी गई है और जो पागलपन की स्थिति में भटक रहा है। जस्टिस बनर्जी – आदर्शवादी धर्मनिरपेक्षता के प्रतीक, जिनका भ्रम तब टूटता है जब हिंसक भीड़ उनके आदर्शों को रौंद देती है। रणदीप हुड्डा – एक ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ आईपीएस/सीबीआई अधिकारी के रूप में उनकी भूमिका बेहद प्रभावशाली रही है। उन्होंने एक ऐसे अधिकारी की व्यथा को जीवंत किया है, जो सच्चाई सामने लाना चाहता है लेकिन प्रशासनिक दबाव, राजनीतिक हस्तक्षेप और नौकरशाही की दीवारें उसके रास्ते में खड़ी हो जाती हैं। रणदीप हुड्डा का अभिनय दर्शाता है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, एक सच्चा अधिकारी अपने विवेक और जमीर को जीवित रखकर अंततः वही करता है जिसे वह सही समझता है। उनकी गंभीरता, अभिव्यक्ति और संवाद अदायगी ने फिल्म को और अधिक विश्वसनीय बनाया है। फिल्म में वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर ने महात्मा गांधी की भूमिका निभाई है। अनुपम खेर रंगमंच और सिनेमा दोनों में दशकों का अनुभव रखने वाले कलाकार हैं। उन्होंने गांधीजी के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं—अहिंसा, सत्य, सेक्युलर सोच और भारत के प्रति उनकी दूरदृष्टि को बड़े प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। गांधीजी की भूमिका केवल ऐतिहासिक पुनरावृत्ति नहीं, बल्कि निर्देशक ने इसे वर्तमान संदर्भ से भी जोड़ा है। जब अनुपम खेर पर्दे पर गांधी बनकर बोलते हैं, तो दर्शक सहज ही विचार करने लगते हैं कि क्या आज भी हम गांधीजी के आदर्शों से जुड़ पाए हैं या उन्हें केवल किताबों और प्रतीकों तक सीमित कर दिया है। हालाँकि, दर्शकों की प्रतिक्रियाएँ विभाजित रही हैं। कई दर्शक गांधीजी की सोच को आज की राजनीति के संदर्भ में अप्रासंगिक या कमज़ोर मानते हुए असहज महसूस करते हैं, वहीं कुछ लोगों ने इसे बहुत सशक्त और आत्ममंथन के लिए प्रेरक बताया। थिएटर हॉल में इस पर अलग-अलग तरह की टिप्पणियाँ सुनने को मिलीं कहीं समर्थन तो कहीं आलोचना। यही इस फिल्म की विशेषता भी है कि यह दर्शकों को सोचने और बहस करने पर मजबूर करती है। अनुपम खेर का अभिनय यह स्पष्ट करता है कि गांधीजी केवल एक व्यक्ति नहीं थे, बल्कि एक विचारधारा थे। और यह विचारधारा आज भी हमें चुनौती देती है कि हम कितने ईमानदार हैं सत्य, अहिंसा और सेकुलरिज़्म की मूल धारणाओं को निभाने में। फिल्म की विश्वसनीयता का सबसे बड़ा आधार है इसकी पोशाक और मेकअप डिज़ाइन। 1940–50 के दशक का बंगाल और समकालीन राजनीति दोनों युगों को एक ही फिल्म में जीवंत करना आसान नहीं था। लेकिन कॉस्ट्यूम डिज़ाइनरों ने उस दौर की साड़ी, धोती, खादी के कपड़े और नेताओं की ड्रेसिंग स्टाइल को बारीकी से पुनःनिर्मित किया है। गांधीजी की भूमिका (अनुपम खेर) के लिए उनका सफेद धोती, चश्मा और लाठी इतनी प्रामाणिकता से प्रस्तुत किए गए हैं कि दर्शक सहज ही उन्हें गांधी के रूप में स्वीकार कर लेते हैं। रणदीप हुड्डा (आईपीएस/सीबीआईऑफिसर) की यूनिफॉर्म और फॉर्मल ड्रेसिंग उनके चरित्र की गंभीरता और पेशेवराना अंदाज को उभारती है। पल्लवी जोशी और मिथुन चक्रवर्ती जैसे पात्रों के लिए बंगाल की पारंपरिक वेशभूषा कॉटन साड़ियाँ, धोती-कुर्ता, पुराने डिज़ाइन के ब्लाउज़ और शॉल इतिहास को सजीव कर देती है। मेकअप का काम भी बेहद संतुलित और स्वाभाविक है। कलाकारों के चेहरे पर झुर्रियों, थकान और पीड़ा को इस तरह उभारा गया है कि वे पात्रों की मानसिक स्थिति को और गहराई से दर्शाते हैं। फिल्म की मेकिंग पर निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने विशेष ध्यान दिया है। कई दृश्य डॉक्यूमेंट्री-स्टाइल में शूट किए गए हैं ताकि इतिहास का असर और प्रामाणिक लगे। लाइटिंग और रंगों का चुनाव भी प्रतीकात्मक है—गहरे रंग हिंसा और पीड़ा को दिखाते हैं, जबकि हल्के रंग आशा और विवेक का संकेत देते हैं। इन सभी पहलुओं ने मिलकर फिल्म को केवल एक कथा नहीं, बल्कि एक अनुभव बना दिया है। इन प्रतीकों के माध्यम से निर्देशक ने भारतीय समाज की जटिलताओं और राजनीतिक चालबाज़ियों को सशक्त ढंग से उभारा है। निर्देशन और अभिनय- विवेक अग्निहोत्री ने एक बार फिर रिसर्च-आधारित सिनेमा की शक्ति को प्रमाणित किया है। फिल्म में हर दृश्य तथ्य और दस्तावेज़ों से पुष्ट है। यह महज कहानी नहीं, बल्कि ऐतिहासिक साक्ष्यों पर आधारित दृश्यांकन है। सभी कलाकारों का अभिनय प्रभावशाली है। पल्लवी जोशी की गंभीरता, मिथुन चक्रवर्ती की व्यथा, और सहायक कलाकारों का समर्पण दर्शकों को गहराई तक प्रभावित करता है। तकनीकी पक्ष- कैमरा वर्क, संपादन और बैकग्राउंड स्कोर कहानी के प्रभाव को और गहन बना देते हैं। कुछ दृश्यों की तीव्रता इतनी अधिक है कि दर्शक की आँखें भर आती हैं या गुस्से में मुट्ठियाँ भिंच जाती हैं। यह फिल्म मनोरंजन से आगे बढ़कर एक अनुभव बन जाती है। फिल्म का सबसे बड़ा संदेश यही है कि हम भारतीय पहले भारतीय हैं, न कि जाति या धर्म की संकीर्ण परिभाषाओं में बंधे नागरिक। अंग्रेजों की डिवाइड एंड रूल नीति केवल अतीत की बात नहीं है, यह आज भी हमारे राजनीतिक परिदृश्य में जिंदा है। फिल्म यह चेतावनी देती है कि यदि हमने इतिहास से सबक नहीं लिया, तो वही घटनाएँ बार-बार हमारे सामने आएँगी। आखिर हम सबके जेहन में एक सवाल जरूर उठेगा यह स्वाभाविक भी है कि आखिर क्यों देखें यह फिल्म? क्योंकि यह फिल्म हमारे छुपाए गए या विकृत किए गए इतिहास को सामने लाती है। क्योंकि यह फिल्म आज की राजनीति और सामाजिक चुनौतियों का आईना है। क्योंकि यह फिल्म हमें बताती है कि सच्चाई कितनी कड़वी होती है, लेकिन उससे भागना समाधान नहीं। और सबसे अहम – क्योंकि हर युवा भारतीय को अपना असली इतिहास जानने का अधिकार है। द बंगाल फाइल्स कोई सामान्य फिल्म नहीं है। यह एक सिनेमा से बढ़कर सामाजिक दस्तावेज़ है। यह फिल्म प्रश्न पूछती है, असुविधा पैदा करती है और सोचने पर मजबूर करती है। यही इसकी सबसे बड़ी सफलता है।

**फिल्म रेटिंग :** (5/5) यह फिल्म हर उस भारतीय को देखनी चाहिए जो सच्चाई जानना चाहता है और भविष्य को सुरक्षित बनाना चाहता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## महागठबंधनो की बढ़ती महिमा

अलग बात



**कांतिलाल मांडोत**

भारतीय लोकतंत्र 1977 के बाद से ही एक पार्टी के प्रभुत्व और कई पार्टियों के महा गठजोड़ के बीच झूलता आ रहा है।पहले कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था तो मई 2014 के बाद से भारतीय जनता पार्टी इस हैसियत में पहुंच गई। वैसे, राज्यों में तो गठबंधन का दौर काफी पहले 1967 में ही आ गया था, जब कांग्रेस 16 विधानसभा चुनावों में से आठ में हार गई थी। उत्तर के इन सात राज्यों और दक्षिण के तमिलनाडु में गठबंधन सरकारों और वैचारिक रूप से व्यापक गठबंधनों का प्रयोग हुआ था। ये तमाम गठबंधन भले नाजुक, अस्थायी और परेशानी वाले रहे हों, अगर इनमें मतदाताओं का व्यापक प्रतिनिधित्व हुआ करता था। फिर 1977 में इंदिरा गांधी की निरंकुश इमरजेंसी और जेपी आंदोलन की परिणति जनता पार्टी के रूप में एक महागठबंधन में हुई, जिसमें वैचारिक रूप से विपरीत ध्रुव की पार्टियां शामिल थीं-जनसंघ से लेकर वाम मोर्चे तक जयप्रकाश नारायण कांग्रेस विरोधी विपक्ष के मसीहा बन गए।1977 के इसी प्रयोग के आधार पर विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 1989 में राजीव गांधी को सरकार के खिलाफ गठबंधन बनाने का कामचलाऊ प्रयोग किया जिसमें बीजेपी और वाम मोर्चे को सहयोगी के रूप में शामिल किया गया। आगे चलकर 1996 में दिल्ली में दो और अल्पमत संयुक्त मोर्चा सरकारों के प्रयोग हुए-एक एच.डी. देवेगौड़ा के नेतृत्व में और दूसरा इंदर कुमार गुजराल के नेतृत्व में। उस समय तक क्षेत्रीय पार्टियों और राज्यों के क्षत्रपों की महत्वाकांक्षाओं का उभार इतना हो चुका था कि चुनावी नजरिए से राष्ट्रीय पार्टियों के लिए उन्हें नजरअंदाज करना लगभग नामुमकिन हो गया। लिहाजा, दो प्रमुख राष्ट्रीय गठबंधनों की नींव पड़ी, जो भारतीय राजनीति की नई हकीकत बन गए। कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) और बोजेपी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पिछले दो दशकों से क्षेत्रीय दलों ने इन्हीं में से किसी एक के साथ अपनी निष्ठाओं और अपने चुनावी भविष्य को बांध रखा है।हालांकि पिछले दौर में इस तरह के गठबंधन नाजुक रहे और कोई भी सरकार में कार्यकाल पूरा करने में कामयाब नहीं हो पाया। लेकिन 1998 के बाद से केंद्र में सत्ता में आए गठबंधन टिकाऊ रहे और सभी ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। 2014 के आम चुनावों में मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को बहुमत मिला लेकिन उसने फिर भी एनडीए की छतरी तले ही बने रहना पसंद किया और जिन राज्यों में वह सत्ता में नहीं थी।वहां भी उसने एनडीए के नाम से ही चुनाव लड़ा। यह भाजपा की साफ नीतियों का ही परिणाम है कि जनसंघ से निकले रास्ट्रीय फलक के नेता विश्वास संपादन करने में ही अपनी योग्यता समझते है। इनकी कथनी और करनी समान होती है। हालांकि कांग्रेस को जब यह लगने लगा कि बीजेपी का रथ रोकना असंभव सा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## जीवित्पुत्रिका व्रत-संतान की लंबी उम्र का पर्व

आपकी बात



**महेन्द्र तिवारी**



हिंदू संस्कृति में मातृत्व का स्थान सर्वोच्च माना गया है। संतान की रक्षा, स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए किए जाने वाले अनेक व्रतों और उत्सवों मेंजीवित्पुत्रिका व्रत (जितिया व्रत) का विशेष महत्व है। यह पर्व मातृत्व की अटूट आस्था और संतान के प्रति समर्पण का प्रतीक है। विशेषकर बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल के कुछ हिस्सों में यह व्रत बड़े श्रद्धा भाव और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है।

**व्रत की तिथि और अवधि :** जीवित्पुत्रिका व्रत हर सालआश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथिको मनाया जाता है। इसके ठीक एक दिन पहले सप्तमी कोनहाय-खायकी परंपरा होती है। वर्ष 2025 में नहाय-खाय13 सितंबर को और जीवित्पुत्रिका व्रत 14 सितंबर को रखा जाएगा। अष्टमी तिथि का समापन 15 सितंबर की देर रात होगा, इसलिएपारण (व्रत खोलना) 15 सितंबर को सूर्योदय के बाद किया जाएगा। इस प्रकार व्रत की शुरुआत सप्तमी से होती है और नवमी को पूर्ण होती है। कई बार तिथि के अनुसार यह व्रत 36 घंटे तक भी चल सकता है।

**नहाय-खाय की परंपरा :** नहाय-खाय के दिन व्रती महिलाएं स्नान-ध्यान कर शुद्धता और संकल्प के साथ जीमूतवाहन देव की पूजा करती हैं। इसके बाद वे सात्विक भोजन करती हैं, जो अगले दिन के कठोर निर्जला उपवास की तैयारी मानी जाती है। इस अवसर पर विशेष रूप सेमडुआ की रोटी, नोनी की साग, दहीऔरचूड़ा (पोहा)खाने की परंपरा है। यह भोजन ऊर्जा देने वाला और पचने में हल्का होता है।

**जितिया व्रत का पालन :** अष्टमी तिथि के दिन विवाहित महिलाएंनिर्जला व्रतरखती हैं, अर्थात पूरे दिन और रात बिना भोजन और पानी के उपवास करती हैं। सूर्योदय से पहले वे केवल सात्विक आहार और जल ग्रहण कर सकती हैं। दिनभर वे जीमूतवाहन की पूजा करती हैं और संतान के कल्याण के लिए कथा सुनती या पढ़ती हैं। शाम को महिलाएं पीपल के पेड़ के नीचे एकत्र होकर कथा का पाठ करती हैं। पीपल के वृक्ष को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास स्थल माना जाता है, अतः उसकी पूजा से सभी कष्ट दूर होने की मान्यता है।

**जीमूतवाहन की कथा और महत्व :** जितिया व्रत का आधारजीमूतवाहनकी प्रेरणादायक कथा है। जीमूतवाहन गंधर्व राजकुमार थे, जिन्होंने एक नागिन के पुत्र को गरुड़ के आक्रमण से बचाने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनके इस त्याग और निस्वार्थ प्रेम ने उन्हें संतान-सुरक्षा के प्रतीक के रूप में स्थापित कर दिया। यही कारण है कि जितिया व्रत में उनकी पूजा कर माताएं अपनी संतान की रक्षा और दीर्घायु की कामना करती हैं।

**व्रत कथा का पाठ और दान :** व्रत का पूरा फल प्राप्त करने के लिए कथा का पाठ करना अथवा सुनना आवश्यक माना गया है। कथा सुनने से मन और विचार शुद्ध होते हैं तथा मातृत्व की शक्ति और प्रेम का महत्व स्मरण होता है। नवमी तिथि को व्रत खोलते समय व्रती महिलाएं गरीबों, ब्राह्मणों और जरूरतमंदों कोभोजन, वस्त्र और दानप्रदान करती हैं। यह दान-पुण्य पितरों के आशीर्वाद और शुभ फल दिलाने वाला माना जाता है।

**जितिया का धागा :** इस पर्व का एक प्रमुख प्रतीकजितिया का धागाहै। यह धागा मां और संतान के बीच के अटूट रिश्ते और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। व्रत के दौरान मां और बच्चे दोनों इस धागे को पहनते हैं। व्रत पूर्ण होने के बाद इस धागे को लापरवाही से फेंकना अशुभ माना जाता है। इसे या तोजल में विसर्जित, तुलसी या पीपल पर चढ़ाना, यापूजा स्थल पर सुरक्षित रखनाचाहिए। यह माना जाता है कि ऐसा करने से मां का आशीर्वाद हमेशा संतान के साथ बना रहता है।

**धार्मिक और सामाजिक महत्व :** जीवित्पुत्रिका व्रत केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यहमां और संतान के रिश्ते की गहराई, परिवार की एकता, औरसामुदायिक जुड़ावको भी प्रकट करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सामूहिक रूप से यह व्रत करती हैं, जिससे सामाजिक एकजुटता और परंपरागत मूल्य सुदृढ़ होते हैं। यह पर्व मातृत्व के त्याग, धैर्य और शक्ति की याद दिलाता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मजलूमों के दूर हों, दुक्ख, दर्द तत्काल।
यही सोचते सोचते, गए पिचहत्तर साल।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## हिंदी की वैश्विक स्वीकार्यता के बावजूद देश में उपेक्षा क्यों?

देश की बात



**ललित गर्ग**

हिंदी दिवस- 14 सितम्बर, 2025



हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक आयोजनात्मक अवसर नहीं, बल्कि हमारी भाषाई अस्मिता राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक आत्मगौरव का प्रयोजनात्मक प्रतीक है। विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा के रूप में हिंदी विश्व की उन चुनिंदा भाषाओं में से एक है जिसे करोड़ों लोग अपनी मातृभाषा, संपर्क भाषा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम मानते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ सहित अनेक वैश्विक मंचों पर हिंदी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी है। दुनिया के लगभग 180 देशों में हिंदी बोलने वाले हैं और अंग्रेज़ी, मंदारिन, स्पेनिश, अरबी जैसी भाषाओं की सूची में हिंदी भी अब शीर्ष स्थानों पर दर्ज है। फिर भी विडंबना यह है कि अपने ही देश में हिंदी को कई बार विरोध का सामना करना पड़ता है। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में क्षेत्रीय अस्मिता और भाषाई विविधता के नाम पर हिंदी के प्रति असहजता दिखाई जाती है। जबकि वस्तुतः हिंदी किसी भी क्षेत्रीय भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि उन्हें जोड़ने वाली संपर्क-भाषा है। भारत की भाषाई संरचना में हिंदी एक केंद्रीय सूत्र की तरह है। यदि अंग्रेज़ी को शिक्षा, प्रशासन और तकनीकी का आधार बनाया जा सकता है, तो हिंदी का विरोध केवल मानसिक दासता का परिणाम माना जा सकता है। आज वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो जापान ने जापानी, फ्रांस ने फ्रेंच, चीन ने मंदारिन और जर्मनी ने जर्मन को आधुनिक विज्ञान, तकनीक और व्यापार की भाषा बनाया है। ये देश अपनी भाषाओं को वैश्विक बनाते हुए भी अन्य भाषाओं से संवाद स्थापित करते हैं। जबकि भारत में अभी भी अंग्रेज़ी के प्रति अनावश्यक मोह और हिंदी के प्रति हीनभावना देखने को मिलती है। यह स्थिति हिंदी की उपयोगिता और सामर्थ्य के विपरीत है। हिंदी न केवल साहित्य और संस्कृति की भाषा है बल्कि विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, मीडिया, सिनेमा और व्यापार में भी अपनी जगह बना रही है। इंटरनेट पर हिंदी का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने हिंदी को अपने प्लेटफॉर्म पर प्राथमिक भाषा का स्थान दिया है। यह हिंदी की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। हिंदी की प्रासंगिकता आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यह केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीयता की पहचान है। राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की भूमिका भारत को एकजुट करने और विश्व-पटल पर उसकी सांस्कृतिक छवि को मजबूत करने में अनिवार्य है। भाषा केवल बोलचाल का साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का भी आधार है। इसलिए हिंदी का विरोध करना अपने ही सांस्कृतिक आधार को कमजोर करना है। विश्व के 180 से अधिक देशों में हिंदी भाषी लोग रहते हैं और अमेरिका, कनाडा, मॉरीशस, सूरीनाम, फिजी, खाड़ी देशों व यूरोप में हिंदी शिक्षण संस्थान स्थापित हैं। इंटरनेट की भाषा के रूप में हिंदी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा बन चुकी है। यह वह स्थिति है जिसकी कल्पना दशकों पहले असंभव मानी जाती थी। लेकिन हिंदी की यह ख्याति केवल आज की तकनीकी क्रांति का परिणाम नहीं है, यह हमारी जड़ों में, संस्कारों में एवं राष्ट्रीयता की भावना में समायी हुई है। स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदी ने राष्ट्र को जोड़ने, जन-जन को जागृत करने और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध चेतना जगाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। महात्मा गांधी ने हिंदी को "जनमानस की भाषा" और "राष्ट्रभाषा" कहा। लोकमान्य तिलक, पं. नेहरू, राजेंद्र प्रसाद, विनोबा भावे, सुभाषचंद्र बोस और सरदार पटेल सभी ने हिंदी को राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार माना। हिंदी प्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम की लौ प्रज्वलित की। 'प्रताप', 'अभ्युदय', 'कर्मवीर', 'सरस्वती' जैसी पत्रिकाओं ने जनजागरण का काम किया। कवियों और लेखकों ने अपनी रचनाओं से जनमानस को ऊर्जा दी-भारतेंदु हरिश्चंद्र से लेकर मैथिलीशरण गुप्त तक, सबने हिंदी को स्वतंत्रता संग्राम का शस्त्र बनाया। स्वतंत्रता के बाद से लेकर आज तक अनेक नेताओं ने हिंदी के उत्थान और प्रतिष्ठा के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में भाषण देकर विश्व स्तर पर हिंदी की पहचान को सशक्त किया और यह संदेश दिया कि हिंदी अंतरराष्ट्रीय संवाद की भी भाषा बन सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पीएम की मौजूदगी में राधाकृष्णन ने संभाला उपराष्ट्रपति का पदभार

## झारखंड के पूर्व राज्यपाल अब राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई। यह समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया, जहाँ राधाकृष्णन ने भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। लाल कुर्ता पहने राधाकृष्णन ने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और कैबिनेट मंत्रियों व विपक्षी नेताओं सहित कई अन्य शीर्ष राजनीतिक नेता इस समारोह में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद धनखड़ पहली बार सार्वजनिक रूप से इस समारोह में शामिल हुए। इससे पहले 9 सितंबर को, एनडीए के उम्मीदवार राधाकृष्णन भारत के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए थे। उन्हें 452 वोट मिले थे, जबकि विपक्षी उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले थे। तत्कालीन निवर्तमान राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को अचानक इस्तीफे के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से गहरी जड़ें रखने वाले तमिलनाडु के वरिष्ठ भाजपा नेता 67 वर्षीय राधाकृष्णन ने 452 वोट हासिल करके उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीता। उनके प्रतिद्वंद्वी, विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले।भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के संख्यात्मक बल को देखते हुए, राधाकृष्णन की जीत अपेक्षित थी। एनडीए के पास कागजों पर 427 सांसद थे और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के 11 सांसदों और कई छोटे दलों का अतिरिक्त समर्थन प्राप्त था, जिससे वह 377 के आधे से भी अधिक बहुमत के आंकड़े को आसानी से पार कर गया था। उनके पक्ष में क्रॉस-वोटिंग के संकेत भी मिले थे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक इस्तीफे के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया था। अपनी जीत के बाद, राधाकृष्णन ने गुरुवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने नई नियुक्ति होने तक गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। कोयंबटूर से दो बार सांसद और तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राधाकृष्णन का दशकों लंबा करियर जनसंघ से शुरू हुआ और फिर भाजपा में शामिल हो गए।



- **कुल बहुमत का आंकड़ा:** 377 से अधिक (राधाकृष्णन ने पार किया)
- **एनडीए समर्थन:** 427 सांसद + YSR कांग्रेस के 11 सांसद + अन्य छोटे दल
- पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दे दिया

### सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति बनने पर पीएम समेत कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** भारत के 15वें उपराष्ट्रपति बनने के बाद सीपी राधाकृष्णन को देशभर से बधाई संदेश मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीपी राधाकृष्णन को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। एक समर्पित लोक सेवक के रूप में, उन्होंने अपना जीवन राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित कर दिया। मैं उन्हें जनता की सेवा के लिए समर्पित एक सफल उपराष्ट्रपति कार्यकाल की शुभकामनाएं देता हूं।"अपनी पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, "सीपी राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेने पर बधाई। आपका ज्ञान और अनुभव हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को और मजबूत करेगा, ताकि लोगों की बेहतर सेवा की जा सके।" केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी पोस्ट में लिखा, "भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर सीपी राधाकृष्णन को हार्दिक बधाई।

### शपथ ग्रहण करने के बाद सीपी राधाकृष्ण ने राज्यसभा के सभापति का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** सीपी राधाकृष्णन ने भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीपी राधाकृष्णन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद सीपी राधाकृष्णन ने राज्यसभा के सभापति का कार्यभार संभाला। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने शुक्रवार को औपचारिक रूप से राज्यसभा के सभापति का पदभार ग्रहण किया। साथ ही एक्स पर सीपी राधाकृष्णन के पदभार ग्रहण करते हुए तस्वीरें भी शेयर की गई हैं। इससे पहले उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की तथा राष्ट्रपिता और उनके सत्य एवं अहिंसा के शाश्वत आदर्शों का सम्मान किया। उन्होंने सदैव अटल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। राधाकृष्णन ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय के स्मारक पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

### श्रीरामलला के दरबार में पीएम रामगुलाम ने टेका मत्था

# आरती उतारी, मंदिर निर्माण कार्यों का किया अवलोकन

**एजेंसी। अयोध्या**

प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या शुक्रवार को एक विशेष अवसर की साक्षी बनी, जब मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम अपनी पत्नी वीना रामगुलाम और करीब 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री रामगुलाम ने सबसे पहले भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में पत्नी के साथ विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर लोककल्याण की कामना की। वह भूटान के प्रधानमंत्री के बाद दूसरे राष्ट्राध्यक्ष बने, जिन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन-पूजन किए। दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री अपनी पत्नी वीना रामगुलाम और 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मौजूद रहे और उन्होंने प्रधानमंत्री का औपचारिक स्वागत किया। यहां से निकलने के बाद प्रधानमंत्री का काफिला भारी सुरक्षा घेरे के बीच सीधे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचा। वहां उन्होंने पत्नी के साथ रामलला की आरती उतारी और लंबे समय तक प्रभु का दर्शन करते रहे। शीश नवाकर भगवान राम से दोनों देशों के रिश्तों की मजबूती का आशीर्वाद मांगा। करीब आधा घंटे तक परिसर में रहकर उन्होंने मंदिर निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान कई बार उनके मुख से 'जय श्रीराम' के उद्घोष गूंजे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री का यह दौरा भारत और मॉरीशस के बीच सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतीक है। वहीं, प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम ने भी अयोध्या की पवित्र धरती पर आने पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की और भगवान राम के प्रति आस्था प्रकट की।



### मॉरीशस के प्रतिनिधिमंडल ने काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**वाराणसी।** मॉरीशस के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इससे पहले मॉरीशस के पीएण नवीनचंद्र रामगुलाम ने भी काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। मॉरीशस से आए एक प्रतिनिधि ने कहा, "यह एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला क्षण था और हम बहुत उत्साहित हैं। इससे पहले गुरुवार को मॉरीशस के पीएण नवीनचंद्र रामगुलाम ने वाराणसी में गंगा आरती देखी थी। विदेश मंत्रालय ने दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि पवित्र गंगा के साथ पवित्र जुड़ाव का अनुभव करें। मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने वाराणसी में गंगा आरती देखी। यह आध्यात्मिक अनुभव आस्था और परंपरा के उस शाश्वत बंधन का प्रतीक है, जो भारत और मॉरीशस को जोड़ता है। साथ ही, उन्होंने नवीनचंद्र रामगुलाम की तस्वीरें शेयर कीं। मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम भारत की 8 दिवसीय (9 से 16 सितंबर तक) यात्रा पर हैं। पीएम मोदी ने अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवन-धारा में रच-बस गए।

## बाढ़ की आड़ में पाकिस्तान से तस्करी, हथियारों

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और अपराध जाँच एजेंसी (सीआईए) ने पंजाब के फाजिल्का जिले में देर रात एक अभियान में हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया, जिसे अधिकारियों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी तस्करी का प्रयास बताया। छापेमारी के दौरान दो संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, बीएसएफ द्वारा सीआईए फाजिल्का के साथ मिलकर मिली विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर थेह कलंदर गाँव में यह संयुक्त अभियान चलाया गया। टीमों ने 16 पिस्तौल, 38 मैगज़ीन, 1,847 ज़िंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की। गिरफ़्तार किए गए लोगों की पहचान फाज़िल्का के झोक दीपुलाना और महातम नगर गाँवों के निवासियों के रूप में हुई है। बीएसएफ ने कहा कि खुफिया जानकारी से सीमा पार तस्करी की कोशिश का संकेत मिला था, जिसके चलते यह छापेमारी योजनाबद्ध तरीके से की गई।

## वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में 'वीआईपी' दर्शन बंद

**एजेंसी। मथुरा**

- अब सबको लाइन में लग कर ही करने होंगे दर्शन

उत्तर प्रदेश के मथुरा में श्री बांके बिहारी मंदिर की उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति ने आज अति विशिष्ट व्यक्ति (वीआईपी) पास तत्काल प्रभाव से बंद करने और दर्शन के लिए सीधा प्रसारण शुरू करने सहित कई बड़े फैसलों की घोषणा की। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर गठित उच्चाधिकारप्राप्त समिति ने एक बैठक में मंदिर में दर्शन एवं सुरक्षा व्यवस्था में सुधार लाने का एक बड़ा प्रयास किया है। जिला सूचना अधिकारी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, मंदिर में पर्ची कटाकर वीआईपी के तौर पर दर्शन करने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है और इसके लिए वीआईपी कटघरा भी हटा दिया जाएगा। विज्ञप्ति में बताया गया कि अब हर व्यक्ति को लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना होगा, जिससे मंदिर प्रशासन पर भेदभाव का आरोप नहीं लगेगा और दर्शनार्थियों में अनावश्यक धक्का-मुक्की भी नहीं होगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अगले तीन दिनों में यह तय कर देंगे कि किस-किस द्वार से प्रवेश होगा और किस-किस द्वार से निकासी की जा सकेगी।

## सीमा हैदर और सचिन के नाम पर 650 करोड़ का घोटाला हो गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय ने 650 करोड़ रुपए फर्जी जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना में एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की। गुवाहाटी स्थित ईडी कार्यालय ने यह कार्रवाई की है। ईडी के अनुसार, यह कार्रवाई उन लोगों और कंपनियों के खिलाफ हो रही है, जिन्होंने बिना असली व्यापार के फर्जी कंपनियां खड़ी कीं और फर्जी दस्तावेजों से टैक्स रिफंड हासिल किया। सीमा हैदर और सचिन के नाम का उपयोग किया।

**कैसे हुआ खुलासा?**

जिन लोगों ने फर्जीवाड़ा किया, उन्होंने पाकिस्तान मूल की सीमा हैदर और उसके पति सचिन के नाम तथा पहचान का भी दुरुपयोग किया। बिहार के दरभंगा जिले के दो चार्टर्ड अकाउंटेंट भाइयों के फर्जीवाड़े से यह घोटाला सामने आया। इस घोटाले की परतें उस वक्त खुलनी शुरू हुईं जब अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने साल 2024 में दरभंगा के दो चार्टर्ड अकाउंटेंट भाई आशुतोष झा और विपिन झा को गिरफ्तार किया। उन पर 100 करोड़ के आईटीसी घोटाले का आरोप था। दरभंगा के झा भाइयों ने अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में चलने वाली एक कंपनी 'सिद्धिविनायक ट्रेड मर्चेंट' का इस्तेमाल किया।

## एम्स रायपुर पर संकट, 3 साल में 35 डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा, 40% फैकल्टी पद खाली



**एजेंसी। छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ का प्रमुख चिकित्सा संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर, स्टाफिंग संकट से जूझ रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में 35 डॉक्टरों ने इस्तीफा दे दिया है। संस्थान में लगभग 40% संकाय पद रिक्त हैं, जिससे मध्य भारत में स्वास्थ्य सेवा वितरण पर चिंताएँ बढ़ रही हैं। संस्थान छोड़ने वाले डॉक्टरों ने अपने परिवार के स्थानांतरण और निजी क्षेत्र में बेहतर अवसरों को अपने इस्तीफे का प्रमुख कारण बताया है, हालाँकि कोई भी कैमरे पर बोलने को तैयार नहीं था। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संकट को स्वीकार करते हुए कहा कि सरकार डॉक्टरों को बनाए रखने के लिए कदम उठा रही है, लेकिन उन्होंने व्यापक चुनौतियों की ओर भी इशारा किया। उन्होंने बताया कि राज्य भर में कई एनएचएम कर्मचारी 10 मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, जिनमें से चार पहले ही मान ली गई हैं, जिनमें 27% वेतन वृद्धि, 5 लाख रुपये का कैशलेस इलाज, मनमाने ढंग से बर्खास्तगी से सुरक्षा और सालाना 30 दिन का सवेतन अवकाश शामिल है। जायसवाल ने बताया कि स्थानांतरण नीति, अनुकंपा नियुक्ति और वेतन ग्रेड संशोधन जैसी शेष मांगों पर विचार के लिए एक समिति गठित की गई है, जिसकी रिपोर्ट तीन महीने में आने की उम्मीद है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने कहा कि यह पलायन कई कारणों से हुआ है, जिनमें करियर में उन्नति, निजी अस्पतालों में उच्च वेतन और दूसरे राज्यों में जीवनसाथी की नियुक्ति के कारण स्थानांतरण शामिल हैं। उन्होंने इस नकारात्मक धारणा को दूर करने की आवश्यकता पर भी बल दिया कि छत्तीसगढ़ एक नक्सल प्रभावित राज्य है।

## वैष्णो देवी यात्रा नवरात्रि से पहले शुरू होगी

**जम्मू-कश्मीर।** नवरात्रि से पहले श्रद्धालुओं को बड़ी खुशखबरी मिली है। पिछले 17 दिनों से स्थगित श्री माता वैष्णो देवी यात्रा अब फिर शुरू होने वाली है। श्री माता वैष्णो देवी की यात्रा 14 सितंबर यानी रविवार से एक बार फिर शुरू की जाएगी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने बताया कि खराब मौसम की स्थिति और ट्रैक के आवश्यक रखरखाव के कारण अस्थायी निलंबन के बाद, श्री माता वैष्णो देवी की यात्रा 14 सितंबर (रविवार) से अनुकूल मौसम की स्थिति के अधीन फिर से शुरू होगी।

## दिल्ली में जेन जी भी छलका सकेंगे जाम बीयर पीने की उम्र घटाने पर सरकार कर रही विचार

**एजेंसी।** दिल्ली सरकार अपनी नई आबकारी नीति के तहत बीयर पीने की कानूनी उम्र 25 से घटाकर 21 साल करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री परवेश वर्मा की अध्यक्षता वाली एक हाई लेवल कमेटी विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श कर रही है, हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि प्रस्ताव दिल्ली को पड़ोसी एनसीआर शहरों जैसे गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद के साथ संरेखित करना चाहता है, जहां शराब पीने की कानूनी उम्र पहले से ही 21 साल है। यह असमानता अक्सर युवा उपभोक्ताओं को दिल्ली के बाहर से शराब खरीदने के लिए प्रेरित करती है, जिससे राजस्व का बड़ा नुकसान होता है। कि नई आबकारी नीति के तहत, राजस्व के नुकसान को कम करने के लिए बीयर की खपत की कानूनी उम्र 25 साल से घटाकर 21 साल की जा सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। आज आपको ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर कुछ खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा लेना चाहिए।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले में शहर से बाहर जाना पड़ सकता है। इस राशि के छात्रों के अंदर कॉम्पिटिशन के प्रति जागरुकता पैदा होगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियाँ देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में कोई नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज कोई शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए।

**तुला :** आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बडों से कोई नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जायेगा, मानसिक शांति मिलेगी।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिल-जुल कर किये गए कार्यों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

**धनु :** आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको ख़ुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मकर :** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा।

**कुंभ :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बडों की राय लेना बेहतर साबित होगा। आज आप बड़े बुजुर्गों के पैर छुएं, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। आज पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे।

**मीन :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बडों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। आज आपको समाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER,LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**

**R.F.P, Fact Sheet (3rd Call)**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for Rate Contract for Supply of Electrical and Electronics items at Various location of District Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 12 / 09 /2025 |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 19 / 09 / 2025, Up to 01:00 PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 20/ 09 / 2025, At 01:30 PM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | After the finalization ot technical bid |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 0.0/- |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 10,000/- (RupeesTen Thousand only) |
| Method of selection | Cost-Based Selection (CBS) Method. Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |

Note: *Table1: RFP Schedule*
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.
Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.
3. "All bidders are requested to paginate every page of the documents submitted in the Technical Bid and provide an index clearly mentioning the details of each page."

PR 361778 Planning and Development(25-26).D — District Planning Officer Latehar

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**
**District Planning Office, Latehar, 829206**

**R.F.P**
**Fact Sheet (3rd Call)**

| | |
|---|---|
| Name of the work | Request for Proposal (RFP) for Selection of Agency for Supply of Safety & Operational items for CGLM on rate contract at various location of District Latehar |
| Office of Issue | Office of the District Planning Officer, Latehar |
| Date of Publication of RFP | 12 / 09 /2025 |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | 19 / 09 / 2025, Up to 01:00 PM at http://jharkhandtenders.gov.in |
| Date and time for technical bid opening | 20/ 09 / 2025, At 01:30 PM |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | After the finalization ot technical bid |
| Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 0.0/- |
| Earnest Money Deposit (EMD) online via http://jharkhandtenders.gov.in | Rs. 10,000/- (RupeesTen Thousand only) |
| Method of selection | Cost-Based Selection (CBS) Method. Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. |

Note: *Table1: RFP Schedule*
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.
**Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.**
3. **"All bidders are requested to paginate every page of the documents submitted in the Technical Bid and provide an index clearly mentioning the details of each page."**

District Planning Officer Latehar
PR 361782 (Planning and Development) 25-26 (D)

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN No. U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102
email:-gm_mdnjseb@yahoo.in/Telephone:-06562-295539

**e-Tender Cancellation Notice**
Invited E-Tender Notice No-143/144/145/PR/JBVNL/2025-26/O&M is here by cancelled due to unavoidable reason.
Deposited EMD by concern agency is hereby refunded.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतोंको टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 359669

Sd/-
General Manager-cum-Chief Engineer
ESA, Medininagar
PR 361775 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (25-26)_D

**समाहरणालय, लातेहार**
(योजना शाखा)

**शुद्धि पत्र**

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के पत्रांक 305/जि०यो० दिनांक 23.08.2025 के द्वारालातेहार जिला अन्तर्गत डी0एम0एफ0टी0 मद से लातेहार जिला के प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत CGLM प्रयोजना के लिए सामग्री, Safety Tools इत्यादि का क्रय एवं आपूर्ति के लिए Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply Of SLRM Operational Tools & Safety Equipments for Solid Liquid Resource Management (SLRM) on Rate Contract in Latehar District हेतु निविदा (PR no.- 360268) आमंत्रित की गई थी।

उक्त निविदा/RFP को प्रशासनिक दृष्टिकोण से रद्द किया जाता है।

PR 361799 Planning and Development (25-26)_D — जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार

**समाहरणालय, लातेहार**
(योजना शाखा)

**शुद्धि पत्र**

जिला योजना कार्यालय, लातेहार के पत्रांक 304/जि०यो० दिनांक 23.08.2025 के द्वारालातेहार जिला अन्तर्गत डी0एम0एफ0टी0 मद से लातेहार जिला के प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्र अंतर्गत CGLM प्रयोजना के लिए सामग्री, Electrical and Electronics Toolsइत्यादि का क्रय एवं आपूर्ति के लिए **Request for Proposal (RFP) for Rate Contract for Supply of Electrical and Electronics items at Various location of District Latehar** हेतु निविदा **(PR no.-360267)** आमंत्रित की गई थी।

उक्त निविदा/RFP को प्रशासनिक दृष्टिकोण से रद्द किया जाता है।

जिला योजना पदाधिकारी, लातेहार।
PR 361795 Planning and Development(25-26)D

# नेपाल में सुशीला कार्की के हाथों में सत्ता की 'कमान', अंतरिम सरकार की तैयारी तेज

**काठमांडू (आईएएनएस)**

नेपाल में जेन-जी के आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से लेकर कई मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया। भ्रष्टाचार और कुशासन के खिलाफ युवाओं का देशव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाने की तैयारी चल रही है। शुक्रवार दोपहर तक नियुक्ति की औपचारिकता हो सकती है, जिसे बढ़ते जन असंतोष के बीच एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम माना जा रहा है। नेपाल के राष्ट्रपति कार्यालय 'शीतल निवास' ने अपने कर्मचारियों को नए अंतरिम प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसी तरह के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें उन्हें राजनीतिक सहमति बनने के बाद आधिकारिक परिवर्तन के लिए तैयार रहने को कहा गया है। जैसे ही देश की प्रमुख पार्टियां और राष्ट्रपति अंतरिम सरकार का नेतृत्व सुशीला कार्की के हाथों में सौंपने पर औपचारिक सहमति बना लेते हैं, वैसे ही मंत्रालय को संबंधित व्यवस्थाएं शुरू करने का निर्देश दिया गया है। सुशीला कार्की एक प्रतिष्ठित न्यायविद और नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश हैं। उनकी छवि एक निष्पक्ष व्यक्ति के रूप में है, जो इस अस्थिर दौर में विश्वसनीयता और स्थिरता बहाल करने में सक्षम हो सकती हैं। कई दिनों की राजनीतिक उथल-पुथल के बाद जनता के बड़े धड़े ने सुशीला कार्की के हाथ देश के अंतरिम नेतृत्व को सौंपने की मांग की है। इससे पहले, नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के पूर्व प्रमुख कुलमन घीसिंग को भी एक संभावित उम्मीदवार माना जा रहा था। घीसिंग को व्यापक सुधारों के माध्यम से बिजली की कमी को समाप्त करने के लिए सराहा जाता है।

यह राजनीतिक परिवर्तन सोमवार से पूरे देश में चल रहे व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के बीच हो रहा है। नेपाल में फैली हालिया अशांति और जेन-जी का आंदोलन सोशल मीडिया पर बैन के सरकार के फैसले का परिणाम है। युवाओं ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया। काठमांडू में शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन और सुरक्षा बलों से झड़प में अब तक 34 लोगों की जान चली गई है। देखते ही देखते जेन-जी का गुस्सा पोखरा, बुटवल और बीरगंज जैसे शहरों में फैल गया।



**युवा आंदोलन का असर:** जेन-जी के देशव्यापी भ्रष्टाचार-विरोधी प्रदर्शन से सरकार पर दबाव।

**अन्य संभावित उम्मीदवार :** एनईए के पूर्व प्रमुख कुलमन घीसिंग का भी नाम चर्चा में रहा।

**नेपाल में सुशीला कार्की की छवि :** नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश, निष्पक्ष और भरोसेमंद मानी जाती हैं।

## जेन-जेड प्रोटेस्ट की आड़ में जेल से बाहर आए पूर्व गृहमंत्री रवि लामिछाने को लगा झटका

### फिर जाना होगा जेल

नेपाल में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों की आड़ में देश भर में जेल ब्रेक की घटनाएं हुई हैं। इस दौरान 17 हजार से अधिक कैदियों के जेल से फरार होने की घटनाएं सामने आई हैं। जेल से फरार होने वालों में कई वीवीआईपी कैदी हैं तो कई का संबंध अंडरवर्ल्ड से हैं। हिंसक प्रदर्शन के दौरान जेल से फरार होने वालों में कई खूंखार आतंकवादी भी शामिल हैं।

#### नक्खू जेल में हुआ था पहला हमला

9 सितंबर को जिस समय काठमांडू में प्रदर्शनकारी सरकारी भवनों, नेता, मंत्रियों के घरों पर हमला करते हुए आगजनी कर रहे थे उसी समय सबसे पहला जेल ब्रेक ललितपुर के नक्खू जेल में हुआ था। सहकारी घोटाले में आरोपी बनाए गए राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने भी इस जेल में बंद थे। इस दौरान प्रदर्शन की आड़ में समर्थकों ने जेल पर हमला किया और 2 बार गृहमंत्री रहे अपने नेता रवि लामिछाने को जेल से बाहर निकाल लिया। रवि लामिछाने के कारण नक्खू जेल में 900 से अधिक कैदी जेल मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गए।

# संक्रमण के वर्षों बाद खसरे की दुर्लभ जटिलता से बच्चे की मौत

एसएसपीई क्या है और यह बच्चों को कैसे प्रभावित करता है

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लॉस एंजिल्स काउंटी में एक बच्चे की एसएसपीई से दुखद मृत्यु हो गई, जो खसरे की एक दुर्लभ और जानलेवा जटिलता है। बच्चे को शिशु अवस्था में ही खसरा हो गया था, टीकाकरण की पात्रता से पहले। एसएसपीई खसरे के वर्षों बाद विकसित होता है, जिससे केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुँचता है। स्वास्थ्य अधिकारी इस बात पर ज़ोर देते हैं कि टीकाकरण की घटती दर एसएसपीई के मामलों को और बढ़ा सकती है। एमएमआर टीका महत्वपूर्ण है, जो व्यक्तियों और समुदायों, विशेष रूप से कमज़ोर शिशुओं की रक्षा करता है। लॉस एंजिल्स काउंटी से एक हृदयविदारक कहानी सामने आई है: एक स्कूली बच्चे की खसरे की एक दुर्लभ जटिलता, जिसे सबएक्यूट स्क्लेरोज़िंग पैनएनसेफलाइटिस (एसएसपीई) कहा जाता है, से मृत्यु हो गई। बच्चे को शिशु अवस्था में ही खसरा हो गया था, इससे पहले कि वह एमएमआर (खसरा, कण्ठमाला, रूबेला) का टीका लगवाने लायक बड़ा होता। यह मामला एक गंभीर चेतावनी है कि खसरा केवल एक "हानिरहित बचपन की बीमारी" नहीं है। दुर्लभ मामलों में, वायरस शरीर में चुपचाप रह सकता है और वर्षों बाद घातक जटिलताएँ पैदा कर सकता है। माता-पिता को एसएसपीई, बच्चों में खसरे के जोखिम और टीकाकरण के महत्व के बारे में ये बातें जाननी चाहिए:

## एसएसपीई क्या है?

सबएक्यूट स्क्लेरोज़िंग पैनएनसेफलाइटिस (एसएसपीई) एक प्रगतिशील मस्तिष्क विकार है जो खसरे के संक्रमण के कारण होता है जो कभी पूरी तरह से ठीक नहीं होता। बच्चे के खसरे से ठीक होने के बाद भी, वायरस मस्तिष्क में छिपा रह सकता है और वर्षों बाद फिर से उभर सकता है। ऐसा होने पर, यह धीरे-धीरे केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को नष्ट कर देता है। एसएसपीई के अधिकांश मामले मूल खसरे के संक्रमण के 6-15 साल बाद विकसित होते हैं, लेकिन कभी-कभी यह पहले भी दिखाई दे सकता है। हालाँकि एसएसपीई अत्यंत दुर्लभ है, लेकिन जिन बच्चों को 1 वर्ष की आयु से पहले खसरा हुआ था, उनमें इसका जोखिम काफी अधिक होता है, यह वह अवस्था है जब वे टीकाकरण के लिए बहुत छोटे होते हैं। स्वास्थ्य अधिकारी इस बात पर ज़ोर देते हैं कि यही कारण है कि समुदाय में खसरे का टीकाकरण महत्वपूर्ण है। उच्च टीकाकरण कवरेज सबसे कमजोर लोगों की रक्षा करने में मदद करता है: वे शिशु जिन्हें अभी एमएमआर का टीका नहीं लग सकता है।

## एसएसपीई बच्चों को कैसे प्रभावित करता है

*एक बार एसएसपीई विकसित हो जाने पर, यह विनाशकारी और लगभग हमेशा घातक होता है। यह रोग विभिन्न चरणों से गुजरता है: प्रारंभिक चेतावनी संकेत: सूक्ष्म परिवर्तन जैसे चिड़चिड़ापन, मनोदशा में उतार-चढ़ाव, स्कूल में ध्यान केंद्रित करने में परेशानी, या हल्की स्मृति संबंधी समस्याएं।*

- **तंत्रिका संबंधी गिरावट :** दौरे, झटकेदार गतिविधियां (जिन्हें मायोक्लोनिक झटके कहा जाता है), दृष्टि संबंधी समस्याएं और बोलने में कठिनाई। मोटर कौशल भी कम होने लगते हैं।



- **गंभीर प्रगति :** मांसपेशियों में अकड़न, निगलने में कठिनाई और दौरे का बिगड़ना। अंततः, वायरस मस्तिष्क के उन क्षेत्रों को नुकसान पहुँचाता है जो श्वास, रक्तचाप और हृदय क्रिया को नियंत्रित करते हैं। एसएसपीई से पीड़ित अधिकांश बच्चे लक्षण प्रकट होने के बाद केवल 1-3 वर्ष ही जीवित रहते हैं। दुर्लभ मामलों में, उपचार रोग को थोड़ा धीमा कर सकता है, लेकिन परिणाम लगभग हमेशा दुखद होता है।

## यह मामला क्यों महत्वपूर्ण है

- लॉस एंजिल्स के बच्चे की मृत्यु अमेरिका में खसरे के संक्रमण के दीर्घकालिक खतरों को रेखांकित करती है। हालाँकि खसरे को अक्सर "केवल दाने और बुखार" मानकर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है, लेकिन यह निमोनिया, एन्सेफलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन) और एसएसपीई जैसी जानलेवा जटिलताओं का कारण बन सकता है।
- टीकाकरण दरों में गिरावट के कारण अमेरिका के कुछ हिस्सों में खसरे के मामलों में फिर से वृद्धि के साथ, स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि आने वाले वर्षों में हमें एसएसपीई के और भी मामले देखने को मिल सकते हैं। खसरे का हर प्रकोप उन शिशुओं के लिए जोखिम बढ़ाता है जो टीकाकरण के लिए बहुत छोटे होते हैं और इसलिए पूरी तरह से सामुदायिक प्रतिरक्षा पर निर्भर होते हैं।

## बच्चों की सुरक्षा: टीकाकरण की भूमिका

- खसरे और एसएसपीई सहित इसकी जटिलताओं से सबसे अच्छा बचाव एमएमआर टीका है। सीडीसी अनुशंसा करता है: टीकाकरण न केवल व्यक्तिगत बच्चों की रक्षा करता है, बल्कि सामुदायिक प्रसार को भी रोकता है, जिससे शिशुओं और प्रतिरक्षाविहीन लोगों की सुरक्षा होती है।
- एसएसपीई दुर्लभ है, लेकिन जब यह हमला करता है, तो घातक होता है। माता-पिता और देखभाल करने वालों को यह समझना चाहिए: खसरा कोई मामूली बीमारी नहीं है, यह एक गंभीर वायरस है जिसके आजीवन जोखिम होते हैं। एमएमआर टीका लगवाने से न केवल आपके बच्चे की, बल्कि पूरे समुदाय की सुरक्षा होती है।

# तांबा, पीतल या मिट्टी, किस बर्तन का पानी पीना सही ?




**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सभी को दिन में कई बार पानी पीने की जरूरत होती है। शरीर को डिटॉक्स करने, तरोताजा रखने , प्यास बुझाने , सेहतमंद बनाए रखने के लिए पानी बहुत ही जरूरी है,। ऐसे में पानी को किस बर्तन में रखा जाए कि उसकी तासीर नुकसान दायक नहीं हो , इसके लिए आयुर्वेद , यूनानी , एलोपैथी में कई तरह के सुझाव दिये जाते हैं। का भी उस पर बड़ा असर होता है। वैसे तो प्रचलन व उपलब्धता की सुविधा के आधार पर लोग स्टील, कांच या प्लास्टिक के गिलास उपयोग करते हैं, लेकिन पहले लोग हर धातु या पदार्थ के बर्तन व सेहत के बीच के रिश्ते को समझते थे। आजकल तांबे की बोतल में पानी पीने का पैटर्न है। ऐसे में यह जानना ज़रूरी है कि तांबा, पीतल या मिट्टी , किस बर्तन में पानी पीना चाहिए और इसका स्वास्थ पर क्या असर होता है। आज की आधुनिक लाइफस्टाइल में तांबा, पीतल या मिट्टी के बर्तन में पानी पीने को ट्रेंड या फिर दिखावा माना जाता है, लेकिन असल में सही बर्तन से पानी पीने से शरीर से विषाक्त पदार्थों यानी टॉक्सिन को बाहर निकालने से लेकर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तक कई फायदे मिल सकते हैं। इससे शरीर का संतुलन बना रहता है और सेहत भी प्राकृतिक रूप से बेहतर होती है।चलिए देखते हैं किस बर्तन में पानी पीने के क्या फायदे हैं-

**तांबा :** आयुर्वेद में तांबे को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। रात भर तांबे के बर्तन में रखे पानी को ताम्रजल के नाम से जाना जाता है। इसमें जीवाणुरोधी गुण होते हैं, जो प्राकृतिक रूप से बैक्टीरिया को मारते हैं। इस पानी को पीने से शरीर से विषैले तत्व यानी टॉक्सिन बाहर निकल जाते हैं, क्योंकि यह बर्तन प्राकृतिक रूप से पानी का पीएच लेवल बढ़ाता है। इसके अलावा यह पानी नियमित रूप से पीने से पाचन में सुधार होता है, मोटापा कम करने में मदद मिलती है और त्वचा में भी निखार आता है। तांबे के बर्तन में पानी लंबे समय तक ठंडा रहता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाने में बहुत उपयोगी है। इस बर्तन में 24 घंटे पानी रखने से इसमें मौजूद ई-कोलाई जैसे हानिकारक बैक्टीरिया मर जाते हैं, लेकिन इस बर्तन को रोजा साफ करना बहुत जरूरी है, नहीं तो इसमें मौजूद बैक्टीरिया हानिकारक हो सकते हैं।

**मिट्टी के घड़े-सुराही :** गर्मियों में पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने का सबसे आसान और सुरक्षित तरीका मिट्टी के घड़े व सुराही हैं। यह घड़ा व सुराही न केवल पानी को ठंडा करता है, बल्कि उसमें प्राकृतिक खनिज मिलाकर पानी के पोषण मूल्य को भी बढ़ाते हैं, जिससे पानी प्राकृतिक रूप से क्षारीय हो जाता है। मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म खनिज शरीर को आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करते हैं, जिससे निर्जलीकरण की समस्या कम होती है। इस पानी को पीने से शरीर को प्राकृतिक रूप से नमी मिलती है और यह गर्मी से बचाता है।

**कांसे के बर्तन :** पुरातन काल से ही कांसे को औषधीय गुणों वाली धातु माना जाता रहा है। कांसे के बर्तन का पानी पीने से पाचन क्रिया बेहतर होती है और शरीर से विषाक्त पदार्थ यानी टॉक्सिन कम होते हैं। साथ ही कांसे में मौजूद सूक्ष्म तत्व त्वचा को चमकदार बनाते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, यह पानी शरीर को संतुलित रखने में मदद करता है।

**पानी कैसे पीना चाहिए :** सुबह उठकर खाली पेट पानी पीना स्वास्थ के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

जब आप रात को सोते हैं, तो आपके आंतरिक अंगों की डिटॉक्स प्रक्रिया लगातार काम कर रही होती है। इसलिए सुबह पानी पीने से शरीर से विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। इससे पाचन तंत्र हल्का होता है और शरीर हाइड्रेटेड भी रहता है। हो सके तो रात को सोते समय तांबे के बर्तन में पानी लेकर उसमें नमक डालकर (कौन सा नमक यह अपने स्वास्थ्य व बीमारी के अनुसार वैद्य से पूछकर)अलग रख दें। सुबह उठते ही इस पानी को पीने के कई फायदे हैं। इससे मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है और त्वचा सुंदर दिखती है। वैसे तो आप सुबह गर्म पानी में नींबू निचोड़कर भी पी सकते हैं। यह भी बहुत लाभदायक है।

# कांगो में हुआ दर्दनाक हादसा, नाव पलटने से 86 लोगों की गई जान

### मरने वालों में अधिकांश छात्र थे



**एजेंसी । किन्शासा**

कांगों में उस वक्त दर्दनाक हादसा हुआ जब एक नाव पलट गई। इस हादसे में 86 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में अधिकतर छात्र थे। कांगो के उत्तर पश्चिमी इक्वेटर प्रांत में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक मोटरचालित नाव के पलटने से कम से कम 86 लोगों की मौत हो गई है।

सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को इस हादसे के बारे में जानकारी दी है। सरकारी समाचार एजेंसी ने खबर दी है कि यह हादसा बसानकुसू क्षेत्र में हुआ,जिन लोगों की मौत हुई है उनमें अधिकतर छात्र थे। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना का कारण क्या था। हालांकि सरकारी मीडिया ने इसके लिए 'नाव में क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने और रात में नौवहन' को जिम्मेदार ठहराया है।

**हादसे का कारण स्पष्ट नहीं, पर आशंका...**

- नाव में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे।
- रात में नौवहन को भी जिम्मेदार ठहराया गया।

## दक्षिण सूडान में बाढ़ के कारण एक लाख से अधिक लोग विस्थापित: संयुक्त राष्ट्र

**जुबा (आईएएनएस)** । संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि दक्षिण सूडान में आई बाढ़ से निपटने के लिए मदद का दायरा बढ़ाया जाए। एजेंसी के मुताबिक बाढ़ के कारण एक लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने चेतावनी दी है कि अगर बाढ़ जारी रही, तो साल के अंत तक लगभग 4,00,000 लोग विस्थापित हो सकते हैं, जो 2024 में देखे गए स्तर से कहीं ज्यादा होगा। दक्षिण सूडान में यूएनएचसीआर की प्रतिनिधि मैरी-हेलेन वर्ने ने एक बयान में कहा, "अतिरिक्त धन के बिना, बाढ़ से पहले से ही तबाह लोगों को आश्रय, सुरक्षा और स्वच्छ पानी प्रदान करना एक चुनौती से कम नहीं होगा। एजेंसी ने कहा कि दक्षिण सूडान भीषण बाढ़ के एक नए चक्र में फंस गया है।



# अमेरिका से लौटे दक्षिण कोरियाई कामगार, परिवार से मिले

**सोल (आईएएनएस)**

पिछले सप्ताह अमेरिकी आव्रजन छापे में कई दिनों तक हिरासत में रहने के बाद शुक्रवार को अधिकांश कोरियाई कामगारों ने खुशी मनाई। कुछ अपने परिजनों से लंबे समय बाद मिल फूट-फूट कर रो पड़े। इंचियोन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद एक मजदूर ने चिल्लाकर कहा, "मैं वापस आ गया हूं! ये मेरे लिए आजादी के समान है! यह मजदूर उन 316 दक्षिण कोरियाई और 14 विदेशियों में शामिल था जो पिछले दिन नजरबंदी से रिहा होने के बाद जॉर्जिया से एक चार्टर्ड विमान से सोल पहुंचे थे। ब्रायन काउंटी में हुंडई मोटर ग्रुप और एलजी एनर्जी सॉल्यूशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित एक इलेक्ट्रिक कार बैटरी प्लांट निर्माण स्थल पर पिछले गुरुवार को हुई छापेमारी में मजदूरों को हिरासत में लिया गया था। साउथ कोरिया ने इनकी घर वापसी का प्रबंध किया। एक हफ्ते से चल रहे अभियान के बाद यह मजदूर वापस लौट पाए। मजदूरों के अराइवल हॉल में दाखिल होते ही तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल भावुक हो उठा।








# प्रभुदेवा का नया चैलेंज!

## सोनी लिव पर 'सेथुराजन आईपीएस' में पुलिस अफसर बनकर सुलझाएंगे मर्डर मिस्ट्री



**प्रभुदेवा का डेब्यू :** ओटीटी पर पहली बार गंभीर पुलिस अफसर की भूमिका।

कहानी फिल्म जगत की

**प्रभुदेवा की छवि :** अब तक डांस और हल्की-फुल्की भूमिकाओं के लिए मशहूर अब गंभीर रोल।

भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव द्वारा हाल ही में सीरीज़ की पहली झलक जारी करने के बाद इस चर्चा की पुष्टि हुई, जिसमें शुवू बॉलीवुड सितारों प्रभु देवा और रवीना टंडन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दो मिनट तीस सेकंड के इस वीडियो ने पहले ही प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। प्रसिद्ध अभिनेता, कोरियोग्राफर और निर्देशक प्रभुदेवा सोनी लिव की आगामी तमिल मूल श्रृंखला 'सेथुराजन आईपीएस' में अपनी पहली भूमिका के साथ स्ट्रीमिंग की दुनिया में कदम रख रहे हैं। 'रथसाची' जैसी हिट फिल्मों के लिए मशहूर रफीक इस्माइल द्वारा निर्देशित यह सीरीज़ एक मनोरंजक राजनीतिक अपराध थ्रिलर है। अपने गतिशील नृत्य और हल्की-फुल्की फ़िल्मी भूमिकाओं के लिए मशहूर प्रभुदेवा एक ज़्यादा गंभीर किरदार में ढलते हैं- एक पुलिस अधिकारी जो ग्रामीण तमिलनाडु में एक राजनीतिक रूप से आरोपित हत्या की जाँच के दलदल में डूबा हुआ है।प्रभुदेवा काधलन , लव बर्ड्स , मिनसारा कनवु और कथला कथला फिल्मों में अपने डांस और कुछ किरदारों के लिए मशहूर हैं।

## केंद्रीय कोयला व खान मंत्री ने सीसीएल के मगध संघमित्रा क्षेत्र का किया दौरा, कहा

# कोयला मंत्रालय का उद्देश्य देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है

**नवीन मेल संवाददाता**



● मंत्री श्री रेड्डी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की हुई शिष्टाचार मुलाकात



**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शुक्रवार को खेलगांव स्थित जेएसएसपीएस का दौरा किया। अवसर विशेष पर श्री रेड्डी ने जेएसएसपीएस के बच्चों एवं उनके प्रशिक्षकों से संवाद किया और वहाँ उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियो को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात मंत्री ने हाल ही में स्थापित फिजियोथेरेपी सेंटर का अवलोकन कर वहां की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने सितंबर माह में जन्मदिन मनाने वाले 16 बच्चों के साथ केक काटा, उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं और उपहार भेंट किए।

उन्होंने सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और राज्य का नाम रोशन करें। ज्ञात हो कि जेएसएसपीएस S में बच्चों को हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, तैराकी, बॉक्सिंग, कुश्ती, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और तीरंदाजी जैसे 11 खेलों की आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। जेएसएसपीएस, सीसीएल और झारखंड सरकार की संयुक्त पहल है। जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों के नाम 15 अंतर्राष्ट्रीय पदक, 262 राष्ट्रीय पदक और 1352 राज्य पदक जीतने का एक प्रभावशाली रिकॉर्ड है।

इसके बाद मंत्री ने रांची में मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया। जहां उन्होंने सीसीएल के नवनिर्मित एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र का उल्लेख करते हुए खदानों में अत्याधुनिक तकनीक और आधुनिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार और कोल इंडिया द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। वार्ता के दौरान ही मंत्री ने कहा कि कोयला मंत्रालय का उद्देश्य आर्थिक लाभ अर्जित करना नहीं है।

मंत्रालय का उद्देश्य, देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देना है। इसके बाद मंत्री श्री रेड्डी ने भारतीय खान ब्यूरो के नवनिर्मित क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके पश्चात माननीय मंत्री ने चतरा स्थित सीसीएल के मगध संघमित्रा क्षेत्र का दौरा किया।

इसके पश्चात मंत्री श्री रेड्डी की रांची में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अति महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। जिसमें कोयला, नए खदानों से जुड़े मुद्दे पर सार्थक बातचीत हुई। इसके अलावा श्रमिक उत्थान से जुड़े कई अन्य महत्पूर्ण मुद्दों पर भी सकारात्मक वार्ता हुई।

## पृष्ठ एक के शेष

**मुख्यमंत्री दिवाली मेला में किए गए...**

दिवाली मेले के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने जेसोवा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों कार्यक्रमों और गतिविधियों की भी जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करने वालों में जेसोवा की अध्यक्ष प्रीति कुमारी, सचिव मनु झा, कोषाध्यक्ष शिवानी सिंह, कार्यकारिणी समिति सदस्य रंजना कुमार एवं ज्योति मंजू शामिल थीं।

**झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी...**

सीपी राधाकृष्णन ने जगदीप धनखड़ की जगह ली है। धनखड़ ने 21 जुलाई 2025 को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक से उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उपराष्ट्रपति चुने जाने से पहले राधाकृष्णन महाराष्ट्र के राज्यपाल के पद पर कार्यरत थे। उससे पहले वे झारखंड के राज्यपाल थे। राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के खिलाफ 452 प्रथम वरीयता वोट हासिल किया था, वहीं सुदर्शन रेड्डी 300 वोट मिले थे। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एनडीए के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ विपक्ष के नेताओं को भी निमंत्रण भेजे गए थे। शुक्रवार को कार्यक्रम में पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू और हामिद अंसारी नजर आए। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य मौजूद रहे। एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में शामिल थे। ज्ञात हो कि उपराष्ट्रपति का कार्यकाल 5 साल का होता है। भारत के उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति भी होते हैं। तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे सीपी राधाकृष्णन आरएसएस के स्वयंसेवक के तौर पर सार्वजनिक जीवन में आए और वर्ष 1974 में जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने। वर्ष 1996 में उन्हें भाजपा का राज्य सचिव बनाया गया और दो साल बाद, वर्ष 1998 में वे पहली बार कोयंबटूर से लोकसभा पहुंचे। वर्ष 1999 में वे दोबारा सांसद बने। वर्ष 2004 से 2007 तक उन्होंने भाजपा तमिलनाडु इकाई की अध्यक्षता की।

**केंद्र-राज्य के सहयोग से ही कोल माइंस...**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी की उपस्थिति में अधिकारियों के बीच हुई बैठक में खनिजों पर मिलने वाली रॉयल्टी, विस्थापितों का पुनर्वास, नौकरी और मुआवजा, खनन क्षेत्र और आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों को रोजगार, खनन कार्य पूरा हो चुके जमीन की वापसी, खदानों में अवैध खनन की वजह से हो रहे हादसों पर नियंत्रण को लेकर सुरक्षा मानकों के पालन, कोयला परियोजनाओं के ऑपरेशनल करने में आ रही अड़चनों का समाधान तथा डीएमएफटी और सीएसआर फंड के इस्तेमाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, केंद्रीय खनन मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी संजय लोहिया, केंद्रीय कोयला मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेटरी सनोज कुमार झा, राज्य सरकार में राजस्व विभाग के सचिव चंद्रशेखर, खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव अरवा राजकमल, निदेशक खान एवं भूतत्व राहुल सिन्हा, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल, हिंदुस्तान कॉपर के सीएमडी संजीव कुमार सिंह, केंद्रीय कोयला मंत्री के पीएस पंकज जैन समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

**कोयला खदान कर्मियों का होगा एक करोड़ का...**

पहली बार कोल माइंस में काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानजनक पहचान देने के लिए यूनिफॉर्म ड्रेस कोड लागू किया जा रहा है। सभी कर्मियों को कोल इंडिया की ओर से यूनिफॉर्म उपलब्ध कराए जाएंगे। भारत में माइनिंग सेक्टर की तरक्की और बेहतरी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से उठाए गए कदमों को ऐतिहासिक बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहली बार देश का कोयला उत्पादन एक बिलियन टन के पार पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में झारखंड का अहम योगदान है। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष में कोयला आयात पर लगभग 60 हजार करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार घरेलू स्तर पर कोयला उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ क्रिटिकल मिनरल्स पर भी जोर दे रही है। इसके लिए नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन की शुरुआत की गई है, जिस पर करीब 32 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस मिशन का उद्देश्य देश में क्रिटिकल मिनरल्स का खनन बढ़ाना और विदेशों से आयात पर निर्भरता घटाना है। भारत ने अर्जेंटीना और जांबिया जैसे देशों में लिथियम और अन्य खनिजों के लिए समझौते किए हैं। कोयला एवं खनन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की विकसित भारत की परिकल्पना के तहत ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

**स्थानीय लोगों को मिलेंगे रोजगार के अवसर...**

देश में 143 ऐसे कोयला खदान हैं, जिनका क्लोजर अभी तक नहीं हुआ है। इन खदानों के पानी का उपयोग और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए माइंस क्लोजर की प्रक्रिया शुरू की गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि माइंस क्लोजर के साथ-साथ खदान के पानी का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और संबंधित प्रांत को लाभ होगा। अब तक नौ खदान का क्लोजर हुआ है। अगले दो-तीन वर्षों में सभी 143 खदान को बंद कर दिए जाएंगे।

**एक करोड़ से अधिक की अवैध...**

इस संबंध में सिमडेगा थाना कांड संख्या 103/25, दिनांक 12.09.25, भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4)/338/336(3) तथा आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 47(ए)/52/55 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार चालक को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। फरार सहचालक सहित अन्य लोगों की तलाश जारी है। प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं अन्य उपस्थित थे।

**रांची के खेलगांव में स्कूल...**

छात्रा के सिर पर चढ़ गया और इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छात्रा के पिता का नाम श्याम है और वह लालपुर के डिस्टलरी बाजार में मछली बेचने का कार्य करते हैं। इधर, हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और हंगामा करने लगे। खेलगांव थाना प्रभारी ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क से जाम हटवाया। इस दौरान कई वाहन जाम में फंसे रहे। खेलगांव ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार के अनुसार, स्कूटी सवार एक लड़की की सड़क हादसे में मौत हुई है। इसके बाद लोगों ने अक्रोशित होकर सड़क जाम कर दिया और हंगामा करने लगे।


## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
### (CIN No. U40108JH2013SGC001702)
### Electric Supply Area, Medininagar

**Very short e-TENDER NOTICE**

e-tender in two parts (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

| Sl. No. | NIT No. | Name of work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest money to be deposited (In Rs.) | Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 197/PR/ JBVNL /25-26 | Roof treatment and allied civil works of ESA, Medininagar Office Building under Electric Supply Area, Medininagar | 389100 | 7800.00 | 750.00+135.00 (GST 18%) = 885.00 | 03 Month |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | 15.09.2025 3:00 PM to 24.09.2025 at 2:00 PM |
| Last date and time for bid submission/uploading | 24.09.2025 at 2:00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 25.09.2025 at 2:30 PM |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | GM cum CE, Electric Supply Area, Medininagar |

Any query towards this tender can also be had from the office of the undersigned during office hours or may contact on Mob No. 8809507127

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Bidder shall deposit online tender fee as mentioned above for Cost of BOQ and EMD as per rules of e-tendering portal (**jharkhandtenders.gov.in**).
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतोंको टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-cum-Chief Engineer
ESA, Medininagar

PR 361781 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D

## कार्यालय:– जिला अभियंता, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना**

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 15/2025-26

कार्य का नामः– (15th FC Health Sector)

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत लाधूप ग्राम हेसला में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 01/2025-26 /ZP/LATEHAR |

1. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 15.09.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–23.09.2025, 5.00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–25.09.2025 अपराहन 02:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– **6205276661**
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य नहीं है।
11. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
12. उक्त निविदा में BCD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 361771 (Rural Development)25-26*D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या :– 01/R3/2024-25/EE/RWD/LATEHAR    दिनांक : 11.09.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR 4/2024-25 | महुआडांड | ओरसापाठ से कुकुदपाठ तक पथ निर्माण। | 412.373 | चार करोड़ बारह लाख सैंतीस हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 18 माह | चतुर्थ |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.09.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.09.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.09.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR.NO.361729 Rural Development(25-26):D

## पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा (झारखण्ड)

**आम सूचना**

जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा के सत्र 2026–27 में पार्श्व प्रवेश परीक्षा कक्षा– IX & XI- 2026 में रिक्त स्थानों में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है।

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि हैः–23/09/2025 तक।

सिलेक्सन टेस्ट की तिथि :–07/02/2026 (शनिवार)

अधिक जानकारी समिति के बेवसाइट www.navodaya.gov.in

अथवा प्राचार्य ज.न.वि. से प्राप्त किया जा सकता है ।

प्राचार्य
ज0न0वि0, चतरा

PR 361710 School Education and Literacy (25-26)_D

## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**अतिअल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना सं0 – 10/2025–26**

नगर पंचायत मझिऑव अंतर्गत क्रियान्वित योजना– PMAY(U), SBM, NULM एवं अन्य कार्यालय कार्य के तहत विभिन्न सामग्रियों का समय समय पर आवश्यकतानुसार कार्य/क्रय किया जाता है, जिसके लिए दर आमंत्रण सूचना आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/आपूर्तिकर्त्ता/कोटेशनदाता निम्नलिखित तिथि एवं समय में भाग ले सकते हैं–

कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.09.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक।

कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.09.2025 को अपराह्न 02:30 बजे से।

कार्य/ सामग्री की विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य/सामग्री की विवरणी | मात्रा | कोटेशनदाता के द्वारा अंकित दर (सभी कर सहित) |
|---|---|---|---|
| 01 | Flax (without installation) | Per Sq. ft. | |
| 02 | Flax (with installation) | Per Sq. ft. | |
| 03 | Flax with Frame (without installation) | Per Sq. ft. | |
| 04 | Flax with frame (with installation) | Per Sq. ft. | |
| 05 | Wall painting with paint | Per Sq. ft. | |
| 06 | HP Laser Jet pro MFP M126a Printer Cartridge | Per Pcs. | |
| 07 | HP Laser Jet pro MFP M126a Printer Cartridge Refilling | Per Pcs. | |
| 08 | HP Laser Jet 1020/1005 Printer Cartridge | Per Pcs. | |
| 09 | HP Laser Jet 1020/1005 Printer Cartridge Refilling | Per Pcs. | |
| 10 | A4 Size Paper | Per Peti | |
| 11 | Fancy Register 01 Q. | Per Pcs. | |
| 12 | Fancy Register 02 Q. | Per Pcs. | |
| 13 | Fancy Register 03 Q. | Per Pcs. | |
| 14 | Fancy Register 04 Q. | Per Pcs. | |
| 15 | सीक झाड़ू | Per Pcs. | |
| 16 | फुल झाड़ू | Per Pcs. | |
| 17 | तगाड़ी (प्लास्टिक) | Per Pcs. | |
| 18 | कुदाल | Per Pcs. | |

इच्छुक व्यक्ति/आपूर्तिकर्त्ता/कोटेशनदाता निर्धारित अवधि में अपना कोटेशन/ दर नगर पंचायत मझिऑव के कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगा। कोटेशन / निविदा से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 361697 Urban Development(25-26)#D

## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

**–: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य में दूध, माँस एवं अण्डा के उत्पादन में वृद्धि लाना, ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन के माध्यम से स्वरोजगार सृजन करना एवं ग्रामीण पशुपालकों की आय में वृद्धि करने हेतु कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश सं0 19रा0(वि0)दिनांक–10.09.2025 द्वारा **''मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना''** की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजना से संबंधित योग्य एवं इच्छुक पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है। योजना की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य 90% अनुदान पर | भौतिक लक्ष्य 75% अनुदान पर | भौतिक लक्ष्य कुल | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) 90% अनुदान | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) 75% अनुदान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरा विकास योजना (8+2) | **49,600/-** | 239 | 395 | **634** | **44,640/-** | **37,200/-** |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | **57,800/-** | 62 | 100 | **162** | **52,020/-** | **43,350/-** |
| 3 | 400 बैक्यार्ड कुक्कुट (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) | **1,18,200/-** | 61 | 104 | **165** | **1,06,300/-** | **88,650/-** |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा) | **67,500/-** | 110 | 185 | **295** | **60,750/-** | **50,625/-** |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण योजना (15 दिनों का 30 बत्तख चूजा) | **3,400/-** | 496 | 863 | **1359** | **3,060/-** | **2,550/-** |

**लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता एवं शर्तेः–**

- लाभुकों के चयन की प्रक्रिया में लाभुकों का चयन/अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ प्रखण्ड स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। प्रखण्ड स्तरीय समिति में निम्न सदस्य होंगे :–
  - (i) प्रखण्ड प्रमुख – अध्यक्ष।
  - (ii) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी – उपाध्यक्ष।
  - (iii) प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी – संयोजक सदस्य।
  - (iv) प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी – सदस्य।
  - (v) स्थानीय विधायक या उनके प्रतिनिधि – सदस्य।
  - (vi) संबंधित जिला परिषद सदस्य – सदस्य।
- योजनान्तर्गत पशु/पक्षी के निवास के लिए **शेड, आवास** आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत की जाएगी।
- योजना से संबंधित आवेदन पत्र में स्थानीय और जाति/दिव्यांगता/विधवा/50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दम्पत्ति से संबंधित प्रमाण–पत्र/घोषणा–पत्र देना अनिवार्य है। संबंधित मुखिया/पंचायत समिति सदस्य/जिला परिषद् सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा। स्थानीयता के लिए वोटर आई०डी०/आधार कार्ड आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।
- योजनान्तर्गत पशु–पक्षी का क्रय का प्रावधान निम्नवत है :–
  - (i) विभाग द्वारा आयोजित पशु मेला/शिविर (कैम्प) में सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं से।
  - (ii) अन्य जिला एवं राज्य से (झारखण्ड में सूची बद्ध होने के उपरांत मान्य होगा)
- विगत पाँच वर्शो में जिन परिवारों (JSFSS/ NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- बत्तख चूजा वितरण की योजना से लाभान्वित लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत अन्य योजनॉए (यथा–बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड कुक्कुट/लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन इकाई की योजना) के लिये योग्य माना जायेगा। जबकि बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड कुक्कुट/लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन इकाई की योजना में से किसी भी योजना का लाभ मिलने पर लाभुक अन्य योजनाओं के लिये योग्य नहीं होंगे।
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोंपरान्त दिया जाएगा।
- लक्ष्य से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची संबंधित कार्यालय द्वारा तैयार किया जायेगा। प्रतीक्षा सूची के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष अथवा आगामी वित्तीय वर्ष में भी लाभुकों को लाभान्वित कराया जा सकेगा।
- इस योजना के तहत 90% अनुदान के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति/असहाय विधवा औरतों/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम–से–कम 50 वर्ष को देय होगा एवं 75% अनुदान पर अन्य सभी वर्ग के लाभुकों को देय होगा।
- गाँव का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा। बकरा एवं सूकर विकास योजनान्तर्गत 10–20 ईकाईयों के कलस्टर एवं अण्डा उत्पादन/ब्रायलर उत्पादन के लाभुकों का चयन 5–5 इकाईयों में किया जायेगा।
- योजनान्तर्गत पशु/पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत् की जाएगी।
- योजनान्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- योजनान्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/ Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/ Dedicated Bank Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाता में हस्तांतरित किया जायेगा। तदपश्चात् लाभुकों को पशुओं के क्रय/प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account/ Dedicated Bank Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन/पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एकमुस्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
- इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

नोट :– **अधिक जानकारी जिला पशुपालन कार्यालय/संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/ संबंधित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय से प्राप्त किया जा सकता है।**

निवेदकः–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू।

PR 361720 (District) 25-26 (D)



# सात्विक-चिराग ने हांगकांग ओपन के सेफा में बनाई जगह

## क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की जोड़ी को दी मात

**एजेंसी । हांगकांग**

हांगकांग ओपन 2025 में भारत की मौजूदा सर्वश्रेष्ठ पुरुष बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सेमीफाइनल में अपनी जगह को पक्का कर लिया है। सात्विक-चिराग की जोड़ी का मेंस डबल्स के क्वार्टर फाइनल में मुकाबला मलेशिया की जुनैदी आरिफ और रॉय किंग यप की जोड़ी से था, जिसमें तीन सेटों तक चले इस मैच को भारतीय जोड़ी ने 2-1 से अपने नाम किया और सेमीफाइनल में जगह पक्की की जहां पर अब उनका मुकाबला चाइनीज ताइपे की जोड़ी से होगा।

### तीनों सेट में दिखी करीबी भिड़ंत

सात्विक-चिराग की जोड़ी को हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल मैच में मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ काफी टक्कर मिली जिसमें पहले सेट को उन्होंने 21-14 से अपने नाम करने के साथ मुकाबले में 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरे सेट में मलेशिया जोड़ी ने शानदार वापसी करने के साथ उसे 20-22 से जीता और इस मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। तीसरे और निर्णायक सेट में सात्विक और चिराग की जोड़ी ने एकतरफा अंदाज में खेल दिखाते हुए उसे 21-16 से अपने नाम किया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब भारतीय जोड़ी का सेमीफाइनल में सामना चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई की चाइनीज ताइपे की जोड़ी से होगा।

# त्राब्जोंसपोर में शामिल हुए मैनचेस्टर यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना

**मैनचेस्टर (आईएएनएस)**

मैनचेस्टर यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना 2025/26 सीजन के लिए तुर्की के फुटबॉल क्लब त्राब्जोंसपोर में लोन पर शामिल हो गए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय क्लीयरेंस और रजिस्ट्रेशन पर निर्भर है। यह डील शुक्रवार को तुर्की की ट्रांसफर विंडो बंद होने से पहले पूरी कर ली गई। त्राब्जोंसपोर ने प्रेस रिलीज में कहा, "मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ समझौता हो गया, जिसके तहत पेशेवर फुटबॉलर आंद्रे ओनाना का 2025-26 सीजन के लिए फ्री टेंपरेरी ट्रांसफर हमारे क्लब में किया गया है। कैमरून के 29 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने जुलाई 2023 में इटली के दिग्गज क्लब इंटर से जुड़ने के बाद रेड्स की ओर से 102 मैच खेले हैं। ओनाना ने मैनचेस्टर में अपने पहले सीजन के दौरान सिर्फ एक मैच को छोड़कर शेष सभी मुकाबलों में हिस्सा लिया। उन्होंने वेम्बली में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ फाइनल में शानदार टीम प्रदर्शन के दम पर एफए कप जीतकर सीजन का अंत किया। 2024/25 सीजन में भी वह पहली पसंद के गोलकीपर बने रहे। ओनाना प्रीमियर लीग के 'सेव ऑफ द मंथ' अवॉर्ड को तीन बार जीतने वाले पहले गोलकीपर बने। ओनाना ने अपने दूसरे सीजन में 50 मैच खेले, जिसके बाद त्राब्जोंसपोर के साथ जुड़ने के लिए राजी हो गए। उन्होंने इस सीजन में अब तक यूनाइटेड के लिए सिर्फ एक मैच खेला है। हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण ओनाना प्री-सीजन के दौरान टीम के साथ नहीं खेल पाए थे। उन्होंने सीजन के अपने पहले मैच में एक गलती की।




## रोहित शर्मा ने पोस्ट किया वीडियो...

# वनडे रिटायरमेंट की चर्चा के बीच कर दिया सब साफ



**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय टीम अभी एशिया कप 2025 में खेलने में व्यस्त है जो इस बार टी20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है। वहीं टीम इंडिया के फैंस को अक्टूबर महीने में होने वाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के शुरू होने का इंतजार काफी बेसब्री से है। इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण वनडे कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली है जिन्होंने अपना पिछला इंटरनेशनल मुकाबला इस साल की शुरुआत में हुई चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था। वहीं पिछले काफी समय से रोहित शर्मा के वनडे फॉर्मेट से भी रिटायरमेंट लेने की चर्चा काफी तेज देखने को मिल रही थी, जिसे अब खुद रोहित ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट करने के साथ खत्म कर दिया।

**रोहित ने अपनी प्रैक्टिस का वीडियो किया पोस्ट :** टीम इंडिया को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाना है जहां तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी, इसको लेकर अभी से रोहित शर्मा ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें उन्होंने नेट्स पर बल्लेबाजी की प्रैक्टिस करते हुए अपना वीडियो पोस्ट किया है। रोहित ने इस वीडियो को पोस्ट करने के साथ कैप्शन में लिखा कि मैं फिर से यहां हूं, यह सच में काफी अच्छा लग रहा है।



महिला एशिया कप गोंगशु 2025 के मौके पर भारतीय महिला हॉकी टीम ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन से मुलाकात की। देश के समर्थन के साथ, टीम गौरव हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है!

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# मीनाक्षी ने भारत के लिए चौथा पदक पक्का किया

**लिवरपूल ।** विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की रजत पदक विजेता मीनाक्षी ने शुक्रवार को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 48 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड की एलिस पम्फ्रे को हराकर भारत के लिए चौथा पदक सुनिश्चित किया। हरियाणा के रोहतक की 24 वर्षीय मुक्केबाज ने अपनी लंबी पहुच का इस्तेमाल करते हुए पहले ही राउंड से पम्फ्रे पर दबदबा बनाया और 5:0 के अंतर से जीत हासिल की। वह नुपुर (महिला 80+ किग्रा), जैस्मीन लेम्बोरिया (महिला 57 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) जैसी मुक्केबाजो के साथ प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गईं और पोडियम पर अपनी जगह पक्की कर ली।

पुरुषों के 50 किग्रा वर्ग में जदुमणि सिंह मंदेंगबाम को क्वार्टर फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार के एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे को हराना था। अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप में खेल रहे 21 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने अपने अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को कड़ी टक्कर दी। इसके बावजूद उन्हें 0.4 से हार का सामना करना पड़ा।

# राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना यादगार रहा : मीराबाई चानू

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहीं मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर लगभग 1 साल बाद दमदार वापसी की है। इसे चानू ने अपने करियर का यादगार पल बताया है। आईएएनएस से बातचीत करते हुए मीराबाई चानू ने कहा, "यह यादगार था क्योंकि इस प्रतियोगिता में इस वर्ग में मैंने पहली बार भारत के लिए पदक जीता। मैं बहुत खुश हूं। चैंपियनशिप में पदक जीते हुए मुझे काफी समय हो गया था। 48 किग्रा वर्ग में बदलाव के बाद यह मेरी पहली प्रतियोगिता थी। मीराबाई ने स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 109 किग्रा सहित कुल 193 किग्रा भार उठाकर पहला स्थान हासिल किया था। नए भार वर्ग में फिट होने के लिए एक किग्रा और वजन कम करने का फैसला उनके लिए फायदेमंद साबित हुआ और उन्होंने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया।

उनका अगला लक्ष्य नॉर्वे के फोर्डे में 1 से 10 अक्टूबर तक होने वाली विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक जीतना है।

# एशिया कप : दमदार जीत के साथ अभियान की शुरुआत करना चाहेगी पाकिस्तानी टीम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पाकिस्तान एशिया कप 2025 में शुक्रवार से अपने अभियान की शुरुआत करेगा। यह टीम अपने पहले मुकाबले में ओमान को चुनौती देगी। टी20 इतिहास में पहली बार दोनों टीमें एक-दूसरे का सामना करने जा रही हैं। ग्रुप-ए का यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। इस मुकाबले में पाकिस्तानी टीम का पलड़ा ज्यादा भारी नजर आ रहा है, लेकिन ओमान बड़ा उलटफेर करने की कोशिश करेगा।

सलमान आगा की कप्तानी में पाकिस्तानी टीम को सईम अयूब और साहिबजादा फरहान से बल्लेबाजी में खासा उम्मीदें होंगी। वहीं, मोहम्मद नवाज टीम की गेंदबाजी को मजबूती दे सकते हैं। दूसरी ओर, ओमान को बल्लेबाजी में जतिंदर सिंह और आमिर कलीम से उम्मीदें होंगी। गेंदबाजी का जिम्मा शकील अहमद और समय श्रीवास्तव के पास होगा। दुबई की पिच पर थोड़ी घास है। यहां 10 सितंबर को भारत-यूएई के बीच मुकाबला खेला गया था, जिसमें स्पिनर्स और मध्यम तेज गति के गेंदबाजों को मदद मिली थी। अत्यधिक गर्मी के साथ टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी चुन सकती है। पाकिस्तान और ओमान के बीच यह मुकाबला भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा।

**ओमान की ताकत :** जतिंदर सिंह और आमिर कलीम से बल्लेबाजी की उम्मीदें।

**ऐतिहासिक भिड़ंत :** टी20 इतिहास में पहली बार दोनों टीमें आमने-सामने।

टॉस आधा घंटा पहले यानी शाम 7.30 बजे होगा। मैच का लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर उपलब्ध होगा, जबकि लाइव स्ट्रीमिंग सोनी लिव एप पर देखी जा सकती है। पाकिस्तान की टीमः साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार अहमद, मोहम्मद वसीम जूनियर, हसन अली, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, सलमान मिर्जा और सुफियान मुकीम।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारतीय शेयर बाजार लगातार आठवें दिन तेजी के साथ बंद सेंसेक्स 355 अंक उछला

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लगातार आंठवें दिन तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 355.97 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,904.70 और निफ्टी 108.50 अंक या 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,114 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 183.65 अंक या 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,227.20 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 114.70 अंक या 0.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,989.90 पर था। बाजार को ऊपर खींचने का काम डिफेंस, मेटल और फाइनेंस शेयरों ने किया। निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स (4.38 प्रतिशत), निफ्टी मेटल (0.93 प्रतिशत), निफ्टी ऑटो (0.46 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंस सर्विस (0.70 प्रतिशत), निफ्टी फार्मा (0.53 प्रतिशत), निफ्टी प्राइवेट बैंक (0.41 प्रतिशत) और निफ्टी कमोडिटीज (0.41 प्रतिशत) की तेजी के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू (0.27 प्रतिशत), निफ्टी एफएमसीजी (0.71 प्रतिशत), निफ्टी मीडिया (0.39 प्रतिशत) और निफ्टी कंजप्शन (0.29 प्रतिशत) की कमजोरी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में बीईएल, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे। इटरलन (जोमैटो), एचयूएल, ट्रेंट, टाइटन, भारती एयरटेस, एशियन पेंट्स , आईटीसी, एमएंडएम, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई टॉप लूजर्स थे।



## इंफोसिस 18,000 करोड़ रुपए का बायबैक लाएगी

# 1800 रुपए के भाव में 10 करोड़ शेयर वापस खरीदेगी कंपनी, बोर्ड मीटिंग में हुआ फैसला

**एजेंसी । मुंबई**

आईटी सेक्टर की कंपनी इंफोसिस जल्द ही 18,000 करोड़ रुपए का बायबैक यानी शेयरों को वापस खरीदना शुरू करेगी। बोर्ड की 11 सितंबर की बैठक में कंपनी ने ये फैसला लिया है। ये इंफोसिस के इतिहास का सबसे बड़ा बायबैक होगा। कंपनी 1800 रुपए प्रति शेयर के भाव से करीब 10 करोड़ शेयर खरीदेगी। ये इंफोसिस के कुल शेयर कैपिटल का 2.4% हिस्सा कवर करेगा। 2022 के बाद से यह कंपनी का पहला और 1993 में लिस्टिंग के बाद से पांचवा शेयर बायबैक होगा। इंफोसिस ने कुछ समय पहले ऐलान किया था कि वो अपने शेयरों का बायबैक करने पर विचार कर रही है। अब ये बायबैक तीन साल बाद पहली बार हो रहा है। बायबैक का मतलब है कि कंपनी अपने ही शेयरों को मार्केट से वापस खरीदेगी, जिससे मार्केट में शेयरों की संख्या कम होगी और शेयर की वैल्यू बढ़ सकती है। खबरों के मुताबिक, इंफोसिस इस बायबैक के लिए करीब 18,000 करोड़ रुपए खर्च कर सकती है। कंपनी के पास इस समय 45,200 करोड़ रुपए का कैश और कैश इक्विवेलेंट है, जो इस बायबैक को आसानी से फंड कर सकता है। बायबैक कंपनी की कुल शेयर कैपिटल का 2.4% हिस्सा कवर कर रहा है। आसान भाषा में, शेयर बायबैक तब होता है जब कोई कंपनी अपने ही शेयरों को निवेशकों से वापस खरीदती है। ऐसा करने के कई फायदे हैं।




- **कम शेयर, ज्यादा वैल्यू:** शेयरों की संख्या कम होने से हर शेयर की कमाई (ईपीएस) बढ़ती है, जिससे शेयर की कीमत ऊपर जा सकती है।
- **कैश का इस्तेमाल:** अगर कंपनी के पास जरूरत से ज्यादा कैश है, तो वो उसे बायबैक में लगाकर निवेशकों को फायदा देती है।
- **कॉन्फिडेंस का संदेश:** बायबैक से कंपनी ये दिखाती है कि उसे अपने भविष्य पर भरोसा है और उसे लगता है कि उसके शेयर अंडरवैल्यूड हैं।

# अमेरिकी टैरिफ वृद्धि के बीच ईईपीसी इंडिया ने किफायती एक्सपोर्ट फाइनेंस की मांग की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** ईईपीसी इंडिया ने केंद्र सरकार से ब्याज समानीकरण योजना (आईईएस) को बहाल करने, किफायती एक्सपोर्ट फाइनेंस सुनिश्चित करने और भारत से इंजीनियरिंग निर्यात पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के एक हिस्से को वहन करने के लिए सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा के साथ एक बैठक में, ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष पंकज चड्ढा ने हाल ही में अमेरिकी टैरिफ के मद्देनजर इंजीनियरिंग क्षेत्र की कमजोरियों पर प्रकाश डाला और निर्यातकों के लिए उधारी लागत कम करने में सहायता की मांग रखी। चड्ढा ने कहा, "अमेरिका को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात औसतन लगभग 20 अरब अमेरिकी डॉलर का है।

# एसआईपी निवेश बीते नौ वर्षों में आठ गुना बढ़कर 28,265 करोड़ रुपए हुआः रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) भारतीयों के लिए बीते कुछ वर्षों में एक लोकप्रिय निवेश साधन बनकर उभरा है। इस कारण एसआईपी निवेश में बीते नौ वर्षों में आठ गुना की बढ़ोतरी हुई है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में शुक्रवार को दी गई। व्हाइटओक कैपिटल म्युचूअल फंड की रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2016 में कुल एसआईपी इनफ्लो 3,497 करोड़ रुपए था, जो कि अगस्त 2025 में बढ़कर 28,265 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि यह लगातार बढ़ोतरी एसआईपी और अनुशासित निवेश में बढ़ते लोगों के विश्वास को दिखाती है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 1996 से लेकर अगस्त 2025 के बीच एसआईपी ने अधिकतम 55.6 प्रतिशत और न्यूनतम -24.6 प्रतिशत का रिटर्न जनरेट किया है।

# एपीडा के पटना कार्यालय की स्थापना बिहार की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए एक नए युग का सूत्रपात करेगी

**नई दिल्ली (आईएएनएस**




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के पटना कार्यालय की स्थापना बिहार की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए एक नए युग का सूत्रपात करती है। इससे किसानों, उत्पादकों और निर्यातकों को पंजीकरण, परामर्श सेवाएं, मार्केट इंटेलिजेंस, सर्टिफिकेशन में सहायता, निर्यात प्रक्रियाओं में सुगमता, बाजार सुगमता, इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अवसरों तक सीधी पहुंच प्राप्त होगी।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बीते गुरुवार को बिहार को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात के केंद्र में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पटना में आयोजित बिहार आइडिया फेस्टिवल में एपीडा के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। मंत्रालय के अनुसार, अब तक, बिहार के निर्यातक वाराणसी स्थित एपीडा के क्षेत्रीय कार्यालय पर निर्भर थे। नया कार्यालय एफपीओ, एफपीसी और निर्यातकों को सीधी सहायता प्रदान करेगा, जिससे निर्यातकों के सवालों के जवाब में लगने वाला समय कम हो जाएगा। इस अवसर पर अपने संबोधन केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि पटना में एपीडा क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह बिहार के किसानों को वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ इंटीग्रेट करने का एक मिशन है। उन्होंने कहा, "हमारे किसान, उद्यमी और निर्यातक दुनिया को भोजन उपलब्ध कराने की क्षमता रखते हैं। उचित सहयोग से बिहार हाई-वैल्यू, सस्टेनेबल एग्री-एक्सपोर्ट में लीडर बन कर उभरेगा। मंत्रालय के अनुसार, उद्घाटन समारोह को ऐतिहासिक बनाते हुए जीआई-टैग युक्त मिथिला मखाना की 7 मीट्रिक टन की खेप को न्यूजीलैंड, कनाडा और अमेरिका के लिए रवाना किया गया।